राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 157 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीजेपी के वरिष्ठ नेता भारत रत्न से सम्मानित लाल कृष्ण आडवाणी से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# एनडीए ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

● मोदी फिर बनेंगे पीएम, 9 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री व अन्य मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे, राष्ट्रपति द्रौपदी से मिले पीएम मोदी

**फिर मोदी सरकार**

**एनडीए ने राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। 9 जून को मोदी व अन्य मंत्री पद की शपथ लेंगे**


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः लोक**सभा चुनाव 2024 में भाजपा पूर्ण बहुमत से चूक गई। हालांकि, एनडीए ने कुल 293 सीटें हासिल करके 272 सीटों (बहुमत) का आंकड़ा प्राप्त किया है। इसी के साथ पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और एक बार फिर से पीएम पद की शपथ लेने वाले है। इसके पहले एनडीए की एक बैठक बुलाई गई। जिसमें सभी दलों के शीर्ष नेता, सीएम, सांसदों ने भाग लिया। बैठक के बाद पीएम के नाम पर फाइनल मुहर लग गई है। एनडीए ने राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। 9 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री व अन्य मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी 15 वर्ष (तीसरे कार्यकाल) के लिए पीएम बनने जा रहे हैं। आप जब तक पीएम है कोई भी भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता है। संविधान सदन (पुरानी संसद) के सेंट्रल हॉल में एनडीए के संसदीय दल की बैठक शुरू हो चुकी है। एनडीए के सहयोगी दलों के पार्टी प्रमुखों का स्वागत किया जा रहा है। मीटिंग में अमित शाह, जेपी नड्डा, नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, नरेंद्र मोदी उपस्थित हैं। पीएम ने नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत किया और पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम का जिक्र करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। पीएम ने एनडीए को तीसरी बार बहुमत मिलने पर सहयोगियों का धन्यवाद दिया।

पीएम मोदी ने कहा, "एनडीए का यह कार्यकाल तेज फैसलों और विकास का है। अब देश को पांचवीं से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है।" पीएम ने इस दौरान जी-20 समिट का भी जिक्र किया। कहा कि हम चाहते तो एक ही जगह पर कार्यक्रम आयोजति पूरा कर फोटो खिंचवा लेते, लेकिन हमने अलग-अलग राज्यों में 200 जगहों पर यह कार्यक्रम आयोजित किए। विदेशों में लोग अब जाकर भारत की विशालता और विविधता की चर्चा कर रहे हैं।

**न हम हारे थे, न हारे हैं: मोदी**

न हम हारे थे, न हारे हैं; हम विजय को पचाना जानते हैं। कहा कि पहले भी (2014 में) एनडीए था, कल (2019 में) भी एनडीए था और आज (2024 में) भी एनडीए है। 10 साल बाद भी कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा नहीं छू पाई। पीएम ने ईवीएम पर उठाए गए सवालों को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने 4 जून को परिणाम वाले दिन का एक वाकया साझा करते हुए कहा कि ईवीएम जिंदा है या मर गया...। उन्होंने कहा कि शाम होते-होते ईवीएम पर सवाल उठाने वाले विपक्षियों के मुंह पर ताला लग गया। ये लोग ईवीएम के खिलाफ झूठ का षडयंत्र लेकर बैठे थे। मोदी बोले- किसी भी पार्टी का सांसद हो मेरे लिए सभी समान होंगे। कहा कि विकसित भारत के अपने सपने को साकार करके रहेंगे। मोदी ने दक्षिण के राज्यों में एनडीए को मिली बढ़त का जिक्र किया। इस दौरान विशेष रूप से केरल का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां हमारी विचारधारा को लेकर हमारे कार्यकर्ताओं पर जुल्म किया गया। इतना तो जम्मू-कश्मीर में भी नहीं हुआ था। आज पहली बार केरल से हमारा प्रतिनिधि सदन में होगा। इस दौरान उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बड़ी जीत पर भी बयान दिया।





## सहयोगी दलों ने प्रस्ताव किया अनुमोदित

**अपना** दल प्रमुख अनुप्रिया पटेल ने भी पीएम के लिए नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव को समर्थन दिया। लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने भी प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। अपने वक्तव्य में उन्होंने नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों पर धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्यूलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि वे एनडीए के साथ बने रहेंगे। उन्होंने भी प्रस्ताव का समर्थन किया।

**शिंदे ने पढ़ी कविता:** एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने भी पीएम पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम को समर्थन दिया है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने भी पीएम पद के लिए मोदी के नाम का समर्थन किया और कहा कि उनका भाजपा के साथ गठबंधन फेविकोल के जोड़ की तरह मजबूत है, यह टूटने वाला नहीं है। इस दौरान उन्होंने पीएम के लिए 'मैं उस माटी का वृक्ष नहीं...' कविता की कुछ पक्तियां पढ़ीं।

## नीतीश कुमार ने दिया समर्थन

**जदयू** प्रमुख नीतीश कुमार ने भी नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव को समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मोदी 10 साल पीएम रहने के बाद एक बार फिर पीएम बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पूरे समय वे सरकार के साथ बने रहेंगे। इधर उधर कोई करना चाहता है उसका कोई मतलब नहीं है। अगली बार एनडीए फिर एक साथ बिहार में चुनाव लड़ेगा और सभी सीटें जीतेगा।

## मोदी 'सही समय पर सही नेता' हैं देश के : चंद्रबाबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) नेता चंद्रबाबू नायडु ने संसदीय दल के नेता के तौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का गर्मजोशी से अनुमोदन किया। (शुक्रवार) को संसद भवन की पुरानी इमारत के संविधान सदन में अपने अभिभाषण के दौरान चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि जिस दृष्टिकोण और उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन वर्षों में काम किया है उसके मुताबिक वे देश के लिए 'सही समय पर सही नेता' नेता हैं। लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद शुक्रवार को दिल्ली में संसदीय दल की बैठक हुई और इसमें सभी ने नरेन्द्र मोदी के नाम पर मुहर लगाई। इस बीच टीडीपी के नेता चंद्रबाबू नायडु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का अनुमोदन करते हुए उन्हें पूरा समर्थन की बात कही। उन्होंने मोदी सरकार के बीते 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बड़ा दावा किया। चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि देश दुनिया में तीसरी बड़ी इकॉनामी बननेवाला है। चंद्रबाबू नायडु ने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए तीसरी बार बन रही एनडीए के सरकार को देश के लिए बेहतर अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत के विकास के लिए यह बेहतर अवसर है इस तरह का अवसर कभी नहीं मिलेगा।

## एक तरफ लोगों के सपने, तो दूसरी तरफ एनडीए...मैं एनडीए को ही चुनूंगाः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत न मिलने के बावजूद नरेंद्र मोदी के पीएम बनने का रास्ता साफ हो गया है। चुनाव में एनडीए को बहुमत मिला है, जिसके बूते आज मोदी को एक बार फिर संसदीय दल का नेता चुन लिया गया। एनडीए की बैठक में सर्वसम्मति से मोदी को पीएम पद के लिए अपना नेता चुना गया। संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद मोदी ने सैंट्रल हॉल में भाषण भी दिया। मोदी ने अपने एनडीए नेताओं की खूब तारिफ भी की।

**मैं एनडीए को ही चुनूंगा...**

अपने भाषण के दौरान मोदी ने एक खास बात भी कही। मोदी ने कहा कि अगर मैं एक तरफ एनडीए रखूं और दूसरी तरफ भारत के लोगों के सपने और संकल्पों को रखूं तो मैं कहूंगा... एनडीए पीएम ने इसी के साथ एनडीए का मतलब भी बताया।

**एन- न्यू इंडिया**

**डी- डेवलप इंडिया**

**ए- एस्पिरेशनल इंडिया**

पीएम ने कहा कि इन सपनों और संकल्पों को पूरा करना, ये हम सबका संकल्प भी है, कमिटमेंट भी है और इसको लेकर हमारे पास रोडमैप भी है।

**देश को एनडीए पर भरोसाः** पीएम ने आगे कहा कि आज के वातावरण में देश को सिर्फ एनडीए पर ही भरोसा है और जब इतना अटूट विश्वास और भरोसा है तो स्वाभाविक है कि देश की अपेक्षाएं भी बढ़ेंगी और मैं इसे अच्छा मानता हूं। मैंने पहले भी कहा था कि पिछले 10 साल का कार्य तो सिर्फ ट्रेलर है। और ये मेरा कमिटमेंट है, हमें और तेजी से और विश्वास देश की आकांक्षाओं को पूरा करने में रत्तीभर भी विलंब नहीं करना है।

**आदर्श विचार**



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

## विपक्षी गठबंधन ने कोई काम नहीं किया: नीतीश कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में शुक्रवार को नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी जेडीयू की ओर से प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी का समर्थन किया। साथ ही विपक्षी इंडिया गठबंधन पर हमलावर भी दिखाई दिए। नीतीश कुमार ने कहा कि नरेन्द्र मोदी 10 साल से प्रधानमंत्री हैं और आगे भी बनने जा रहे है। पिछली दो सरकारों में बचे हुए कार्य वे इस काल में पूरा कर देंगे। जदयू सब दिन इनके साथ है और वे जो कहेंगे, हम करेंगे। नीतीश ने कहा कि अगली बार विपक्षी गठबंधन फिर हारेगा। यह गठबंधन बिना मतलब की बातें कर रहा हैं। इन्होंने कोई काम नहीं किया है। विपक्षी गठबंधन ने देश की कोई सेवा नहीं की है। मोदी ने देश की सेवा की है। फिर मौका मिला है। आगे विपक्ष के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

## जब तक मोदी पीएम बने रहेंगे, देश नहीं झुकेगाः पवन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने रहेंगे, तब तक देश किसी के सामने नहीं झुकेगा। पवन कल्याण ने शुक्रवार को संसद में एनडीए के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "मोदी जी आप वास्तव में देश को प्रेरित करते हैं, जब तक आप इस देश के प्रधानमंत्री हैं, हमारा देश कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा।" वहीं, तेलुगु देशम पार्टी



(टीडीपी) के सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के लिए "सही समय पर सही नेता" हैं, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को टीडीपी के समर्थन की

**प्रेरणास्त्रोत**

**मोदी जी आप वास्तव में देश को प्रेरित करते हैं, आप इस देश के पीएम हैं, देश कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा**

पुष्टि की। नायडू ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा और उनके सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के विजन को रेखांकित किया। उन्होंने आग्रह किया कि भारत के लिए यह अच्छा अवसर कभी न चूकें। नायडू ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कई पहल की हैं। नरेंद्र मोदी के पास एक विजन और जोश है, उनका क्रियान्वयन बहुत बढ़िया है। वे अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना से क्रियान्वित कर रहे हैं। आज भारत के पास सही समय पर सही नेता है और वह नरेंद्र मोदी हैं। यह भारत के लिए बहुत अच्छा अवसर है, अगर आप इसे अभी चूक गए तो हम हमेशा के लिए चूक जाएंगे। यहीं पर हमें एक शानदार अवसर मिल रहा है।"

## रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति का अनुमान 4.50 फीसदी पर रखा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मानसून सामान्य रहने के अनुमान को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति (महंगाई) के अनुमान को 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.40 फीसदी के अनुमान से कम है। हालांकि, आरबीआई ने इसके साथ ही खाद्य कीमतों के परिदृश्य पर करीबी नजर रखने की जरूरत पर बल दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद फैसलों की जानकारी दी। दास ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है।

**मौद्रिक नीति**

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है**

उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने की संभावना है। शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर लगातार दबाव की वजह से आम आदमी को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

## कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में धांधली का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके। नीट का परिणाम गत चार जून को घोषित किया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। आज (शुक्रवार) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स





पर प्रतिक्रिया देने के साथ ही कहा कि उनकी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे

**मांग**

**उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए: जयराम**

प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले। मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा , "पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गया है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेक अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फंसना- उनके भविष्य से खिलवाड़ है।"

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, "पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके परिणाम में भी भ्रष्टाचार हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें झकझोरने वाली हैं।"

## एनडीए की बैठक में जयंत चौधरी को नहीं मिला मंच

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** चुनाव खत्म होने के बाद अठारहवीं लोकसभा के गठन को लेकर शुक्रवार को एनडीए की बैठक दिल्ली में बुलाई गई, जिसमें भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया। बैठक में यूपी में भाजपा के सहयोगी दल रहे रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी भी पहुंचे। इस पर समाजवादी पार्टी ने जयंत पर तंज कसा और भाजपा को झूठा करार दिया। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल ने एक ट्वीट में कहा, रालोद के मुखिया जयंत चौधरी को मंच पर स्थान तक नहीं दिया गया, जबकि उनकी 2 सीटें हैं। वहीं 1-1 सीट वाले दलों के नेताओं को मंच पर साथ में बिठाया गया। भाजपा की जाट समाज से नफरत और स्व. चौधरी चरण सिंह जी एवं चौधरी अजीत सिंह के प्रति नाटकीय झूठे सम्मान का भंडाफोड़ हो गया है। जयंत चौधरी जी अगर सच में किसान हितैषी हैं तो उन्हें एनडीए से दूरी बनानी चाहिए।

## अरुणाचल में खांडू सरकार को समर्थन देगी एनपीपी

**टीम एक्शन इंडिया**


**ईटानगरः** अरुणाचल प्रदेश में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) खांडू सरकार को समर्थन देगी। मेघालय के मुख्यमंत्री कानरेड संगमा के नेतृत्व वाली एनपीपी ने विधानसभा चुनाव में 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। एनपीपी के प्रदेशाध्यक्ष थांगबांग वांगम ने कहा कि पार्टी ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में लोगों के जनादेश को स्वीकार किया है और हम खांडू सरकार को समर्थन देंगे। लोंगडिंग-पुमाओ सीट से जीत दर्ज करने वाले वांगम ने कहा कि पार्टी का राज्य, क्षेत्र और देश के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है।

**फिर गगन में..** सुनीता विलियम्स ने साल 2007 और साल 2012 में भी अंतरिक्ष की यात्रा की थी, यह उनकी तीसरी यात्रा है

## स्पेस स्टेशन पहुंचते ही खुशी से झूम उठीं सुनीता विलियम्स

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सोशल मीडिया पर डांस के वीडियो आना आम बात है। लेकिन हम आपको एक महिला के अंतरिक्ष में डांस करने के बारे में बताते हैं। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें स्पेस स्टेशन पर डांस करते देखा जा सकता है। महिला की उम्र 59 साल बताई जा रही है। सुनीता विलियम्स ने साल 2007 और साल 2012 में भी अंतरिक्ष की यात्रा की थी। यह उनकी तीसरी यात्रा है। सुनीता विलियम्स और मिस्टर विलमोर स्टारलाइनर



उड़ाने वाले पहले दल हैं। फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च करने के लगभग 26 घंटे बाद उन्होंने बोइंग अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक आईएसएस तक

**अंतरिक्ष में डांस**

**सुनीता विलियम्स और मिस्टर विलमोर स्टारलाइनर उड़ाने वाले पहले दल हैं**

पहुंचा दिया। बता दें कि मामूली हीलियम लीक जैसी तकनीकी गड़बड़ियों के कारण डॉकिंग में लगभग एक घंटे की देरी हुई।

**स्पेस स्टेशन पर मनाया जश्नः** स्पेस स्टेशन पहुंचकर उन्होंने इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने थोड़ा डांस किया और आईएसएस पर सवार सात अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाया। सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में लगभग एक हफ्ता बिताएंगी सुनीत विलियम्स विभिन्न परीक्षणों में सहायता करेंगे और कई एक्सपेरिमेंट भी करेंगी। स्टारलाइनर से लौटते वक्त उनका समुद्र में नहीं बल्कि जमीन पर लैंड होने का कार्यक्रम है। सुनीता विलियम्स ने उड़ान भरने से पहले अपना अनुभव भी शेयर किया था। उन्होंने कहा, वह थोड़ी घबराई हुई थी। उन्होंने बताया, जब मैं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंची, तो लग रहा था की घर वापस जाया जाए।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 08 जून 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# एनएचआरसी ने 'फर्जी मुठभेड़' मामले में भेजा नोटिस

**रिपोर्ट तलब**

**घटनास्थल का साइट प्लान, मुठभेड़ के दौरान पुलिसकर्मियों और मृतक की स्थिति और पोस्टमार्टम तथा जांच रिपोर्ट मांगी है**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस के लिए कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 16 मई की रात को 'फर्जी मुठभेड़' में मारे गए 24 वर्षीय अजय नामक व्यक्ति की मौत के मामले में स्पेशल सेल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और दस्तावेज के साथ विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

**दिल्ली पुलिस को छह सप्ताह दिया गया समय**

दिल्ली पुलिस को छह सप्ताह के अंदर आयोग को दस्तावेज सौंपने को कहा गया है। आयोग ने पुलिस उपायुक्त (बाहरी-उत्तरी) और जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर-पश्चिम) को भी नोटिस जारी किया है, जो मामले की अपनी-अपनी जांच कर रहे हैं। यह मामला तब विवादास्पद हो गई, जब आरोप लगाया गया कि अजय को राजस्थान के माउंट आबू से स्पेशल सेल की 'काउंटर इन्वेस्टिगेशन यूनिट' (सीआईयू) के पुलिसकर्मियों ने मुठभेड़ में मार गिराने से तीन दिन पहले अगवा किया था।

**स्पेशल सेल का दावा आत्मरक्षा में चलाई गोली** : उसके बाद उसे उत्तर-पश्चिम दिल्ली में एक सुनसान जगह पर लाया गया। वहां उसे पहले शराब पिलाई गई और फिर उसे गोली मार दी गई। हालांकि स्पेशल सेल के अधिकारी ने इस तरह के आरोपों से इनकार किया है और दावा किया है कि मुठभेड़ वास्तविक थी और उन्होंने आत्मरक्षा में गोली चलाई थी। एनएचआरसी ने मांगें ये सभी दस्तावेजः सूत्रों ने बताया कि आयोग ने मुठभेड़ से पहले और बाद में पुलिसकर्मियों के आने-जाने के समय की सामान्य डायरी प्रविष्टि जैसे विवरण मांगे हैं। उन्होंने मुठभेड़ में कथित रूप से घायल हुए कर्मियों का चिकित्सा-कानूनी प्रमाण पत्र भी मांगा है। वाहनों का जीपीएस डाटा भी मांगा है। एक अधिकारी ने बताया कि एनएचआरसी ने घटनास्थल का साइट प्लान, मुठभेड़ के दौरान पुलिसकर्मियों और मृतक की स्थिति और पोस्टमार्टम तथा जांच रिपोर्ट मांगी है।

## हैदराबाद साइबर क्राइम टीम को चकमा देकर भागा आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हैदराबाद साइबर क्राइम टीम की हिरासत से ऑनलाइन उगाही करने वाला एक आरोपी फरार हो गया। आरोपी की पहचान वंश कुमार जांगिड़ के रूप में हुई है। साइबर टीम ने वंश कुमार को उसके साथी संदीप कुमार के साथ गुरुग्राम और अलवर राजस्थान से गिरफ्तार किया था। घटना के समय पुलिस टीम दोनों को हैदराबाद ले जाने के लिए हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन में बैठने के दौरान आरोपी चकमा देकर फरार हो गया। क्राइम टीम के निरीक्षक की शिकायत पर हजरत निजामुद्दीन रेलवे थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। हैदराबाद में ऑनलाइन उगाही करने का एक मामला दर्ज है। हैदराबाद साइबर क्राइम टीम के निरीक्षक मधुसूदन राव के नेतृत्व में टीम ने मामले की छानबीन की। गुरुग्राम में आरोपियों का ठिकाने का पता लगने पर पुलिस की टीम हैदराबाद से गुरुग्राम पहुंचकर छापेमारी की। यहां से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान लक्ष्मण विहार गुरुग्राम हरियाणा निवासी संदीप कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने संदीप के निशानदेही पर अलवर राजस्थान निवासी उसके सहयोगी वंश कुमार जांगिड़ को गिरफ्तार कर लिया। साइबर क्राइम टीम ने दोनों आरोपियों को राजस्थान की अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को पांच दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लिया। दोनों आरोपियों को हैदराबाद ले जाने के लिए निरीक्षक मधुसूदन राव और सिपाही संपत कुमार ने हजरत निजामुद्दीन से सिकंदराबाद जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में टिकट बुक करवाया। 2 जून को पुलिस टीम आरोपियों को लेकर हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंची। शाम साढ़े सात बजे ट्रेन पांच नंबर प्लेटफार्म पर पहुंची। निरीक्षक के मुताबिक बी 2 कोच में सवार होने के दौरान आरोपी वंश कुमार चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस टीम ने अपने स्तर पर आरोपी की तलाश शुरू की। काफी तलाश करने पर आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला।

## टीएमसी नेता अणुब्रत मंडल की बेटी की जमानत याचिका पर तीन महीने के अंदर करे फैसला

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि वो तीन महीने के अंदर करोड़ों रुपये की पशु तस्करी मामले के आरोपित तृणमूल कांग्रेस नेता अणुब्रत मंडल की बेटी सुकन्या मंडल की जमानत याचिका पर फैसला करे।

जस्टिस अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। सुकन्या मंडल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 5 जुलाई 2023 को ईडी को नोटिस जारी किया था। उसके बाद ये याचिका हाई कोर्ट में लंबित है। सुकन्या मंडल ने ट्रायल कोर्ट की ओर से जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **नामालूम,** परिवार व पता **नामालूम,** जो **दिनांक 06.06.2024 को पोल नं. 9, प्लेटफार्म नं. 7, ट्रेन नं. 04003, कोच नं. एस6, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली** में मृत अवस्था पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी संख्या **05ए** दिनांक **06.06.2024** को **थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृत शरीर को पहचान के लिए एलएचएमसी मुर्दाघर में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंग:** पुरुष, **आयु:** लगभग 40 वर्ष, **कद:** 5' 6" फीट, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** लाल रंग की फुल बाजू की टी–शर्ट व ग्रे रंग का लोअर पहने हुए था।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:–

थाना प्रभारी
थाना: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011–23744073
मोबाइल: 8750871305

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/7014/Rly/2024


## यूनिटेक के एमडी संजय चन्द्रा और अजय चन्द्रा को जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने निवेशकों के करोड़ों रुपये के गड़बड़झाले में फंसे यूनिटेक के एमडी संजय चन्द्रा और अजय चन्द्रा को जमानत दे दी है। एडिशनल सेशंस जज धीरज मोर ने जमानत देते हुए कहा कि ट्रायल के पहले आरोपितों को जेल में रखने से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। कोर्ट ने कहा कि दोनों आरोपित लंबे समय से हिरासत में हैं। इस मामले में ट्रायल अभी शुरू भी नहीं हुआ है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अधिकतम सजा सात सालों की है एवं आरोपितों ने हिरासत में अच्छा समय गुजारा है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले के सह-आरोपितों प्रीति चंद्रा और राजेश मलिक को जमानत मिल चुकी है। प्रीति चंद्रा और राजेश मलिक ने करीब डेढ़ साल हिरासत में गुजारा है। सुनवाई के दौरान आरोपितों की ओर से पेश वकील अर्शदीप सिंह और विशाल गोसाईं ने कहा कि इस मामले के ट्रायल में लंबा समय लगेगा क्योंकि इसमें 71 आरोपित हैं और 121 गवाह हैं।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04240069 | सर्वो पाइड़ एक्स एल प्लस 15 डब्लू 40 ग्रेड सी 14+ | 21037 लीटर | 28-06-24 |
| 02 | 04230049B | एयर कंप्रेसर आयल "सर्वो प्रेस–100 आर आर" | 9731 लीटर | 01-07-24 |
| 03 | 07235163A | बोगी बोल्स्टर फॉर आल कोइल स्प्रिंग | 30 नग | 02-07-24 |
| 04 | 15245102 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड प्रोविंग ऑफ डायमेंशन चेकिंग मशीन | 01 नग | 02-07-24 |
| 05 | 09242371 | अपर हाउसिंग असेंबली | 429 नग | 08-07-24 |
| 06 | 09243070 | फिनिशिंग वार्निश | 2735 कि0ग्रा0 | 24-07-24 |
| 07 | 09242199 | स्लैक एडजस्टर | 1659 नग | 25-07-24 |
| 08 | 07241067A | एक्सल बॉक्स हाउसिंग (फिनिश मशीनड) | 1767 नग | 30-08-24 |
| 09 | 09242407 | पुल रोड | 1634 नग | 02-09-24 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस स. 22/2024–2025 दिनांक 07.06.2024 1710/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | |
|---|---|
| एन.आई.टी. | 04-A-2024-25-डब्ल्यू-5 |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एम/टीकेडी के अनुभाग में डीजल शेड, तुगलकाबाद में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता 100 केएलडी और दो वर्षा जल संचयन संयंत्र क्षमता 20 सीयूएम की स्थापना का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति:** सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और/या एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की आपूर्ति, डिजाइन, निर्माण और कमीशनिंग का कार्य। |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹1,28,24,270.32 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (नोट: रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/ सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा)। ₹2,14,100/- |
| काम की समाप्ति अवधि | 06 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 02.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा 02.07.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

सं: 128-W/280/OET/2024-25/W-V/NIT-04-A-2024-25 दिनांक: 07.06.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1707/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **1. संदीप उर्फ माचो** पुत्र विजय निवासी मकान नं. 11001, गली पीपल वाली, मोतिया खान, सदर बाजार, दिल्ली **2. गौतम उर्फ कालू** पुत्र बिट्टू निवासी मकान नं. 10989, गली पीपल वाली, मोतिया खान, सदर बाजार, दिल्ली ने ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 000505/ 2022 धारा 379/34 भा.द.स. अधिनियम, थाना सदर बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. संदीप उर्फ माचो 2. गौतम उर्फ कालू** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. संदीप उर्फ माचो 2. गौतम उर्फ कालू** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 000505/2022 धारा 379/34 भा.द.स. अधिनियम, थाना सदर बाजार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **1. संदीप उर्फ माचो 2. गौतम उर्फ कालू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **10.07.2024** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: श्री गौरव गोयल
एल.डी. मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (मध्य जिला)
कमरा नं. 247, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7002/N/2024


## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा, 21 जून को देश भर आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। इसको लेकर शुक्रवार को सूचना और प्रसारण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों की समीक्षा शुरू कर दी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने शुक्रवार को 21 जून को मनाए जाने वाले आगामी योग कार्यक्रमों की मीडिया और आउटरीच गतिविधियों की समीक्षा की। आयुष मंत्रालय ने जानकारी दी कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयां योग अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता के साथ-साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो, प्रसार भारती, न्यू मीडिया विंग और अन्य सहित विभिन्न मीडिया इकाइयों द्वारा प्रमुख गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इसके तहत लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन (डीडी) एवं ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। दूरदर्शन सुबह के विशेष लाइव शो प्रसारित करने के साथ-साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम एवं साक्षात्कार प्रसारित करेगा। आकाशवाणी आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन 'मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान' के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय ने एक 'योग गीत' तैयार किया है, जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा किया जाएगा।

योग के प्रचार प्रसार में मददगार मीडिया संस्थानों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सम्मानित करेगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान की शुरूआत दो साल पहले की थी। इस साल भी निजी मीडिया संस्थानों को प्रोत्साहित करने की पहल जारी रखते हुए यह पुरस्कार दिए जाएंगे। सूचना और फैलाने में प्रिंट, टीवी और रेडियो में मीडिया हाउस एवं कंपनियों के योगदान को मान्यता देने के लिए नौ जून 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान की स्थापना की थी।

## दस साल की कैद की सजा को निलंबित करने से हाई कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को ट्रायल कोर्ट से मिली दस साल की कैद की सजा को निलंबित करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** अज्ञात, **पुत्र:** अज्ञात, **पता:** अज्ञात, **उम्र:** लगभग 40 साल, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 4 इंच, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** आस्मानी रंग की टी–शर्ट, हरे रंग की हॉफ पैन्ट पहने हुए है दिनांक 30.05.2024 को समय 09.32 बजे शाम को केएम पुर रेड लाइट फलाईओवर के नीचे, रिंग रोड, डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली थाना अन्तर्गत डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No. 26A, dated 30.05.2024** थाना डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली
फोन: 011-26253402, 8750870827

DP/6726/SD/2024 (UIDB)



## गुमशुदा की तलाश



पूजा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला नाम **पूजा पत्नी रामलखन निवासी के नंबर 596, गांव अलीपुर, दिल्ली।** उक्त महिला दिनांक **1/05/2024** से अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी नं 34ए दिनांक 10/05/2024** पुलिस थाना अलीपुर दिल्ली दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार है: **नाम:** पूजा, **लिंग:** महिला, **उम्र:** 30 वर्ष, **कद:** 5'2", **रंग:** सांवला, **शरीर:** मध्यम, **चेहरा:** अंडाकार, **पहनावा:** सफ़ेद रंग का सूट और सलवार और पैरों में चप्पल। यदि किसी के पास इस लापता महिला के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया प्रभारी /अलीपुर, दिल्ली को सूचित करें।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639

थाना प्रभारी
अलीपुर
Tel.No. 7065036325, 7988613532

DP/6972/ON/2024



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा**

**निविदा संख्या 01–गति शक्ति–अम्बाला–2024–25 दिनांक 06.06.2024**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गति शक्ति/उ.रे./अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडरिंग द्वारा इच्छुक ठेकेदारों से कोटेशन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो कार्य के सामने दी गई तिथि को समय 15:00 बजे तक खुली रहेंगी तथा इसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | अग्रिम राशि | कार्य समाप्ति समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंबाला, भटिंडा, नंगल डेम, चंडीगढ़ और कालका रेलवे स्टेशन पर वाशिंग लाइनों के लिए 0.2 एमएलडी क्षमता के जल रिसाइक्लिंग संयंत्र का प्रावधान। | 8,22,62,484/- | 5,61,400/- | 21 महीने | 03.07.2024 |
| 2. | आरओएच डिपो/खानआलमपुरा में मौजूदा सिकलाइन शेड के विस्तार और ऊंचाई को बढ़ाकर वैगन रखरखाव बुनियादी ढांचे में सुधार | 5,45,80,954/- | 4,23,000/- | 09 महीने | 03.07.2024 |

नोट :– 1. इच्छुक ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास– III) डिजिटल सर्टिफिकेट द्वारा लॉगऑन करना होगा। 2. अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. इच्छुक ठेकेदार को शर्तो के अनुसार योग्यता डॉक्यूमेंट, PAN/TIN/GST इत्यादि की स्कैनिंग कॉपी ही IRERS वेबसाइट में अपलोड करनी होगी। 4. विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 1701/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## Change of Name

**It** is for general information that I, Kuldeep Sharma S/o Kundan Lal Sharma R/o House No-451-L, Model Town, Panipat, Haryana-132103, declare that name of my father and my mother has been wrongly written as Kundan Lal and Koushalaya Devi respectively in my Passport : U7445040. The actual name of my father and my mother are Kundan Lal Sharma and Koushalayawanti Sharma respectively, which may be amended accordingly.

## Change of Name

**It** is for general information that I, Anoop Kumar S/o Ashok Kumar, R/o Moh Nai Mandi, Narnaul, PO- Narnaul, Dist- Mahendragarh, Haryana- 123001, declare that name of mine has been wrongly written as Anoop Garg in my minor son Vaibhav Garg aged 16 years in his 10th Class School Certificate Cum Marksheet. The actual name of mine is Anoop Kumar, which may be amended accordingly.

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आप ने हरियाणा पर लगाया साजिश का आरोप

## सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के बावजूद दिल्ली की पानी सप्लाई कम की जा रही: आतिशी

**गंभीर आरोप**

**जल मंत्री आतिशी ने कहा कि हरियाणा दिल्ली के खिलाफ साजिश कर रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली को पानी देने के मामले में दिल्ली सरकार ने हरियाणा पर साजिश करने का आरोप लगाया है। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि हरियाणा दिल्ली के खिलाफ साजिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के बावजूद दिल्ली की पानी सप्लाई कम की जा रही है। बीते तीन दिनों से हरियाणा दिल्ली के लिए लगातार कम पानी छोड़ रहा है। सुबह 11 बजे मैं वजीराबाद बैराज का दौरा करूंगी और हरियाणा की साजिश को बेनकाब करूंगी। राजधानी के अनेक इलाकों में गत दिनों की तरह लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। खासकर नई दिल्ली इलाके में स्लम बस्तियों और पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में लोग पानी के लिए भटकते रहे। इन इलाकों में पानी के टैंकर पहुंचते ही लोग पानी भरने के लिए उन पर टूट पड़े। इस कारण टैंकर कुछ ही पल में खाली हो गए। टैंकरों से पानी भरने के दौरान लोगों में बहस भी हुई।

**सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल को 137 क्यूसेक पानी यमुना में छोड़ने का आदेश:** गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में पेयजल की गंभीर कमी फिलहाल सबसे बड़ा संकट है। इस पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने हिमाचल प्रदेश को 7 जून को दिल्ली के लिए 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही, हरियाणा से कहा कि वह दिल्ली तक पानी का सुगम प्रवाह सुनिश्चित करे। इसमें कोई बाधा नहीं होनी चाहिए।

बता दें कि एक क्यूसेक प्रति सेकंड 28.317 लीटर जल प्रवाह के बराबर होता है। जस्टिस प्रशांतकुमार मिश्रा व जस्टिस केवी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने कहा, चूंकि हिमाचल को उपलब्ध अतिरिक्त पानी छोड़ने में कोई आपत्ति नहीं है, हम निर्देश देते हैं कि वह 137 क्यूसेक पानी ऊपर से छोड़े, ताकि पानी हथिनीकुंड बैराज पहुंचे और वजीराबाद के रास्ते दिल्ली को मिले।

पीठ ने तत्काल आवश्यकता का ध्यान रखते हुए हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह हरियाणा को पूर्व सूचना के साथ सात जून से ही पानी छोड़े। ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) हथिनीकुंड में आने वाले अतिरिक्त पानी को मापेगा, ताकि इसे दिल्लीवासियों को पीने के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

### 'दिल्ली सरकार सुनिश्चित करे, पानी की बर्बादी न हो'

**पीठ** ने दिल्ली सरकार को पानी की बर्बादी न होने देने का निर्देश दिया। पीठ ने दिल्ली सरकार, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश सहित प्रतिवादी को सोमवार तक अनुपालन हलफनामा व स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा है। अगली सुनवाई 10 जून को होगी। पीठ ने इससे पहले 5 जून को बोर्ड को सभी हितधारक राज्यों के साथ बैठक का निर्देश दिया था।



**कल हमारे पास कोई शिकायत न आए:** पीठ ने कहा, हमें नहीं पता कि राजनीति कौन कर रहा है, पर कल यह शिकायत नहीं होनी चाहिए कि हिमाचल पानी दे रहा है, लेकिन हरियाणा नहीं छोड़ रहा है। कोर्ट ने हरियाणा को नहरों के माध्यम से पानी के प्रवाह को रास्ता देने का निर्देश दिया।

**हिमाचल के पास उपलब्ध जल का कोई रिकॉर्ड नहीं:** हरियाणा सरकार के वकील ने दलील दी, हिमाचल में अधिशेष जल की उपलब्धता का कोई रिकॉर्ड नहीं है। हथिनीकुंड बैराज से अतिरिक्त जल की आपूर्ति को मापने के लिए कोई तंत्र नहीं है। इस पर दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, पानी की आवश्यकता आपातकालीन और एक बार के उपाय के रूप में है। हिमाचल प्रदेश विनम्रता और शालीनता दिखा रहा है।

**हिमाचल सरकार को कोई आपत्ति नहीं:** हिमाचल प्रदेश सरकार दिल्ली को नियमित तौर पर पानी उपलब्ध करा रही है। पानी देने को लेकर सरकार को आपत्ति नहीं है। जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 में हिमाचल सरकार का दिल्ली के साथ एमओयू हुआ था। इसके तहत पानी दिया जा रहा है।

**पश्चिमी यमुना नहर से दिल्ली पहुंचेगा पानी:** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हिमाचल का अतिरिक्त पानी हथिनीकुंड बैराज से पश्चिमी यमुना नहर के माध्यम से हरियाणा के रास्ते दिल्ली पहुंचेगा। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता सतबीर कादियान ने बताया कि पानी के प्रवाह में कोई रुकावट नहीं आएगी।



# हीरे की शॉप चलाने वाले से ठगी



**अरेस्ट**

**पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिणी जिले के साकेत इलाके में एमजीएफ मॉल में हीरे की शॉप चलाने वाले एक शोरूम से दो ठग दुकानदार को गच्चा देकर तीन हीरे लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। यह वारदात गुरुवार दोपहर को हुई है। पीड़ित शॉप ओनर अरविंद कुमार झा ने बताया कि उनका काफी समय से साकेत के एमजीएफ मॉल में हीरे का कारोबार है। गुरुवार दोपहर 1:30 बजे के आसपास दो लोग उनकी दुकान पर आए थे। उन्होंने काफी सारे हीरे की डिजाइन देखी। करीब 20 मिनट वह रुके और उसके बाद तीन हीरे उन्होंने पसंद किया। उसके बाद कहा कि बाहर गाड़ी खड़ी है, लड़के को साथ भेज देने के लिए पेमेंट वहां पर मिल जायेगा। हीरा लेकर लड़का उनके साथ गया, उन्होंने रेड लाइट के पास टैक्सी को बुलाया। उसमें वो सभी बैठ गए और लड़के को भी बोला अंदर बैठने के लिए। इस दौरान एक बार उन्होंने लड़के से हीरे का पैकेट मांगा देखने के लिए। इस दौरान उन्होंने चकमा देकर पैकेट बदल दिया और हीरे वाला पैकेट लड़के को वापस कर दिया। जबरदस्ती उस कैब से लड़के को उतारकर वह फरार हो गए। इसके बाद तुरंत अरविंद कुमार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस आगे की पूछताछ के लिए हीरा के शॉप पर पहुंची। इस मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच कर रही है। पीड़ित अरविंद कुमार झा ने बताया कि 12.60 कैरेट का हीरा चोरी हुआ है।

## केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका टली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोई राहत नहीं मिली है। अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। केजरीवाल के वकील हरिहरन ने अनुरोध किया कि जमानत याचिका को अवकाश न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।

# मई के महीने में गर्मी ने दिल्लीवासियों को किया बेहाल




**लू का प्रकोप**

**एक तरफ भीषण गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड, जल संकट ने लोगों की बढ़ाई परेशानी, चेतावनी जारी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के उत्तरी और मध्य भागों में 26 मई से 29 मई के बीच अभूतपूर्व लू का प्रकोप देखने को मिला। नई दिल्ली में तापमान रिकॉर्ड स्तर पर 49.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। देश के 37 से अधिक शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। लू से संबंधित बीमारियों की चेतावनी जारी की गई और कम से कम 24 लोगों की मौत की खबर हैं।

**दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 45.2 से 49.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज:** गैर सरकारी संस्था क्लाइमेट ट्रेंडस का विश्लेषण बताता है कि देश में मई में पड़ी लू जैसी घटना पहले देखी गई सबसे गर्म लू से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म थीं। शोधकर्ता भारत में मई महीने की लू को एक अनोखी घटना के रूप में देखते हैं, जिसकी विशेषताओं को ज्यादातर मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हालांकि दिल्ली के मुंगेशपुर में 53.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज होने की खबरें भी आई थीं, लेकिन बाद में पता चला कि खराब सेंसर के कारण गलत आंकड़ा था। फिर भी, भारत और दक्षिणी पाकिस्तान में चली लू ने रिकॉर्ड ऊंचाई छू ली। दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में तापमान 45.2 से 49.1 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

# तेजस राजधानी एक्सप्रेस की एक बोगी पटरी से उतरी


**कोई हताहत नहीं**

**सुबह करीब 9.37 मिनट पर ट्रेन डिरेल हुई। ट्रेन भुवनेश्वर से नई दिल्ली की ओर जा रही थी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** गाजियाबाद में तेजस राजधानी एक्सप्रेस की एक बोगी पटरी से उतर गईं। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 9.37 मिनट पर ट्रेन डिरेल हुई। ट्रेन भुवनेश्वर से नई दिल्ली की ओर जा रही थी। मौके पर रेलवे के अधिकारी मौजूद हैं। राहत की बात है कि कोई हताहत नहीं हुआ है। हादसे के करीब एक घंटे बाद ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार, घटना प्लेटफार्म नंबर चार से करीब 100 मीटर पहले की है। गनीमत रही कि स्टेशन आने के चलते ट्रेन की रफ्तार धीमी थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मामले की सूचना मिलते ही आनन-फानन आरपीएफ और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डिरेल बोगी में सवार यात्रियों को दूसरी बोगी में बैठाकर भेजा गया। ट्रेन के पीछे लगेज के बाद कि बोगी के पहिये पटरी से उतरे हैं। हादसे के पीछे की वजह क्या थी?

# फर्जी आधार कार्ड के जरिए संसद भवन में घुसने की कोशिश



**जांच जारी**

**फर्जी आधार कार्ड बनवाकर संसद घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें तीन सीआईएसएफ ने गिरफ्तार कर लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। तीन लोग फर्जी आधार कार्ड बनवाकर संसद घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें तीन सीआईएसएफ ने गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है। तीनों आरोपियों की पहचान- कासिम, मोनिस और शोएब के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। चार जून को तीन व्यक्ति संसद भवन में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उनके द्वारा दिखाए गए आधार कार्ड पर सीआईएसएफ को शक हुआ, जांच की गई तो पता चला कि तीनों लोगों के आईडी फर्जी हैं। इसके तुरंत बाद सीआईएसएफ के कर्मियों ने तीनों को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि तीनों व्यक्तियों को डीवी प्रोजेक्ट्स लिमिटिड ने संसद भवन परिसर के अंदर एमपी लॉन्ज के निर्माण के लिए काम पर रखा था। तीनों मजदूरी करते थे। एफआईआर में कहा गया है कि कासिम नाम का व्यक्ति उत्तर प्रदेश के अमरोहा के रहने वाले मोनिस के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर रहा था। पकड़े गए तीन श्रमिकों में शामिल मोनिस ने भी बिल्कुल वही पहचान पत्र दिखाया।

पकड़े गए तीसरे व्यक्ति शोएब के पहचान पत्र पर लिखा है कि वह उत्तर प्रदेश के हापुड़ का निवासी है। एफआईआर में कहा गया है कि तीनों ने कैजुअल एंट्री पास पर संसद परिसर में प्रवेश पाने की कोशिश करते समय पहचान पत्र दिखाया था।

# अफ्रीकन रिसीवर समेत तीन वाहन चोरों को दबोचा

**काबू किया**

**स्कूटी, मोटरसाइकिल और मोबाइल खरीदने वाले एक अफ्रीकन रिसीवर को गिरफ्तार किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोती नगर थाना की पुलिस टीम ने दो वाहन चोरों और उससे चोरी की स्कूटी, मोटरसाइकिल और मोबाइल खरीदने वाले एक अफ्रीकन रिसीवर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से मोटरसाइकिल और 6 स्कूटी के अलावा पांच मोबाइल भी बरामद किया गया है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी से करोलबाग, मोती नगर, तिलक नगर और राजौरी गार्डन थाना के 11 मामलों का खुलासा किया गया है। आरोपितों की पहचान मोहम्मद मूसा, मोहम्मद मासूम और सीमा के रूप में हुई है। यह सभी सुदर्शन पार्क, बसई दारापुर के रहने वाले हैं। इसमें मोहम्मद मूसा और मासूम स्कूटी बाइक और मोबाइल चोरी करते हैं। जबकि अफ्रीकन मूल का रहने वाला सीमा चोरी का सामान खरीदता है। इसके बारे में हेड कांस्टेबल ताराचंद और ओमप्रकाश को सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने पूरी जानकारी इकट्ठा करने के बाद इन दोनों को पकड़ा। आरोपित चोरी की मोटरसाइकिल से किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। इनकी पहचान की गई और जब इनसे पूछताछ की गई तो फिर पता चला कि सीमा नाम का अफ्रीकन नागरिक इनसे स्कूटी, मोटरसाइकिल, मोबाइल कम कीमत पर खरीदता है, फिर सीमा को भी पुलिस ने चंद्र विहार इलाके से गिरफ्तार किया।

## आप ने पूर्व विधायक नितिन त्यागी को किया सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने अपने पूर्व विधायक नितिन त्यागी को सस्पेंड कर दिया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी से बगावत की थी। पार्टी ने तभी लक्ष्मी नगर के संगठन को भंग कर दिया था। इससे पार्टी को नुकसान भी हुआ। पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक व मंत्री गोपाल राय ने पत्र लिखकर नितिन त्यागी को सस्पेंड किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार, लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने लक्ष्मी नगर में अपने पूरे संगठन को भंग कर दिया था। आरोप है कि पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देने वाली स्कीम का विरोध किया था। इतना ही नहीं सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर ये भी कहा था कि आम आदमी पार्टी चुनाव जीतने के लिए झूठा प्रचार कर रही है।

# बदमाशों की आवाजाही की मिलेगी सटीक जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: शाहदरा जिला पुलिस ने हाईटेक तकनीक की** ओर शानदार कदम बढ़ाया है। जिले में लगे एनसीआर कैमरे बदमाश के आने और वारदात के बाद जाने का रूट मैप स्वतः व तुरंत पुलिसकर्मियों को उपलब्ध करा देंगे। इससे पुलिस बदमाशों को कुछ ही समय में पकड़ लेगी। अभी तक पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए कई दिनों तक सीसीटीवी कैमरे खंगालती थी। बदमाशों के आने व वारदात के बाद जाने का रूट पता करने में हजारों कैमरे देखने पड़ते थे। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शाहदरा जिला पुलिस ने एनपीआर कैमरों वाली तकनीक से पिछले कुछ ही महीनों में 80 केस तुरंत सुलझाए हैं। शाहदरा जिला पुलिस ने पूरे जिले में 100 एनपीआर कैमरे लगा रखे हैं। कुछ दिनों में और 50 कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे जिले के दूसरे राज्यों की सीमाओं और पड़ोसी जिले के आने-जाने वाले मार्गों पर लगाए गए हैं। ये आधुनिक कैमरे विवेक विहार, सीमापुरी, अप्सरा बॉर्डर, सूर्या साईं मंदिर आईआईटी विवेक विहार और जिले की सीमाओं पर लगाए हैं। सभी कैमरे इंटरनेट से जुड़े हुए हैं। इन कैमरों का कंट्रोल रूम विवेक विहार में है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब बदमाश किसी वाहन से वारदात करने जिले में घुसेंगे तो ये कैमरे रियल टाइम के तौर पर बदमाशों के आने का तुरंत पुलिसकर्मियों के ग्रुप में डाल देगा। इस ग्रुप में जिला डीसीपी, एसीपी व थानाध्यक्ष जुड़े हुए हैं। ये तकनीक बदमाश वारदात करने के बाद किस रूट से गए हैं वह भी तुरंत ग्रुप में डाल देंगे। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने हर जिले में कुछ पुलिसकर्मियों की क्रेक टीम बना रखी है। बदमाशों को रूट मैप मिलने के बाद संबंधित थाने की क्रेक टीम को लगा दिया जाता है। रिटल टाइम अपडेट व रूट से पुलिसकर्मी बदमाश को तुरंत पकड़ लेते हैं।




**इस तकनीक से ये हैं फायदे**

बदमाश को पकड़ने में ज्यादा पुलिसकर्मियों को लगाने की जरूरत नहीं पड़ती।

**शिकंजा**

**वारदात के बाद जाने का रूट मैप स्वत: व तुरंत पुलिसकर्मियों को उपलब्ध करा देंगे**

जिले में आने-जाने वाले सभी वाहनों पर नजर रहेगी।

ये कैमरे खुद ही बदमाश का रूट मैप बनाकर तुरंत दे देंगे।

तकनीक के चलते जिले में ज्यादा अपराध नहीं होगा।

ये कैमरे बदमाश के वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, वाहन का रंग और मेक भी बता देंगे।

ये कैमरे बदमाश के आने व जाने का समय भी बताएंगे।

**मिलेगा रियल टाइम अपडेट**

जिले में खासकर सीमाओं पर लगे सभी कैमरे इंटरनेट से जुडे. हुए हैं। इससे बदमाश व उसके वाहन के बारे में रियल टाइम अपडेट मिलेगा।

# भाजपा की चली ऐसी आंधी, केजरीवाल, गोपाल राय भी नहीं बचा पाए अपना बूथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजनीतिक दल चुनाव से पहले अपना बूथ सबसे मजबूत करने की बात कहते हैं। कार्यकर्ताओं से लेकर नेताओं को अपने-अपने बूथ को जीतने के लिए भी कहा जाता है, लेकिन आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव और आप के ही प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत दिल्ली के मंत्री और स्वयं प्रत्याशी अपना बूथ तक नहीं बचा पाए। भाजपा की बात करें तो नई दिल्ली से चुनाव जीती प्रत्याशी बांसुरी स्वराज दिल्ली के सातों जीतकर आए सांसदों में से एक हैं जो अपना बूथ तक जीत नहीं पाईं। जबकि आप के सहीराम को छोड़कर आप-कांग्रेस के प्रत्याशी अपना बूथ तक हार गए हैं।



**बूथ हारने वालों में दिल्ली की महापौर शैली ओबेराय भी शामिल:** बूथ हारने वालों में दिल्ली की महापौर शैली ओबेराय से लेकर दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज और अतिशी तक का नाम शामिल हैं। बल्लीमारान से विधायक व दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन अपना बूथ जीतने में सफल रहे हैं। जबकि कैलाश गहलोत के बारे में जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई क्योंकि चुनाव आयोग ने जो डाटा जारी किया है उसमें उनके बूथ का डाटा ही नहीं है। बूथ अनुसार आंकड़ों की बात करें तो सीएम अरविंद केजरीवाल वैसे तो नई दिल्ली से विधायक हैं लेकिन उनका आवास सिविल लाइंस के फ्लैग स्टाफ रोड पर हैं। यह इलाका चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 112 में आता है। यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी जय प्रकाश को मात्र 112 वोट मिले जबकि भाजपा के प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल को 283 वोट मिले। इसी प्रकार दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वा की बात करें तो वह ग्रेटर कैलाश से तीसरी बार के विधायक हैं। उनका बूथ संख्या 83 हैं। इस बूथ पर आप के प्रत्याशी सोमनाथ को 231 वोट मिले जबकि भाजपा की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज को 496 वोट मिले। एक ओर मंत्री आतिशी की बात करें वह कालकाजी विधानसभा से विधायक हैं। उनका बूथ 78 नंबर है। इस बूथ पर आप प्रत्याशी सोमनाथ को 211 तो भाजपा प्रत्याशी को 419 वोट मिले। उल्लेखनीय है कि बूथ हारना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दूसरे इलाकों में जाकर प्रचार करने वाले नेता अपने ही इलाकों को अपनी पार्टी के पक्ष में मतदान करने में विफल रहे हैं।

**बूथ हार गए**

**बल्लीमारान से विधायक व दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन अपना बूथ जीतने में सफल रहे हैं**

**तीनों प्रदेश अध्यक्ष में से भाजपा अध्यक्ष ही जीते अपना बूथ:** दिल्ली में तीन प्रमुख आप , भाजपा और कांग्रेस हैं। पर लोकसभा चुनाव में सिर्फ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष ही अपना बूथ जीत पाए हैं। जबकि कांग्रेस और आप के प्रदेश अध्यक्ष अपना बूथ तक हार गए हैं। आप के प्रदेश संयोजक और दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय बाबरपुर से विधायक है। वह 180 नंबर बूथ के मतदाता है। यहां पर कांग्रेस के प्रत्याशी को मात्र 108 वोट मिले जबकि भाजपा के प्रत्याशी को 346 वोट मिले। यानि गोपाल राय अपने बूथ से ही गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने में विफल रहे। इसी प्रकार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव बादली विधानसभा के 51 नंबर बूथ के मतदाता है। यहां पर कांग्रेस के प्रत्याशी को 142 तो भाजपा के प्रत्याशी को 154 वोट मिले। वहीं, अपना बूथ जीतने में सफल रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा त्रिलोकपुरी विधानसभा में 109 बूथ के मतदाता है। यहां पर आप के प्रत्याशी को 166 तो भाजपा के प्रत्याशी को 365 वोट मिले। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अपना बूथ अच्छे अंतर से जीते।

# 1 जुलाई से बदल जाएंगे संपत्तिकर भुगतान के तरीके

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम ने चेक बाउंस के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए एक जुलाई से चेक से संपत्तिकर का भुगतान बंद करने का निर्णय लिया है। निगम ने अब तय किया है कि वह चेक में भुगतान नहीं लेगा, इसकी जगह निगम ने तीन अन्य तरीके बताएं हैं, जिससे संपत्ति कर का भुगतान होगा। निगम इसके बाद सिर्फ ऑनलाइन यूपीआई, ड्रामंड डाफ्ट, पे आर्डर ही भुगतान लेगा। एक जुलाई से चेक से भुगतान नहीं किया जा सकेगा। निगम के अनुसार डिजिटल भुगतान न केवल समय पर भुगतान और रसीद जारी करना सुनिश्चित करेगा, बल्कि व्यापार करने में आसानी भी प्रदान करेगा। करदाता आसानी से संपत्ति कर का भुगतान कर सकेंगे और उसका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकेंगे। निगम ने अपील की है कि संपत्ति करदाता 30 जून तक संपत्तिकर जमा करेंगे तो उन्हें 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सभी संपत्ति करदाता दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर अपना बकाया संपत्तिकर जमा करवा सकते हैं। निगम ने संपत्ति मालिकों से अपनी संपत्ति की जीओ टैगिंग भी करने की सलाह दी है।

**संपित्त कर**

**निगम ने अब तय किया है कि वह चेक में भुगतान नहीं लेगा, इसकी जगह निगम ने तीन अन्य तरीके बताएं**

## न्यूज फ्लैश

### रेलवे स्टेशन गेट पर शराब की बोतलों संग युवक काबू



**समालखा ( कुलदीप सिंह):** समालखा जीआरपी ने गुप्त – सूचना पर एक यात्री को शराब की 15 बोतलों के साथ पकड़ा है। जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के गेट पर नाकाबंदी कर उसे पकड़ा है। पुलिस ने उससे शराब की बोतल बरामद कर उस पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि वीरवार शाम डेढ़ छह बजे समालखा जीआरपी को सूचना दी थी कि एक व्यक्ति समालखा की ओर से आएगा। वह रेलवे स्टेशन पर जाएगा। उसके पास अवैध शराब होने की सूचना है। सूचना मिलते ही जीआरपी ने गेट पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद सिर पर पगड़ी बांधे हुए एक व्यक्ति आता दिखाई वे दिया। उसके पास एक कट्टा था। जीआरपी ने उसको हिरासत में लिया। उसकी पहचान गुरजीत सिंह निवासी में दौलो नंगल गांव, अमृतसर के रूप में हुई। न तलाशी में शराब की अवैध 15 बोतलें द मिली। उसको गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है।

### नवीन जिंदल व नायब सिंह सैनी की जीत पर बांटी मिठाई, मनाया जश्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** वी.एस. इंटरप्राइसिस संस्थान कुरुक्षेत्र नजदीक जिंदल हाऊस पर विजय कुमार सैनी ने नवीन जिंदल की जीत पर समर्थकों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। सैनी ने कहा कि नवीन जिंदल के कार्यकाल को लोगों ने पहले भी देखा है और अब भी वह 36 बिरादरी को साथ लेकर सभी के हित के लिए कार्य करेंगे। विजय सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की करनाल जीत पर भी खुशी जताई और समर्थकों को बधाई दी। उनकी जीत पर समर्थकों ने ढोल की थाप पर खूब थिरके और जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी व नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर ?विजय दास, सतीश सैनी, गुलशन वकील, महिंद्र सैनी, रोजश सैनी, गोरव बंसल, मुलख राज चोपड़ा, नरेंद्र यादव, रंजीत, शुभम आदि मौजूद थे।

### 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिया गया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर जयराम विद्यापीठ संस्कृत महाविद्यालय के आचार्यों और ब्रह्मचारियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। जिसमें योग शिक्षक योगेंद्र कुमार द्वारा साधकों को सामान्य योग अभ्यास, प्राणायाम व अनुलोम-विलोम का अभ्यास करवाया गया। प्रशिक्षण शिविर में लगभग 60 साधकों ने भाग लिया। इस अवसर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के परामर्श दाता डॉ. चक्रपाणि आर्य, पीआरओ मनोज कुमार, आचार्य संजय, आचार्य दीपक एवं पीजी स्कॉलर मौजूद रहे। योग शिक्षक योगेंद्र कुमार ने साधकों को योग की बारीकियां बताई इसके साथ ही व्यक्ति को प्रतिदिन दिनचर्या में कैसा आहार लेना चाहिए इसकी भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू हो गई है। जिसके चलते शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में आयुष विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक संस्थाओं और गांव की पंचायतों को साथ लेकर योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं जो लगातार 20 जून तक लगाए जाएंगे।

# अपोलो स्कूल, पट्टी कल्याणा में लगाया गया चिकित्सा जांच शिविर

## विद्यालय की प्रधानाचार्य, डॉक्टर राजा सिंगला और उनकी टीम ने शिविर का शुभारंभ किया

**शिविर**

▶▶ शिविर में शिक्षकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और अपने स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछे



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याणा में अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें दिन श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के पंचकर्म विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजा सिंगला ,डॉ अंजलि और डॉक्टर सुमन व उनकी टीम के द्वारा शुक्रवार को शिक्षकों के लिए फ्री चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ,डॉक्टर राजा सिंगला और उनकी टीम ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। शिविर में शिक्षकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और अपने स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछे। कार्यक्रम में डॉक्टर अंजली द्वारा महिला शिक्षकों के द्वारा मेंस्ट्रुअल चक्र , मेनोपॉज ,ऑस्टियोपोरोसिस आदि बीमारियों से संबंधित प्रश्नों का बड़ी ही सरलता और सहजता से उत्तर दिया गया।कार्यक्रम में पुरुष व महिला शिक्षकों ने अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियां के तहत सर्वाइकल ,घुटनों में दर्द और आंखों के लिए विशेष आयुर्वेदिक पद्धतियों द्वारा डेमों सेशन में भरपूर लाभ उठाया।इस अवसर पर डॉ. राजा सिंगला द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और पंचकर्म चिकित्सा के गुणों से शिक्षकों को अवगत करवाते हुए कहा कि आयुर्वेद के अनुसार अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोग मुक्त जीवन यापन कर सकता है। डॉ सुमन ने कहा कि आयुर्वेद भारत देश की चिकित्सा पद्धति है, जिसके किसी भी तरह के दुष्परिणाम नहीं होते। और निश्चित रूप से इस शिविर का लाभ सभी को जरूर मिलेगा। डॉ सुमन और डॉक्टर अंजलि ने मेनोपॉज से संबंधित पहलुओं शरीर में आने वाले बदलावों और उनसे निजात पाने के उपाय भी बताएं। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय से आए हुए अतिथि रजिस्ट्रार विकास शर्मा ने सभी को टीम प्रबंधन औरआपसी सहयोग और सामंजस्य से किसी भी समस्या को हल करने के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शित किया अपने ओजस्वी वक्तव्य में विकास शर्मा ने कई उदाहरण के द्वारा अपनी सभ्यता और संस्कृति पर गर्व करने और नित्य प्रतिरूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए सभी को प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमें मानसिक ,शारीरिक ,आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखता है।

# एम डीएवी स्कूल में ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित

**कार्यशाला**

▶▶ क्राफ्ट सत्र में बड़ी रुचि दिखाई और इन रोचक गतिविधियों को करके इस सत्र का आनंद लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** कक्षा पहली से पांचवी के बच्चों के लिए "समन्वय - फुर्सत और शिक्षा" एक ऑनलाइन कार्यशाला शुरू की गई है। यह ऑनलाइन कार्यशाला 1 जून से 6 जून तक चली। इस कार्यशाला को तीन ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप 1 में, कक्षा 1 और 2 के छात्रों ने भाग लिया और ग्रुप 2 में कक्षा 3 और 4 के छात्रों ने भाग लिया, ग्रुप 3 में कक्षा 5 के छात्रों ने भाग लिया' इस कार्यशाला के मुख्य आकर्षक योग और धार्मिक उन्नति द्वारा योग, भाषाई विकास और मजेदार खेल, कला और क्राफ्ट रहा। योग के विशेषज्ञ श्रीमती तान्या अरोड़ा और श्रीमती रितु द्वारा योग सत्रों का आयोजन किया गया। छात्र ध्यानपूर्वक और सुंदरता से योग आसन किए। उसके बाद, भाषाई विकास और मजेदार खेल सत्र में, शिक्षक द्वारा दी गई निदेर्शों को ध्यान से सुनकर छात्र चित्र बनाया। यह गतिविधि छात्रों के सुनने की क्षमता को बढ़ाने के लिए आयोजित की गई थी। छात्रों के द्वारा बनाए गए चित्र अद्भुत थे जो इस गतिविधि की मदद से बनाए गए थे। फिर दिन का अंतिम सत्र शुरू हुआ। यह छात्रों की पसंदीदा गतिविधि है। इस गतिविधि में कक्षा एक और दो के छात्रों ने झोपड़ी, डॉग, क्राफ्ट में बनाए कक्षा 3 और 4 के छात्र माउस कैसे बनाएं इसके बारे में सीखते हैं और कक्षा 5 के छात्र हाथ से बने फूलों के साथ वॉल हैंगिंग कैसे बनाएं इसके बारे में सिखाया गया हैं। छात्रों ने इस कला और क्राफ्ट सत्र में बड़ी रुचि दिखाई और इन रोचक गतिविधियों को करके इस सत्र का आनंद लिया।
छात्रों ने सभी सत्रों का आनंद लिया और वे सभी विभिन्न गतिविधियों में अपने उत्कृष्ट कौशल प्रदर्शित किए। दिन प्रतिदिन एक नया कार्य सिखाया गया और बच्चों ने इसका बहुत आनंद लिया ऑनलाइन कक्षा में 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर बच्चों ने पौधे लगाए और कोऑर्डिनेटर वंदना मैडम, सुदेश मैडम और अमिता मैडम की देखरेख में बच्चों को पौधों और पेड़ों का महत्व बताया गया और हम आशा करते हैं।

# मंजू सचदेवा को मिसेज अंबाला 2024 सीनियर कैटेगरी का खिताब मिला



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मेरी उड़री लेडीज क्लब निर्देशिका अमनदीप के निर्देशन द्वारा पुलिस डीएवी स्कूल के ऑडिटोरियम में मिस, मिसेज और मिसेज सिनियर कैटेगरी में प्रश्नोत्तरी और कैटवॉक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शक्ति रानी तथा विशेष अतिथि के रूप में सुपर ग्रुप का इंडस्ट्री की डायरेक्टर गुरमीत कौर ने दीप प्रज्वलित किया तथा जज के रूप में पंजाबी फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस राज देसवाल रही अंबाला की एसपी क्राइम ब्रांच पूजा डाबला, मीतू सलूजा कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंजू सचदेवा को उनकी योग्यता के आधार पर सीनियर कैटेगरी में विनर का खिताब मिला। मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर की शिक्षिका मंजू सचदेवा ने बताया कि ऐसी कार्यक्रम में भाग लेने का उद्देश्य अपनी छिपी हुई प्रतिभा को एक मंच दिलवाना था तथा यह मंच जज के रूप में आए महानुभावों को अपनी योग्यता के आधार पर उनके द्वारा पूछे गए प्रश्न का अपने सटीक और स्पष्ट शब्दों में उत्तर के जरिए समाज को नारी सशक्तिकरण के संदर्भ में एक सकारात्मक संदेश देने का मंच था।

# 33 के० वी० सब स्टेशन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की मांग की

**सौंपा मांग पत्र**

▶▶ राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाकर जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने जिला उपायुक्त डॉक्टर मनोज कुमार को पत्र सौंपकर शहर में प्रस्तावित छह नए 33 के० वी० सब स्टेशन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की मांग की है ताकि शहर वासियों को गर्मी के मौसम में अघोषित बिजली के कटों, लो वोल्टेज एवं बार-बार तार टूटकर गिरने की समस्या से छुटकारा मिल सके। राजीव जैन ने पत्र में लिखा है कि बिजली वितरण निगम ने 23 सितंबर 2023 को नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर सब स्टेशन बनाने के लिए पुरानी अनाज मंडी, सुभाष चौक,आई०टी०आई० चौक, गोहाना रोड, मुरथल रोड, बहालगढ़ रोड पर 1000 स्क्वायर मीटर प्रति सब स्टेशन के लिए जमीन उपलब्ध करवाने को कहा था। बिजली वितरण निगम के अधिकारियों ने पत्र लिखकर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ ली और नगर निगम के अधिकारियों ने भी कोई गंभीर प्रयास नहीं किये।
राजीव जैन ने उपयुक्त महोदय से आग्रह किया है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाकर जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। राजीव जैन ने अपने पत्र में सुझाव दिया है की पुरानी अनाज मंडी एरिया में पुरानी तहसील की जमीन, मुरथल रोड पर जानकी दास ट्रस्ट हस्पताल की खाली जमीन, बहालगढ़ रोड पर ट्रैफिक थाने के पास का वीरान पड़ा पार्क, सुभाष चौक पर नगर निगम का पार्क, आई०टी०आई० चौक पर दून स्कूल के साथ वाली जमीन तथा गोहाना रोड पर जमीन ढूंढ़ने के लिए राजस्व विभाग की ड्यूटी लगाई जा सकती है। उपयुक्त महोदय ने आश्वासन दिया की वह जल्द ही इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही करेंगे और जमीन अवश्य उपलब्ध करवाएंगे। राजीव जैन ने कहा कि फाजिलपुर सब स्टेशन से इन क्षेत्रों में बिजली आते आते विशेषकर गर्मी के दिनों में ब्रेक डाउन हो जाता है, इसलिए ुल्लं सब स्टेशन बने समस्या का समाधान नहीं होगा।

### ओशो ध्यान उपवन में बच्चों का शिविर संपन्न

**हिसार :** सामाजिक व सेवा के सरोकारों से जुड़े ओशो ध्यान उपवन में बच्चों का पांच दिवसीय शिविर चिल्ड्रन मेडिटेशन व सेलिब्रेशन पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर में बच्चों ने जहां फन एक्टिविटी में हिस्सा लिया, वहीं उन्हें करियर संबंधी जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। बच्चों को हर रोज मेडिटेशन का अभ्यास करवाया गया। इसके साथ ही एनएलपी तकनीक, रोप एडवेंचर, ब्रेन जिम, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मड बाथ, रेन डांस, गायन व नृत्य आदि रचनात्मक क्रियाओं में भी बच्चों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में आयोजित किए गए चिल्ड्रन मेडिटेशन व सेलिब्रेशन शिविर में हिस्सा लेकर बच्चों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# आर्य समाज के भामाशाह एडवोकेट नरेंद्र नांदल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक ।** आर्य समाज बोहर के प्रवक्ता कृष्णदेव शास्त्री ने बताया कि आर्य समाज बोहर के विशेष सहयोगी व दानवीर एडवोकेट नरेंद्र सिंह नांदल जोकि 96 वर्ष के थे उनका 6 जून 2024 को रात्रि के समय निधन होगा गया। आज सुबह 10 बजे हजारों व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में उनका वैदिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। उनके आकस्मिक निधन के कारण आर्यसमाज बोहर द्वारा लगातार कई वर्षों से जो मासिक सत्संग किया जाता था जोकि 9 जून को होना था उसे स्थगित किया जाता है। कृष्णदेव शास्त्री ने बताया कि नेंरद्र सिंह नांदल एक सामाजिक दानवीर, कर्मठ व निर्भीक व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। नरेंद्र सिंह नांदल ने बाबा मस्तनाथ मठ में महंत श्रीयो नाथ के समय अनेकों विकास कार्य करवाए। एक अच्छे वकील होने के साथ-साथ उन्होंने इंदिरा कॉलोनी रोहतक में महिंद्रा नरेंद्रा आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना की, जिसमें गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है।

### दुकानदारों ने छबील लगा बुझाई राहगीरों की प्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आर्य समाज मार्किट के दुकानदारों ने वीरवार को चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई। वहां से गुजरने वाले वाहनों को रुकवाकर लोगों को मीठा पानी पिलाने का काम किया। राहगीरों ने भी इस तेज गर्मी के मौसम में पानी से अपनी प्यास बुझाई और सेवकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर दुकानदार लक्की मुंजाल, राहुल, सन्नी, निखिल कक्कड़, व अमित मक्कड़ ने बताया कि गर्मी का सितम जारी है। लोगों को भयंकर गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई है।

# अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई का काम शुरू करना चाहिए: बजरंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा के विकास व टीलें की खुदाई का काम शुरू ना होने पर विचार किया गया। इस अवसर पर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अग्रोहा धाम में पूजा करने के उपरांत कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का महल जो टीलें के रूप में बदल चुका है। सरकार द्वारा इसकी खुदाई का शुभारंभ 11 मार्च को किया गया था मगर 3 महीने होने के बावजूद भी अभी तक अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम शुरू नहीं किया गया है जबकि अग्रोहा त्याग की मूर्ति महान पुरुष महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी है। महाराजा अग्रसेन जी का महल जो टीलें के रूप में बदल चुका है। वह 125 एकड़ में बना हुआ है। टीलें की खुदाई पहली बार 1888-89 में हुई व दूसरी बार 1978-79 में हुई थी। उसे समय खुदाई में लगभग 7000 कलाकृतियां बरामद होने के साथ-साथ चांदी सिक्के अनेकों सोने की मुहरें, लोहे, तांबे, कीमती पत्थरों की मूर्ति व मोती की भी पाई गई थी।बजरंग गर्ग ने कहा कि टीलें की खुदाई में करोड़ों रुपए के बेशुमार कीमती सामान के साथ-साथ सोना व चांदी की भारी मात्रा में मुहरें मिलने का अनुमान है। सरकार तुरंत प्रभाव से अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम शुरू करना चाहिए जबकि अग्रोहा धाम में 30 करोड रूपए की लागत से महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर भव्य दो संग्रहालय बनाएं जा रहा है। हमारी सरकार से अपील है कि टीलें की खुदाई में जो भी सामग्री निकले वह अग्रोहा धाम के संग्रहालय में रखी जाए ताकि युवा पीढ़ी महाराजा अग्रसेन जी के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की तरक्की में अपना ज्यादा से ज्यादा योगदान दे सके। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने हमेशा गरीब या जरूरतमंद की मदद करते हुए उन्हें ऊंचा उठाने का काम किया। महाराजा अग्रसेन जी ने उनकी नगरी में आने वाले हर गरीब व्यक्ति को हर घर से एक ईंट एक मुद्रा देने की परम्परा लागू कि। जिसे आज भी देश याद करता है। इतना ही नहीं महाराजा अग्रसेन जी ने अपनी नगरी में पशु बलि पर पूरी तरह से रोक लगाने का काम किया।

# कुवि के रोजगारपरक कोर्सिज से छात्र बनेंगे आत्मनिर्भर: प्रो. सोमनाथ

**दाखिला प्रक्रिया**

▶▶ कुवि बना देश में सबसे पहले एनईपी-2020 को लागू करने वाला विश्वविद्यालय: कुलपति



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रोजगारपरक कोर्सिज से छात्र आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश का प्रथम ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू कर नई पहल की है। विश्वविद्यालय ने कौशलपूर्ण एवं आत्मनिर्भरता संबंधित पाठ्यक्रमों को लागू किया गया है। यह उद्गार कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे दाखिला प्रक्रिया की जानकारी देते हुए साक्षात्कार में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पीजी कोर्स व यूजी एंड इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स व आईआईएचएस में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसमें कुछ की ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून व 17 जून, 2024 निर्धारित की गई है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एनईपी-2020 माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने वाला विद्यार्थी जब पासआउट होगा तो वो संस्कारवान होगा, कौशलयुक्त होगा, उसकी भाषा पर पकड़ होगी, वो पहले ही इंडस्ट्री से जुड चुका होगा व आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की स्थिति में होगा। एनईपी-2020 समय की मांग के अनुसार है। एनईपी गेम चेंजर होने जा रही है क्योंकि इसमें मल्टीपल एंट्री व एग्जिट के तहत छात्रों को कई विषयों का अध्ययन करने में मदद करेगी। जो लोग रोजगार के कारण विदेशों में जा रहे हैं उन्हें रोकने में एनईपी-2020 कारगर सिद्ध होगी। विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर मिलेगे और वो अपना रोजगार स्वयं स्थापित करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के मद्देनजर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 19 ऑनलाईन प्रोग्राम शुरू किए गए हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोग्राम्स वेल्यू एडिड, एबिलिटी एनहांसमेंट व रोजगारपरक हैं जिनमें इंटर्नशिप व मल्टीपल एग्जिट व एंट्री का प्रावधान है।
कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अपने सभी प्रोग्राम्स में भाषा की बाध्यता खत्म की है। कोई भी विद्यार्थी अपनी परीक्षा हिंदी, अंग्रेजी व मिक्सड माध्यम में दे सकते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोग्राम्स/पाठ्यक्रम मार्केट में जॉब के अनुसार कुवि फैकल्टी द्वारा तैयार किए गए हैं।

# मीडिया क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो. बिन्दु शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान मीडिया शिक्षण के क्षेत्र में उत्तर भारत का प्रमुख मीडिया संस्थान माना जाता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू ने पूरे देश में नैक द्वारा ए प्लस प्लस रैंक के साथ अपनी विशेष पहचान बनाई है। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान भी पत्रकारिता एवं जनसंचार, ग्राफिक्स एवं एनीमेशन, मल्टीमीडिया, प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग तकनीकी जैसे क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्थान द्वारा स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर अनेक रोजगारपरक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिनमें दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है। विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट केयूकेडॉटएसीडॉटइन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रो. बिन्दु शर्मा ने बताया कि जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के बीए जनसंचार की 50, बीएससी ग्राफिक्स एंड एनिमेशन की 40, बीएससी मल्टीमीडिया की 30 एवं बीएससी प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग टेक्नोलॉजी की 40 सीटों के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इन सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बारहवीं कक्षा में उतीर्ण विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 240 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। थाना इन्द्री पुलिस** ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए आरोपी रोहित पुत्र बाबू राम वासी गूढ़ा इन्द्री को सिविल अस्पताल इन्द्री के पीछे से काबू किया। आरोपी के कब्जे से 240 नशीले कैप्सुल बरामद हुए। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना इन्द्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध में थाना इंद्री के उप निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर आरोपी को काबू किया गया व उसके कब्जे से 240 अवैध नशीले कैप्सुल वजन करीब 144 ग्राम बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह नशे की यह खेप यूपी से एक अज्ञात व्यक्ति से लेकर आया था। आरोपी नशा करने का आदि है और अपने नशे की पूर्ति के लिए नशा लेकर आया था।

### वाल्मीकि आध्यात्मिक आश्रम में दिव्य वाणी महोत्सव 9 जून को

**गन्नौर । गन्नौर के** ललहेड़ी रोड स्थित भगवान वाल्मीकि धार्मिक आश्रम में 9 जून को दिव्य वाणी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन रवि शाह महाराज के सानिध्य होगा । जानकारी देते हुए आश्रम के सेवक रामदास कुराड ने बताया कि दिव्य वाणी महोत्सव के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सत्य प्रकाश सत्संग गन्नौर के श्रद्धालु जुटे हुए हैं।

### स्वर्गीय मीना देवी की श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने श्रद्धांजलि दी

**गन्नौर। भाजपा के सोनीपत** कार्यालय के प्रभारी सुभाष सरोहा की पत्नी मीना देवी के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न राजनेताओं के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की और सुभाष सरोहा को डांडस बंधाया। उनकी श्रद्धांजलि सभा में भाजपा विधायक निर्मल चौधरी भाजपा नेता देवेंद्र कादियान, डॉ मनोज राय,समाजसेवी योगेश कौशिक, दयानंद, अजय यादव, सुरेंद्र, भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, भारत भूषण भूटानी, कृष्ण जिंदल, दीपक , भोपाल, राजेंद्र त्यागी के अलावा शहर के गणमान्य लोगो ने श्रद्धांजलि दी व भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### अमेरिका में हुआ राहुल का अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के बलड़ी** गांव के युवक राहुल का अमेरिका के वॉशिंगटन में ही हिंदू रीति रिवाज के अनुसार दाह संस्कार किया गया। बीती 29 मई को युवक की सडक हादसे में मौत हो गई थी। युवक पार्सल डिलीवरी का काम करता था। परिवार ने एलइडी स्क्रीन पर दाह संस्कार लाइव देखा। अंतिम संस्कार के वक्त मां, बाप, बहन व अन्य रिश्तेदारों का रो रोकर बुरा हाल था। हालांकि शव को भारत लाने की कवायद शुरू की गई थी, लेकिन शव भारत नहीं लाया जा सका। मृतक राहुल के पिता सुभाष ने 8 महीने पहले अपने इकलौते बेटे राहुल को 50 लाख खर्च करके अमेरिका भेजा था। करीब 2 महीने पहले ही उसे वॉशिंगटन में पार्सल डिलीवरी का काम मिला था। यहां वह पार्सल वाली गाड़ी चलाता था। 29 मई (भारत में 30 मई) की रात 9 बजे राहुल रेड लाइट पर गाड़ी में था। उसी दौरान दूसरी तरफ से तेज रफ्तार कार आई और राहुल की गाड़ी को टक्कर मार दी।

# एचसीएस साक्षात्कार तैयारी के लिए प्रतिभागियों को दिए महत्वपूर्ण टिप्स

## कुवि के महात्मा गांधी आईएएस कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित एचसीएस साक्षात्कार तैयारी कार्यक्रम का दूसरा दिन सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी आईएएस कोचिंग इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित एचसीएस साक्षात्कार तैयारी कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए पैनल साक्षात्कार का आयोजन किया गया जिसमें अंबाला मंडल की उपायुक्त रेनू फुलिया, हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान की निदेशक चंद्रलेखा मुखर्जी, 2023 की द्वितीय टॉपर हरियाणा प्रशासनिक सेवा डॉ. प्रगति रानी, कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा तथा कुवि की एसोसिएट प्रोफेसर किरण लांबा ने बतौर विशेषज्ञ प्रतिभागियों को साक्षात्कार की तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। संस्थान के उपनिदेशक कुलदीप एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. जोगिंदर सिंह ने बताया कि दूसरे सत्र में शुगर मिल शाहाबाद के एमडी, राजीव प्रसाद (हरियाणा लोक सेवा) भारतीय पुलिस सेवा से रिटायर्ड डीआर भट्टी एवं विधि विभाग कुवि के डॉ. अमित कंबोज ने व केयू डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. अनिल वोहरा ने भी प्रतिभागियों को साक्षात्कार के लिए अहम गुर दिए। संस्थान एवं कार्यक्रम के निदेशक प्रोफेसर जोगिंदर सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की दूरदृष्टि के चलते इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सीधे तौर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वातार्लाप का मौका प्रदान करता है। इससे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और उन्हें महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन मिलता है।कार्यक्रम के एडवाइजरी मेंबर डॉ. आबिद ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन से स्पष्ट है कि महात्मा गांधी आईएएस कोचिंग इंस्टिट्यूट विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर संस्थान के विभिन्न विद्यार्थी, शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## भारतीय न्याय संहिता के विषय में दिया गया प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज अतिरिक्त** पुलिस अधीक्षक प्रबीना पी की अध्यक्षता में डा.मंगलसेन आडोटोरियम में अनुसंधान अधिकारीयों को भारतीय न्याय संहिता के विषय में प्रशिक्षण देने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में पीएसआई पवन कुमार और पीएसआई रणदीप सिंह द्वारा बताया गया कि अब हत्या के लिए 302 भादस की जगह 103 भान्यासं, हत्या के प्रयास की धारा 307 भादस की जगह 109 भान्यासं, धमकी देना धारा 506 भादस की जगह 351 भान्यासं, किसी से ठगी करना धारा 420 भादस का स्थान अब धारा 318 भान्यासं ने ले लिया है। उन्होंने बताया कि नए कानून में ई-एफआईआर या इलैक्ट्रोनिक एफआईआर मेल द्वारा दर्ज करवा सकते हैं। नए कानून में काम्युनिटी सर्विस के लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं।

## जलमाना पुलिस चौकी में कर्मियों ने किया श्रमदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जलमाना पुलिस चौकी** के प्रभारी उपनिरीक्षक शमशेर सिंह द्वारा आज सुबह चौकी में कर्मचारियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया गया, जिसके तहत पौधों की खुदाई, पार्क के घास की कटाई और बड़े पेडों की अतिरिक्त टहनियों की छंटाई की गई। इसके अलावा चौकी में खड़े इंपाउंड वाहनों, मुकदमों में पकड़े गए वाहनों व दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा किया गया और उन पर मुकदमा के अनुसार नंबर अंकित किए गए। इस संबंध में शमशेर सिंह ने बताया कि इस कार्य के अलावा उनके द्वारा स्वयं चौकी के सभी सरकारी वाहनों की व्यवस्था को जांचा गया व उनकी भी सफाई करवाई गई। उन्होंने कहा कि आगे आने वाला मौसम बारिश का है और इस मौसम में गड्डों में पानी भरना, जंगली घास व अन्य




पौधों का अधिक विकसीत होना स्वभाविक बात है। किंतु यदि समय पर सफाई न की जाए तो इसमें मच्छर, अन्य जहरीले कीट-पतंगे व बढ़ी हुई घास में जहरीले जानवर जैसे सांप आदि रहने लगते हैं। उन्होंने कहा कि अपने आसपास सफाई कर इनसे काफी हद तक निजात पाई जा सकती है और चौकी में आने जाने वालों को भी देखने में सुंदर लगता है। सफाई में रहने से कर्मचारी भी कम बीमार पड़ते हैं और जनता के कार्य में रूचि लेकर काम करते हैं।

## कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : उपमंडल** अधिकारी नागरिक सुरेंद्र पाल ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र के पर्व के रूप में आयोजित किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। पूरी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनाव प्रक्रिया भी अपने आप में बड़ी महत्वपूर्ण है तथा इसकी प्रक्रिया को मतदाताओं के लिए सरल बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को बड़ी लगन, मेहनत और निष्ठा से काम करना होता है। अहम पहलू यह है कि इस बार हुए आम चुनाव में प्रदेश व जिला में कहीं भी पुनः मतदान कराए जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिसे लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा भी कर्मचारियों की सराहना की गई है। एसडीएम सुरेंद्र पाल शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में चुनाव में अच्छा कार्य करने वाले



कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम ने चुनाव के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि उपमंडल कार्यालय थानेसर में शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों से भी कर्मचारियों को सी-विजिल, एन कोर, सुविधा एप्प, ट्रेनिंग तथा अन्य कार्यों के लिए कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया था। इस बार की चुनावी प्रक्रिया में इस क्षेत्र में पहली बार महिला कर्मचारियों की ड्यूटी बड़े स्तर पर लगाई गई थी, जिसे महिला कर्मचारियों द्वारा बखूबी निभाया गया। इसके साथ-साथ दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा भी बूथ का प्रबंधन, संचालन बड़ी कुशलता से किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में भाग लेने वाले ऐसे सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर महेंद्र पाल, अनिल कुमार, गौतम दत्त, ओमदत्त, महावीर, वीरेंद्र, सतबीर, संजय विज, अश्विनी, दीपिका सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## टाबर उत्सव में विद्यार्थी सीखेंगे मूर्तिकला के हुनर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः कला एवं** सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा एवं शिक्षा विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल स्तर के 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव-2024 का आयोजन राज्य के 22 जिलों के 22 सरकारी विद्यालयों में किया जा रहा है। जिसमें प्रातः 8 बजे से दोपहर 11 बजे तक विद्यार्थियों को आधुनिक मूर्तिशिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलिफ एवं 3डी स्कलप्बरल आर्ट में हरियाणा संस्कृति पर आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह टाबर उत्सव कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव वी. उमा शंकर,



शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ0 जी. अनुपमा तथा इस विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बरार एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक जितेन्द्र कुमार तथा विभाग के अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्रीमति अमृता सिंह के मार्गदर्शन में हृदय कौशल, कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी (मूर्तिकला) तथा कार्यक्रम अधिकारी (कल्चर) अमनप्रीत कौर की देखरेख में किया जा रहा है। इस 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव का उद्देश्य हरियाणा राज्य के होनहार छात्र-छात्राओं को मूर्तिशिल्प कला में अपनी प्रतिभा निखारने व राज्य में लुप्त हो रही मूर्तिकला के विकास के उद्देश्य के साथ-साथ राज्य में होनहार कलाकारों को सुमार्ग देने हेतु, सरकारी स्कूल स्तर के विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में तकनीकी दृष्टिकोण प्रयोगात्मक अभ्यास के साथ लरनिंग बाय डूईंग प्रौसेस से मूर्तिशिल्प व काफ्ट की सौंदर्यात्मक एवं विभिन्न माध्यमों में तकनीकी प्रशिक्षण भी मिलेगा। जिससे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं का रचनात्मक / कलात्मक विकास होगा तथा साथ ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बालक-बालिकाओं को एक स्थान पर एकत्रित कर उस क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में प्रशिक्षण/ हॉबी क्लासस के रूप में विद्यार्थियों को मूर्तिकला का निःशुल्क प्रशिक्षण एवं प्रतिदिन रिफ्रेशमेन्ट भी दी जाएगी इससे सभी विद्यार्थी भविष्य में कला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर भाग लेने के साथ राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की मूर्तिशिल्प प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानेंगे। इस शिविर में विभाग द्वारा हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से नियुक्त किए गए कलाकारों एवं सह-कलाकारों द्वारा हर्ष एवं उत्साह के साथ सभी विद्यार्थियों को मूर्तिकला विधा में प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे क्ले, पीओपी (अन्य माध्यम) व सामग्री आदि से लघु मूर्तिशिल्पों को बना कर रंगों से हुनर भी सिखाए जाएंगे। जिससे भविष्य में उनको मूर्तिकला क्षेत्र में शिक्षा के साथ प्रतियोगिता, रोजगार एवं मूर्तिकला के क्षेत्र में कैरियर बनाने का भी ज्ञान मिलेगा।

## बेटे के पहले जन्मदिन पर एलडेको पानीपत में किया फलदार पौधारोपित



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**ग्रीनमैन** के नाम से विख्यात प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपने बेटे प्रभास सिंह के पहले जन्मदिन पर एलडेको पानीपत में माल्टा का फलदार पौधा रोपित करके और मेहमानों को हर्बल कपूर तुलसी भेट करके दिया। पर्यावरण का संदेश। दलजीत कुमार देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायकइतिहास के पद पर कार्यरत है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय योगदान दे रहे है।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि लगातार बढ़ रहे तापमान को संतुलित करने का एकमात्र विकल्प अधिक से अधिक पौधे लगाना है। इस समय दिल्ली का तापमान 52 से अधिक हो चला है तो पानीपत का तापमान भी 48 से अधिक हो चला है यही हाल देश के अन्य भागों का भी है। यदि इंसान अब भी नही सम्भला तो काफी देर हो जाएगी। दलजीत कुमार ने बताया कि अपनो के विशेष दिनों जन्मदिन, नियुक्ति, तबादला, बच्चों के जन्मदिन, बुजुर्गों के नाम पर पौधारोपण की मुहीम उन्होंने राजकीय महाविद्यालय इसराना से 2016 में आरम्भ की थी जो आज भी लगातार जारी है। इस मुहीम से अब तक हजारों लोग जुड़ चुके हैं। इसी कड़ी में बेटे प्रभास के जन्मदिन पर बेटी जैसमीन कौर, लीजा, पीकू बच्चों के साथ माल्टा का पौधा रोपित करके बच्चों को पर्यावरण को बचाने और पौधारोपण का महत्व समझाया।

## तीसरी बार बनेगी एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकारः हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा विधायक** हरविंद्र कल्याण ने तीसरी बार एनडीए की पूर्ण बहुमत से बनने जा रही सरकार के लिए जनता के अटल विश्वास को विशेष बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ये बड़ा ऐतिहासिक पल है, क्योंकि तीसरी बार देश ने एनडीए सरकार की विकासपरक नीतियों, योजनाओं पर अपने विश्वास की जानदार और शानदार मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि दस साल में देश में मोदी सरकार ने जिस तरह विकास के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर व आनलाइन व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ साथ कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, वह अपने आप में तारीफ के लायक.हैं और जनता ने पूर्ण समर्थन, प्रेम और विश्वास के साथ तीसरी बार सरकार बनाकर उसे वापस लौटाया है। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि एनडीए सरकार ने अपने दस सालों में धारा 370, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक, जी-20, सीएए जैसे कई ऐतिहासिक काम करके ये साबित किया है कि वह जनता के मन की बात व भावनाओं को ना केवल भलीभांति समझती व जानती है, बल्कि देश के लिए हर मोर्चे पर मजबूती के साथ लडने में भी सक्षम है। उन्होंने कहा कि जनता के दिलों में अपनी एक खास पहचान बनाकर भाजपा 2047 के विकसित भारत के संकल्प को लेकर तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने वाली है। करनाल लोकसभा चुनाव के संयोजक रहे विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहरलाल व उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जीत में जिस तरह से करनाल-पानीपत के कार्यकर्ताओं व जनता ने पूरा साथ दिया है, वह भी अपने आप में मिसाल है।

## भारत स्काउट एंड गाइड का एडवेंचर कैम्प आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः ज़िला शिक्षा अधिकारी** अंबाला सुरेश कुमार की अनुमति से भारत स्काउट एंड गाइड 71वें एडवाइंचर कैंप में ज़िला अंबाला से राजकीय विद्यालयों के स्काउट एंड गाइड अध्यापकों का दल डीओसी संजय कौशिक और डीओसी मनोज कुमार के नेतृत्व में रिटायर्ड प्रिंसिपल कम बीईओ सुरेन्द्र मोहन वत्स के साथ 45 की संख्या में वेस्ट बंगाल 'डार्जलिंग कुरसांग में दिनांक 3.6.2024 से तक 7,6,ह्व.2024 चलने वाले




अडवैंचर कैंप में शामिल है । इस कैंप में सभी पार्टिसिपेंट्स ने कलरफुल एक्टिविटीज में भी भाग लिया गया मुख्य अथिति और गेस्ट ऑफ आनर जोगिंदर सिंह स्टेट कमिश्नर वेस्ट बंगाल ) के तौर पर कैंप में उपस्थित रहें । विवेक दास कैंप इंचार्ज ने सुरेन्द्र मोहन वत्स का स्काउट स्कार्फ पहना कर स्वागत किया ।सभी पार्टिसिपेंट्स को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए ।इस दौरान ट्री टॉप ,म्यूज़ियम ,हनुमान स्टैच्यू ,नेता सुभाष चंद्र बोस म्यूज़ियम गीदा पहाड़ ,टी गार्डन ,शूटिंग धुड़ सवारी में भाग लिया गया ।इस कैंप में डी ई ओ आफिस से मोहन लाल ,विनोद कुमार ऑडिटर,राम कुमार अजैव सिंह महिला विंगसे पूजा कौशिक ,गीता ,नीरज ,परमजीत ,निशा ,रजनी ,सविता .नीलम ,किरण ,रेशमा ,सरोज ,रजनी ,शैली ,सतवीर ,भगवती शामिल है ।हम अंबाला के सभी सदस्य ज़िला शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए साथ ही विवेक इंचार्ज एडवैंचर कैंप का बहुत शानदार प्रबंध के लिए धन्यवाद करते है ।

## कर्ण कैनाल मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगति पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नागरिकों के** सुगम आवागमन के लिए नगर निगम शहर में सडकों के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेजी से करवा रहा है। इसी कड़ी में कर्ण कैनाल रोड का कार्य प्रगति पर चल रहा है, जबकि रघुनाथ मंदिर मार्ग का कार्य पूरा किया जा चुका है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि कर्ण कैनाल रोड का कार्य लेबर चौक की साईड से शुरू किया गया है। इसमें पहले पुरानी क्रश को निकाला गया। इसके बाद करीब 400 मीटर तक डेंस लीन कंक्रीट (डी.एल.सी.) की पहली लेयर बिछाई जा चुकी है। इसके डालने



के पश्चात सीमेंट कंक्रीट की मोटी व मजबूत लेयर डाली जाएगी। उन्होंने बताया कि रोड के दोनो ओर की सडकें सीमेंट कंक्रीट की बनाई जाएंगी। पानी निकासी के लिए सोशल ड्रेन होगी। सडक को सुरक्षित बनाने के लिए रोड फर्नीचर के तहत कैटआई, रिफ्लेक्टर, थर्मोप्लास्टि पेंट, सोलर स्टड, डेलीनेटर तथा जेब्रा क्रॉसिंग जैसे कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि करीब अढ़ाई किलोमीटर लम्बाई की दोनों ओर की सडकों के सुदृढ़ीकरण पर अनुमानित 2 करोड़ 48 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। अगले करीब 2 माह में यह कार्य मुकम्मल कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कर्ण कैनाल मार्किट में विभिन्न कार्यालय, संस्थान, शोरूम व रेस्टॉरेंट होने के कारण यहां रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। सडक पर गढ्ढे हो जाने के कारण नागरिकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। परंतु अब इस सडक का निर्माण सीमेंट कंक्रीट से किया जा रहा है, जो लम्बे समय तक अपने अस्तित्व में बनी रहेगी। इससे नागरिकों का आवागमन सुगम और सुरक्षित बनेगा। निगमायुक्त ने रघुनाथ मंदिर मार्ग की जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय से बगवाडि?ा गैस एजेंसी चौक तक सीमेंट कंक्रीट से मजबूत सडक का निर्माण किया जा चुका है। अब इस मार्ग के दोनों ओर बरसाती पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सडक पर रोड फर्नीचर के तहत कैटआई, रिफ्लेक्टर, थर्मोप्लास्टि पेंट, सोलर स्टड, डेलीनेटर तथा जेब्रा क्रॉसिंग जैसे कार्य भी करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि करीब 750 मीटर लम्बे इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य पर अनुमानित 2 करोड़ 22 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

## सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया का जागरूकता अभियान जारी रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया** के जिला संयोजक पवन मित्तल ने बताया कि उनकी संस्था कुरुक्षेत्र जिला व हरियाणा राज्य सहित अन्य राज्यों में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रक्तदान, रोजगार एवं जल संरक्षण इत्यादि क्षेत्रों कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरूक करने के अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि आजकल भीषण गर्मी पड़ रही है। स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों में अवकाश चल रहे हैं तो सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के सदस्य एवं पदाधिकारी विद्यार्थियों व शिक्षकों को गर्मी से बचने के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का प्रयास है कि बच्चे एवं अभिभावक आजकल की गर्मी में बचाव करें। मित्तल ने कहा कि ट्रस्ट के अभियान के अंतर्गत लोगों एवं बच्चों तक संदेश पहुंचाया जा रहा है कि गर्मी में बेवजह बाहर न निकले। पवन मित्तल जो राजकीय प्राथमिक विद्यालय के मुख्य शिक्षक हैं ने बताया कि अध्यापक बच्चों को गर्मी से बचने के लिए छुट्टियों के बावजूद भी जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का प्रकोप अपने शीर्ष पर है। सभी अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत की संभाल करें। मित्तल ने कहा कि लोग ट्रस्ट का सहयोग लेकर ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएं और उनकी लगातार देखभाल भी करें। गर्मी में ज्यादा से ज्यादा नींबू पानी का प्रयोग करें। गर्मी से बचने के लिये हर रोज ताजे पानी से स्नान करना चाहिए। बच्चे धूप में बिल्कुल न निकलें व घर पर रहकर ही पढ़ाई करें। पानी की बबार्दी बिलकुल न करें। घर की छतों पर पक्षियों के लिए भी दाना पानी अवश्य रखें। बच्चे एवं गर्मियों में फास्ट फूड बिल्कुल न खाएं।

## संपादकीय

# वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि

दुनिया के ताकतवर मुल्क अमेरिका में पर्यावरण और जीव विज्ञानियों ने बहुत बार शोध करके यह सिद्ध किया है, वृक्षों में भी महसूस करने और समझने की क्षमता होती है। जैन धर्म भी मानता है, वृक्ष में भी आत्मा होती है, क्योंकि यह संपूर्ण जगत आत्मा का ही खेल है। वृक्ष को काटना अर्थात उसकी हत्या करना है। हरित क्रांति की बात चलती है तो मुझे बरबस भगवान तीर्थंकर महावीर का भावपूर्ण स्मरण आता है। पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में भगवान महावीर की प्रासंगिकता बढ़ गई है। इसीलिए भगवान महावीर को पर्यावरण पुरुष भी कहा जाता है। अहिंसा विज्ञान को पर्यावरण का विज्ञान भी कहा जाता है। भगवान महावीर मानते थे कि जीव और अजीव की सृष्टि में जो अजीव तत्व है अर्थात मिट्टी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति उन सभी में भी जीव है, अतः इनके अस्तित्व को अस्वीकार मत करो। इनके अस्तित्व को नामंजूर करने का मतलब है, अपनी मौजूदगी को अस्वीकार करना। दृश्य और अदृश्य सभी जीवों का अस्तित्व स्वीकारने वाला ही पर्यावरण और मानव जाति की रक्षा के बारे में सोच सकता है। जैन धर्म में वनस्थली की परम्परा रही है। चेतना जागरण में पीपल, अशोक, बरगद आदि वृक्षों का विशेष योगदान रहा है। ये वृक्ष भरपूर ऑक्सीजन देकर व्यक्ति की चेतना को जागृत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैन धर्म ने सर्वाधिक पौधों को अपनाए जाने का संदेश दिया है। सभी 24 तीर्थंकरों के अलग-अलग 24 पौधे हैं। भगवान महावीर और भगवान बुद्ध समेत अनेक महापुरुषों ने इन वृक्षों के नीचे बैठकर ही निर्वाण या मोक्ष को पाया है, इसीलिए वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। अंधाधुंध वृक्षों के कटान से हमारे जंगल कंक्रीट जंगल में तब्दील होते जा रहे हैं। यदि कटान की यह रफ्तार न थमी तो एक दिन ऐसा भी होगा, जब मानव को रेगिस्तान की चिलचिलाती धूप में प्यासा मरना होगा। जंगल से हमारा मौसम नियंत्रित और संचालित होता है। जंगल की ठंडी आबोहवा नहीं होगी तो सोचो धरती आग की तरह जलने लगेगी। इसमें कोई शक नहीं, मनुष्य के मन में लालच की सीमा बढ़ने लगी है। अधिकतम लाभ और धन पाने की इच्छा के वशीभूत होकर वह इन वृक्षों को काटकर इमारती लकड़ियों आदि के रूप में प्रयोग करने लगा है। वृक्षों के बेरोकटोक काटे जाने से पृथ्वी के दुर्लभ जीव-जंतु भी समाप्त हो रहे हैं। कुछ तो संख्या में गिनने लायक ही रह गए हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो ये दुर्लभ जीव-जंतु बिल्कुल समाप्त हो जाएंगे। वृक्षों के कटान से वायु में कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है, जबकि ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। इससे वायु प्रदूषित होकर प्रकृति की स्वाभाविक क्रिया में असंतुलन पैदा कर देती है। परिणामस्वरूप प्रदूषित वातावरण के चलते पर्यावरणीय असंतुलन हो जाता है। इसका मानव स्वास्थ्य पर भी घातक असर पड़ रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ऑक्सीजन के बिना जीवन असंभव है। भगवान महावीर का आदर्श वाक्य है-मित्ती में सव्व भूएसु। अर्थात सब प्राणियों से मेरी मैत्री है। क्लीन टीएमयू-ग्रीन टीएमयू के अपने संकल्प के प्रति तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी प्रतिबद्ध है। प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने के लिए 140 एकड़ में आच्छादित यूनिवर्सिटी कैंपस में बीस हजार से अधिक छायादार-फलदार वृक्षों के संग-संग सुगंधित फूलों के पौधे इसके साक्षी हैं।

# महासागरों में बढ़ते प्रदूषण को रोकना होगा



**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "एक अनुमान के अनुसार केवल महासागर के अंदर करीब दस लाख प्रजातियां उपस्थित हो सकती हैं। हम सांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं। उसकी दस फीसद मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है। समुद्र में मौजूद सूक्ष्म वैक्टीरिया ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन के लिए बेहद जरूरी है। समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से ये वैक्टीरिया पनप नहीं पा रहे हैं। जिसके कारण समुद्र में ऑक्सीजन की मात्रा भी लगातार घट रही है। यदि हम समय रहते नहीं चेते तो यह पशु-पक्षियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी बहुत बड़ा खतरा बन सकता है।"

**महासागर** इस दुनिया में मनुष्य के जीवित रहने का एक प्रमुख कारण है। महासागर हमें पीने के लिए पानी और सांस लेने के लिए ताजी हवा प्रदान करता है। इसलिए महासागर प्रदूषण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ महासागर पर निर्भर हैं। महासागर प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। हमारे महासागरों में कचरा जमा हो रहा है लेकिन सवाल यह है कि कचरा कहाँ से आ रहा हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है।

हर साल जून 8 को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा था। 8 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर विश्व में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरो में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है।

प्रशांत महासागर पृथ्वी पर सबसे बड़ा महासागर है। पृथ्वी की सतह का यह लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। इस महासागर की गहराई 35 हजार फुट और इसका आकार ट्राईगल यानि त्रिभुजाकार है। प्रशांत महासागर में करीब 25,000 द्वीप हैं। अटलांटिक महासागर क्षेत्रफल और विस्तार की दृष्टि से दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा महासागर है। इसके पास पृथ्वी का 21 प्रतिशत से अधिक भाग है। अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के 8 की संख्या के जैसा है। इस महासागर की कुछ वनस्पतियां खुद से चमकती हैं क्योंकि यहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती। हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह धरती का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। हिंद महासागर को रत्नसागर नाम से भी जाना जाता है। हिन्द महासागर इकलौता ऐसा महासागर है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। अंटार्कटिका महासागरों में चैथा सबसे बड़ा महासागर है। इस महासागर को ऑस्ट्रल महासागर के नाम से भी जाना जाता है। इस महासागर में आइसबर्ग तैरते हुए देखे जाते हैं। अंटार्कटिका की बर्फीली जमीन के अंदर 400 से भी अधिक झीलें हैं। आर्कटिक महासागर पांच महासागरों में सबसे छोटा और उथला महासागर है। इसे उत्तरी ध्रुवीय महासागर भी कहते हैं। सर्दियों में यह महासागर पूर्णतः समुद्री बर्फ से ढका रहता है।

महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरो में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने वाले परितंत्रों में महासागर की उपयोगिता को देखते हुए यह आवश्यक है कि हम महासागरीय पारितंत्र के संतुलन को बनाए रखें तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ महासागर अपने अंदर व आस-पास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रो को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव व वनस्पतियां पनपती हैं। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में स्थित मैन्ग्रोव जैसी वनस्पतियों से संपन्न वन समुद्र के अनेक जीवों के लिए नर्सरी का काम करते हुए विभिन्न जीवों को आश्रय प्रदान करते हैं। महासागरों में पृथ्वी का सबसे विशालकाय जीव व्हेल से लेकर सूक्ष्म जीव भी मिलते हैं।

एक अनुमान के अनुसार केवल महासागर के अंदर करीब दस लाख प्रजातियां उपस्थित हो सकती हैं। हम सांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं। उसकी दस फीसद मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है। समुद्र में मौजूद सूक्ष्म वैक्टीरिया ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन के लिए बेहद जरूरी है। समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से ये वैक्टीरिया पनप नहीं पा रहे हैं। जिसके कारण समुद्र में ऑक्सीजन की मात्रा भी लगातार घट रही है। यदि हम समय रहते नहीं चेते तो यह पशु-पक्षियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी बहुत बड़ा खतरा बन सकता है।



## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

**संजीव**

# अंगना टूटा तो टिकट मिली, अब थप्पड़ पक्का बनाएगा मंत्री

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**बॉलीवुड अ**भिनेत्री और मंडी से भाजपा की नई सांसद कंगना रनौत के साथ गुरुवार चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर जो हुआ,वह मौके पर चौका है। किसानों पर अमर्यादित टिप्पणी के नाम पर सीआईएसएफ जवान द्वारा कंगना को थप्पड़ मारने से आंदोलनकारियों को नया मुद्दा मिला है, वहीं कंगना को गर्म लोहे पर सीधी चोट मारने का अवसर। इस एक थप्पड़ से कंगना को कोई नुकसान नहीं होने वाला। इस तरह के हजारों थप्पड़ रीटेक के नाम पर इन्होंने अपनी फिल्मों की शूटिंग में खूब खाए हैं। जितना तेज थप्पड़ उतना बड़ा चेक। ऐसे में ये थप्पड़ भी उनके लिए ब्लैंक चेक है। अब इससे कंगना को क्या हासिल होना है और कितना मिल पाएगा। यह अब उनके विवेक पर निर्भर रहेगा। ' क्वीन' का एक फेमस डायलॉग तो आपने सुना ही होगा ' मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत अच्छा है आपको धीरे धीरे पता चलेगा। हर समय अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाली 'पंगा क्वीन' को इससे फायदा ही फायदा है। मुंबई में बीएमसी ने इनका बंगला न तोड़ा होता तो उद्धव ठाकरे से इनका पंगा क्यों होता? पंगा नहीं होता तो मोदी जी तक उनकी मुखरता कैसे पहुंचती। इसी मुखरता ने भाजपा से उनको टिकट दिलाई और सांसद बन गई। इसी तरह देश की सबसे बड़ी कौम के खिलाफ उन्होंने जो टिप्पणी की थी वो बिना सोचे समझे थोड़े ही की होगी। उन्हें साफ पता होगा कि उनका यह बयान कितना चर्चा दिलाएगा।

चार वर्ष बाद कंगना को इसे कैश कराने का अब पूरा मौका मिला है। दिल्ली जाते ही सीधे मोदी जी के समक्ष एक्टिंग बढ़िया की तो मंत्री पद रूपी तोहफा मिलने का पूरा मौका रहेगा। एक्टिंग तो ' तनु वेड्स मनु ' में हम देख ही चुके हैं। मंत्री पद नहीं दिया तो मोदी जी को ' मनिकर्णिका' का ये डायलॉग थोड़े ही सुनना है ' ये राज महल, ये सिंहासन मुझे रानी नहीं बनाता है। झांसी के लोगों का प्यार, उनका विश्वास मुझे रानी बनाता है '। वैसे कंगना और विवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। चाहे फिल्म क्षेत्र हो चाहे राजनीति। कंगना अपनी तीखी जुबानी तरकश से आग उगलते देर नहीं लगाती है किसान आंदोलन से पहले भी कंगना ने अपनी बयानबाजी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हुई थी । बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर चर्चा हो या देश में राजनीति का मुद्दा अपनी ' मणिकर्णिका ' ने हर बार मुखर होकर बेबाक राय रखी। यहां तक कि हमारी इस गैंगस्टर ने मुंबई में रहते हुए शिवसेना के खिलाफ भी तीखी बयानबाजी करने से गुरेज नहीं किया। सोशल मीडिया की तो हमारी कंगना क्वीन रही है। उनके बयानों के भूकंप से ट्विटर भी थरा चुका है। एक बार तो अकाउंट तक सस्पेंड करना पड़ा था।

इनके श्री मुख से ' भारत को आजादी भीख में

## विचार

# कंगना को थप्पड़, खूनी दौर का संकेत

**प्रियंका सौरभ**

**वैचारिक मतभेदों को** व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों।' शर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं। क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लान अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है ह्लह्ल भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। ह्यथप्पड़ह्ल कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतःस्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं। इतना ही नहीं कई नेताओं पर जूता उछाले जाने की घटनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र लोगों को विरोध प्रदर्शन की आजादी देता है और लोग विरोध के नए-नए तरीके खोज लाते हैं। कभी विरोध में अंडे, टमाटर फेंके जाते हैं, तो कभी जूते-चप्पल कंगना ने किसान आंदोलन के खिलाफ में कुछ बोला तो सीआईएसफ की कांस्टेबल ने आज कंगना पर हमला कर दिया। ये कहाँ तक उचित है? जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे ये समझ लें कि रक्षक को भक्षक नहीं बनना होता है। आपकी व्यक्तिगत सोच और विचारधारा आपकी ड्यूटी के बीच में नहीं आनी चाहिए। देशभर में दर्जनों नेता हैं जो सेना के खिलाफ बोलते आये हैं। कभी सिक्युरिटी के दौरान किसी सैनिक की भावना उसकी ड्यूटी के बीच आ गई तो ऐसे नेताओं का वहीं हिसाब हो जाएगा। धारा ३७०, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कई नेताओ और सेलिब्रिटीज के घटिया और भद्दे बयान सबके सामने हैं।ऐसे लोगों के खिलाफ अगर हर सुरक्षाकर्मी सिक्युरिटी के दौरान अपनी भवनाएँ दिखाने लगा तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जायेगी। मुझे तो ये समझ नहीं आ रहा है कि लोग कैसे इस महिला के एक्ट को जस्टिफाय कर सकते हैं। क्या लोग ये भूल गए कि ऐसे ही दो सुरक्षाकर्मचारियों की भावनाएँ उनकी ड्यूटी के बीच आ गई थी जिसकी वजह से इंदिरा गांधी की हत्या हुई। हिंसा की भर्त्सना बिना शर्त जब तक न की जाएगी, जब तक उसके लिए कोई औचित्य तलाशा जाता रहेगा और जब तक वह विचारधारा के आधार पर सही या गलत मानी जाएगी, उसकी पुनरावृत्ति होती रहेगी। संचार माध्यमों द्वारा हिंसा को नयनाभिराम बनाकर अगर उपभोग्य बना दिया गया तो वह फिर बार-बार ह्यअदाह्ल की जाएगी और अपनी भयावहता भी खो बैठेगी। वह लोकतंत्र का सबसे सबसे खतरनाक क्षण होगा।देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? अपनी ड्यूटी निभाते हुए यह करना क्या उचित है? क्या इसको बढ़ावा देना उचित है? क्या कल को और कोई नहीं ऐसे किसी नेता या पब्लिक फिगर पर हाथ उठेगा? क्या गारंटी है कि कल को यही घूम कर सभी के पास आएगा। थप्पड़ मारने को उचित नहीं कहा जा सकता, साथ ही ऐसे गुस्से को भी सुनना तो पड़ेगा, सुनना चाहिए। राजनेताओं को समझना चाहिए कि पीड़ित जनता की भावनाओं के प्रति यदि वे न केवल संवेदनहीन बल्कि क्रूर व अमानवीय रवैया अपनायेंगे तो जनता अपनी हताशा किसी रूप में तो व्यक्त करेगी। किसी को थप्पड़ मारना अपराध है। इस तरह के मामलों में पुलिस इंडियन पीनल कोड के सेक्शन 323 के तहत केस दर्ज करती है। उन्होंने आगे कहा कि आईपीसी के सेक्शन 323 के तहत अगर कोई अपनी इच्छा से किसी को चोट या नुकसान पहुंचाता है, तो ऐसा करने पर उसे 1 साल की जेल हो सकती है। साथ ही 1 हजार रुपये का जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है। लेकिन अगर ये बात सामने आती है कि किसी ने बदसलूकी की और फिर ये घटना हुई तो अदालत सजा को बदल भी सकती है या मामले को ही खारिज कर सकती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# ऐसे हुआ चुनाव प्रचार का खेला

**रामविलास जांगिड़**

चुनाव का समय था और हर जगह राजनीतिक सरगर्मी थी। तेज तर्राट तिकड़ी को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई। स्टार प्रचारक प्यासा कौआ चतुरीलाल, लालची कुत्ता कुमार स्वार्थ और अंगूर खट्टे हैं कहने वाली लोमड़ी बदलीबाई ने अपनी कमर कस ली। चतुरीलाल ने कहा, "सुनो, हमें जनता को अपने पक्ष में करने के लिए कुछ नई चतुर तरकीबें लगानी होंगी।" कुमार स्वार्थ ने अपनी घुटी हुई आवाज में कहा, "हां, लेकिन ध्यान रखना होगा कि हम किसी भी कीमत पर अपनी जेबें ही भर सकें।" बदलीबाई ने हंसते हुए कहा, "सही कहा, हमें चालाकी से काम करना होगा ताकि लोग हमें ही वोट दें।" पानी की भारी कमी वाले क्षेत्र से चुनाव प्रचार शुरू हुआ। चतुरीलाल ने चतुराई का परिचय देते हुए लोगों से कहा, "एक समय की बात है, जब मैं बहुत प्यासा था, लेकिन अपनी चतुराई से मैंने अपनी प्यास बुझाई। आप हमें वोट देंगे तो हम आपकी भी उसी 'अंतरराष्ट्रीय कंकड़ योजना' से प्यास बुझा देंगे। हर घर, खेत, खलिहान में एसी लगवा देंगे।" तब कुमार स्वार्थ ने अपना दांव खेला, "हमारी सरकार आने पर हर घर के बाहर, हर 1 घंटे में एक-एक पानी का टैंकर होगा। हर घर में स्विमिंग पूल बना देंगे। साथ में मुफ्त का ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर भी मिलेगा।" बदलीबाई ने अपनी चालाकी दिखाते हुए कहा, "अगर आप हमें वोट देंगे तो हम यहां के अंगूरों के साथ-साथ नीम के सभी पेड़ों को मीठा कर देंगे। हर एक नीम और बबूल के पेड़ पर मनचाही मिठाइयां लटका देंगे। यह हमारी गारंटीड स्कीम है।" धीरे-धीरे तीनों की प्रचार तकनीक काम करने लगी। वोटर उनके वादों से प्रभावित होने लगे। उनकी चतुराई, लालच और चालाकी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया कि लोग उन्हें अपने नेता के रूप में देखने लगे। चुनाव के दिन नजदीक आए। तीनों ने मिलकर कई बड़ी रैलियां व रोड शो किए। चतुरीलाल ने मंच से कहा, "हमारी जीत, आम जनता की जीत होगी।" कुमार स्वार्थ ने हंसते हुए कहा, "हम आपके हर सपने को सच करेंगे।" बदलीबाई ने मुस्कुराते हुए कहा, "आप हमें वोट दें और देखिए कैसे हम आपके जीवन को स्वर्ग से भी सुंदर बना देंगे।"

# जैसे-तैसे मैं मुफ्ताटैक से बच पाया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**राजस्व** विभाग में मेरा काम मुफ्त में हो गया। इतनी खुशी मुझे जीवन में कभी नहीं मिली थी। एक बार के लिए मैं मूर्छित होने वाला था। वो तो मेरे परिजनों ने मुझे सही समय पर डॉक्टर के पास पहुँचाया। डॉक्टर ने मेरे परिजनों को बताया कि मुझे मुफ्ताटैक का दौरा पड़ा है। इन्हें ज्यादा खुश होने के अवसर मत दीजिए। नहीं तो आगे इन पर फिर से इस तरह का दौरा पड़ सकता है।

मुझे घर पर लाया गया। कुछ दिन बीते। एक दिन अचानक मेरी बंजर भूमि के लिए किसान फसल योजना के पैसे मेरे खाते में जमा होने लगे। मैं दिल्ली का किसान हूँ। यहाँ केवल राजनीति नहीं होती। कभी-कभी चमत्कार भी होते हैं। मैंने जीवन में कभी खेती नहीं की। इसलिए बिन उगाई फसल के लिए पैसे मिलने लगे तो किसे खुशी नहीं होगी। मुझे फिर से मुफ्ताटैक का दौरा पड़ने ही वाला था कि बेटे ने आकर बताया कि सरकार ने केवल आधे पैसे जमा किए हैं और आना बाकी है। जैसे-तैसे मैं मुफ्ताटैक से बच पाया। मैं आधार कार्ड से बूढ़ा हो चला हूँ। इसलिए वृद्ध पेंशन योजना का लाभार्थी हूँ। असलियत में मेरी उम्र कुछ और है। उम्र ऐसी कि मैं कहीं भी नौकरी कर सकता हूँ। लेकिन जब बैठे-बिठाए चार पैसे मिल रहे हों, तो भला कोई नौकरी क्यों करेगा। कभी-कभी मेरा ईमान जाग उठता था। चुल्लू भर पानी में डूब मरने की इच्छा भी होती थी। हाय मैं यह भी न कर सका, क्योंकि सरकार मुफ्त का पानी चुल्लू भर की मात्रा से अधिक देती थी।

मैं अपनी इकाई से कम सरकार की इकाई से ज्यादा चलता हूँ। सरकार ने फलाँ इकाई तक बिजली मुफ्त कर दी थी। इसलिए मैंने उस इकाई को कभी पार नहीं की जहाँ मुझे सरकार को एक रुपया भी देना पड़े। कहते हैं मुफ्त की आदत पड़ जाए तो कैंसर और एड़स की बीमारियाँ भी बौने लगने लगती हैं। कभी-कभी तो लगता है कि मुफ्त की फिनाइल पैसे देकर खरीदे गए दूध से भी अधिक मजा देता होगा। मैं जब भी टीवी चलाता हूँ तो एक नई उम्मीद जाग उठती है कि आज सरकार कौनसी मुफ्त योजना लाने जा रही है। अब मुझे मुफ्तखोरी की आदत पड़ गई है। बीवी-बच्चों को भी मुफ्तभोगी बनने की ट्रेनिंग देता रहता हूँ।

## न्यूज फ्लैश

### भारत में अमेजन प्राइम मेंबरशिप प्लान के बारे में वो सबकुछ जिसके बारे में जानना आपके लिए जरूरी है

**नोएडा।** अमेजन पिछले 15 महीनों से अलग-अलग कीमत वाले प्राइम मेंबरशिप प्लान का परीक्षण कर रहा है ताकि भारत में ग्राहकों को परेशानी मुक्त, फायदेमंद खरीदारी अनुभव प्रदान किया जा सके जो उनकी खरीदारी वरीयताओं के लिए अनुकूलित है। यहां कई मेंबरशिप प्लान हैं जो हर तरह के ग्राहकों और आय वर्ग के लोगों की जरूरतों को पूरा करते हैंः योग्य अमेजन ग्राहक अपनी आवश्यकता के लिए सबसे उपयुक्त प्राइम प्लान को चुन सकते हैं। अमेजन ने प्राइम शॉपिंग एडिशन को पेश किया है, जो एंड्रॉयड मोबाइल यूजर्स के लिए 399 रुपए पर एक वार्षिक मेंबरशिप प्लान है। प्राइम शॉपिंग एडिशन का वर्तमान में उन ग्राहकों के लिए परीक्षण किया जा रहा है जो केवल शिपिंग और शॉपिंग बेनेफट्सि चाहते हैं। इस मेंबरशिप प्लान में प्राइम वीडियो या अमेजन म्यूजिक जैसा कोई भी डिजिटल या एंटरटेनमेंट बेनेफट्सि नहीं मिलता है। जमील घानी, वाइस प्रेसिडेंट, अमेजन प्राइम, ने कहा, प्राइम शॉपिंग एडिशन कई भारतीय ग्राहकों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग की पेशकश करेगा, जो वर्तमान में डिजिटल या एंटरटेनमेंट बेनेफट्सि के लिए अनिच्छुक हो सकते हैं। समय के साथ, वे उन सभी अन्य बेनेफट्सि की तलाश करेंगे जो अभी एक प्राइम मेंबरशिप में पेश किए जाते हैं। घानी ने आगे कहा, भारत हमेशा से अमेजन के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है और आगे भी रहेगा। देशभर में ग्राहकों में विविधता और मूल्य के प्रति संवेदनशीलता अमेजन प्राइम के लिए इन्नोवेशन के शानदार अवसर प्रदान करती है। प्राइम शॉपिंग एडिशन एक सीमित अवधि की पेशकश है और सभी ग्राहक वर्तमान में इस प्लान का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। ग्राहक इस प्लान का उपयोग कब कर पाएंगे इसके बारे में अमेजन ग्राहकों को सूचित करेगा। ग्राहक पहले से ही प्राइम (सभी प्राइम बेनिफिट्स) और प्राइम लाइट के बीच चयन करने में सक्षम हैं - प्राइम रीडिंग, प्राइम गेमिंग और प्राइम वीडियो एक्सेस के अपवाद के साथ सभी प्राइम बेनेफट्सि एक डिवाइस तक सीमित हैं। घानी ने कहा, प्राइम प्लान के साथ, हम अपने ग्राहकों के लिए प्राइम को सबसे पसंदीदा मेंबरशिप और मूल्यवर्धित बनाने के लिए निवेश करते रहेंगे।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा में सेल्फ-लॉन्ड्री सेवा का विस्तार किया

**नोएडा** । भारत का अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा में अपनी इनोवेटिव सेल्फ-लॉन्ड्री सेवा के लॉन्च के साथ छात्र जीवन को बेहतर बनाने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है। यह विस्तार फरवरी 2024 में ग्रेटर नोएडा के गलगोटियास विश्वविद्यालय में सेवा की सफल शुरूआत के बाद हुआ है। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में सेल्फ-लॉन्ड्री सुविधा लगभग 1000 छात्रों की सेवा के लिए डिजाइन की गई है, जो उन्हें 'लॉन्ड्री क्रू' एप्लिकेशन के माध्यम से एलजी कमर्शियल वॉशिंग मशीन का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करती है। यह ऐप छात्रों के लिए परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित करते हुए मशीन आरक्षण, संचालन और स्वचालित भुगतान को सक्षम करके कपड़े धोने की प्रक्रिया को सरल बनाता है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी श्री होंग जू जियोन ने कहा, "हमारा लक्ष्य छात्रों के लिए व्यावहारिक और नवीन समाधान लाना है, जिससे उन्हें अपना समय बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिले।" "इस सेवा के साथ, हमारा लक्ष्य छात्रों के लिए अधिक सुविधाजनक और कुशल वातावरण बनाना है। हम प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और अपने उपभोक्ताओं के लिए रोजमर्रा की ज़िंदगी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम युवा पीढ़ी के साथ एक प्रामाणिक, भावनात्मक जुड़ाव बनाना चाहते हैं। जेनरेशन से जुड़ने के प्रयास में, हमारा हाल ही में लॉन्च किया गया "लाइफ़्स गुड विद ऑप्टिमिज्म" अभियान ब्रांड के प्रतिष्ठित "लाइफ़्स गुड" सिद्धांत पर आधारित है।" जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट नोएडा के डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वी के तोमर ने नई सेवा के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, इस सेल्फ-लॉन्ड्री सेवा को हमारे परिसर में लाने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझेदारी करना हमारे लिए एक बड़ा कदम है। यह पहल हमारे छात्रों को अधिक समय और सुविधा प्रदान करेगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई और गतिविधियों पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। हम एलजी के साथ एक सफल सहयोग की आशा कर रहे हैं, जिससे जयपुरिया में छात्र अनुभव में लगातार सुधार हो रहा है।"

# हैप्पी कार्ड योजना लाखों अत्योदय परिवारों के चेहरे पर लेकर आई है खुशियां: विधायक

## विधायक मोहनलाल बडौली ने अत्योदय परिवारों के लाभार्थियों को वितरित किए हैप्पी कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः वंचितों को वरीयता देने** की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में वेब कास्टिंग के जरिए प्रदेश के सभी 36 डिपो व सब डिपो पर हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) के नए कार्ड वितरण की शुरूआत की। जिला स्तर पर सोनीपत के बस स्टैंड पर इस हैप्पी कार्ड वितरण समारोह में राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने 10 लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए। इस मौके पर बड़ी एलइडी स्क्रीन के जरिए नागरिकों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह का संबोधन भी सुना। जिला स्तरीय कार्ड वितरण समारोह को संबोधित करते हुए




विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा सरकार की यह पहल प्रदेश के लाखों अत्योदय परिवारों के चेहरे पर खुशी लेकर आएगी। हैप्पी योजना उन गरीब परिवारों को बहुत बड़ी राहत है जो हर रोज अपना काम धंधा करने के लिए दूसरी जगह पर जाते हैं। इससे इन गरीब परिवारों को आवागमन में बहुत बड़ी सहूलियत होगी। सरकार का यह बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि सरकार का पहला उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं को लाभ मिले और यह कार्य करने में सरकार कामयाब भी हो रही है। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि हैप्पी योजना के लाभाथियों को प्रतिवर्ष एक हजार किलोमीटर तक अब मुफ्त में हरियाणा रोडवेज की बस में सफर करने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जो पात्र परिवार इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं वे जल्द से जल्द इस कार्ड के लिए परिवहन विभाग की साइट पर आवेदन करें। इसके अलावा बस स्टैंड पर भी कार्ड जारी करने के लिए बूथ स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 57000 से अधिक लाभार्थियों को पात्रता मानदंडों के अनुसार हैप्पी कार्ड वितरित किए गए हैं। जिला सोनीपत में 26 हजार नागरिकों ने हैप्पी कार्ड के लिए आनलाइन आवेदन किया है। अभी तक जिला में 1800 से अधिक नागरिकों को हैप्पी योजना के कार्ड दिए जा चुके हैं।

## योग दिवस की तैयारियों को लेकर करवाया छात्रों को योग



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय बजाना खुर्द में योग दिवस की तैयारी के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षक द्वारा शिविर लगाकर बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ऊं व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। उसके बाद आयुष विभाग के योग सहायक जीत राम और शारीरिक शिक्षक रामकुवांर के मार्गदर्शन में योग हुआ। इसमें छात्रों को योग के कई लाभकारी आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही हर आसन से जुड़ी शारीरिक व मानसिक लाभ के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। बताया गया कि योग करने से शारीरिक व मानसिक अनेक फायदे होते हैं। योगाभ्यास के दौरान बताया गया कि योग के विभिन्न आसनों से शरीर के अलग-अलग हिस्सों को फायदा पहुंचता है। योग में शरीर के हर छोटे से छोटे अंग का व्यायाम होता है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग व्यक्ति तक कोई भी योग के आसन कर सकता है। योग दिवस के प्रति छात्र- छात्राओं को जागरूक करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने कहा कि योग स्वस्थ्य जीवन की सकारात्मक दिशा है। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

## छत से गिरने से सोलर पैनल मकैनिक की मौत

**समालखा : सोलर पैनल लगाने** के दौरान छत से गिरकर गांव डिकाडला के युवक की मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। मिली जानकारी के अनुसार गांव डिकाडला का रहने वाला अमित सोलर पैनल लगाने का काम करता था। डिकाडला-हथवाला रोड पर स्थित जुराब की फैक्ट्री की छत पर सोलर लगाने का काम कर रहा था। इस दौरान असंतुलित होने पर वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

# उखाड़ी गई सड़कों को दुरूस्त नहीं कर रहा विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जनस्वास्थ्य विभाग शहर में** पेयजल आपूर्ति लाइन को ठीक करने के बाद खोदी गई सड़क को दुरुस्त नहीं कर रहा। जिससे लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर के नगरपालिका रोड को करीब 12 दिन पहले पानी की लेकगे ठीक करने के लिए उखाड़ा था, जिसे आज तक ठीक नहीं किया गया। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा मिट्टी से गड्ढा तो भर दिया लेकिन सड़क के टुकड़े को पक्का नहीं करवाया गया। इसी प्रकार राजकीय माडल संस्कृति स्कूल गन्नौर से ईदगाह रोड की तरफ जा रही सड़क दो जगहों से खोद कर छोड़ दी है। ईदगाह रोड के निकट तिराहा पर कई महीनों



पहले पानी की पाइप लाइन को दुरूस्त करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जेसीबी से सड़क को उखाड़ दिया था। उस समय सड़क उखाड़ कर पाइपलाइन तो ठीक कर दी गई। परंतु विभाग द्वारा उखाड़ी गई सड़क को दुरुस्त करना उचित नहीं समझा है। कई महीने बाद भी विभाग द्वारा इसे दुरुस्त नहीं किया गया है। इसके चलते स्थानीय लोगों, दुकानदारों एवं राहगीरों को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि वह कई बार जनस्वास्थ्य विभाग से सड़क को दुरुस्त करने की मांग कर चुके हैं। जबकि अभी तक कोई निवारण नहीं हुआ है। ठेकेदार द्वारा सड़क को उखाड़ मिट्टी रोड़ा आदि मलबा ऐसे ही सड़क पर छोड़ दिया है। यह सबसे व्यस्त मार्ग होने के चलते यहां से दिनभर बड़ी तादाद में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। इससे राहगीरों को दुर्घटनाओं का भय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि वह जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत कर थक चुके हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब वह एसडीएम डा. निर्मल नागर को इस बारे में शिकायत देकर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

## ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित होंगी देश की महान शख्सियतें



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** पऊाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा करनाल में करप्शन फ्री इंडिया अभियान को समर्पित ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन 14 जुलाई को किया जाएगा, जिसमें फिल्म अभिनेता चंकी पांडे चीफ सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा ने की। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन छह वर्षो से करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक कर रहा है, जिसको लेकर सम्पूर्ण भारतवर्ष में प्रोजेक्ट चलाये जा रहे हैं और फाउंडेशन के टीम लीडर्स इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जो फाउंडेशन के अवेयरनैस अगेंस्ट करप्शन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा अपने टीम लीडर्स को भ्रष्टाचार उन्मूलन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बड़े समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाता है।

# विधायक निर्मल चौधरी ने सड़क निर्माण को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः पिछले कई वर्षो से** जर्जर अवस्था में पड़े सनपेड़ा रोड की रिपेयरिंग कार्य शुरू होने के बाद विधायक निर्मल चौधरी ने निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्धारित समय में गुणवत्ता युक्त कार्य करनेके आदेश दिया। गांव में पहुंचने पर सरपंच प्रमोद ढाका ने बुक्का देकर विधायक का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि जीटी रोड से रामनगर वाया सनपेड़ा सड़क मार्ग पर 3 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किए जाने है। पीडब्ल्यूडी विभाग



द्वारा सड़क की रिपेयरिंग का टेंडर भी लगा दिया गया था। अब सड़कों की रिपेयरिंग का काम शुरू किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आचार संहिता के कारण हल्के में करोड़ों रुपए की लागत से दर्जन के करीब मुख्य सड़कों का रिपेयरिंग व सड़कों को चौड़ा करने काका काम होना है। हल्के का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है । हल्के में विकास कार्य तेजी से शुरू होकर और उनका जल्दी निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा । गांव सनपेड़ा व रामनगर तक की करीब 6 किलोमीटर सड़क की हालत बहुत ही जर्जर है। जिस कारण सड़क मार्ग पर वाहन चालकों को वहां से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जल्दी ही सड़क निर्माण के बाद सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा । इस मौके पर पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सीइन पंकज गॉड , एसडीओ रविन दत्त, जे ई विकास, सनपेड़ा गांव के सरपंच प्रमोद ढाका, सरपंच आशु त्यागी, भोपाल रापरिया, दीपक, महक , संजय, सुरेंद्र रोहिल्ला, डा. जितेंद्र, सोनू, संदीप, कर्मजीत, करतार सिंह आदि गांव के लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश में कांग्रेस का माहौल बन चुका है : त्यागी: सुरेश त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल** ब्रहमचारी की जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी ने कुराड रोड स्थित अपने कार्यालय में कार्यकताओं के साथ एकत्रित होकर मिठाई बाटी और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कांग्रेस कार्यकर्ता ढोल की थाप पर झूमते नजर आए। त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश की जनता बदलाव चाहती थी। प्रदेश में कांग्रेस का माहौल बन चुका है। परिणामों ने साबित कर



दिया है कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आएगी। राहुल गांधी कि देश में निकली गई हजारों किलोमीटरकी पैदल यात्रा का परिणाम है कि आज देश व प्रदेश में कांग्रेस की लहर चली हुई है। राहुल गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सबसे मजबूत और ईमानदार नेता हैं।

# सुनील की हत्या मामले में एक नाबालिग सहित चार आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत /कमाल हुसैन**

**सीआईए वन पुलिस टीम** ने उरलाना कला गांव निवासी सुनील (20) की हत्या मामले में एक नाबालिग सहित और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अमन व सोमबीर निवासी अटावला, सचिन निवासी उरलाना कला व एक आरोपी की पहचान नाबालिग के रूप में हुई। सीआइए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने हत्या की उक्त वारदात का महज 30 घंटे के अंदर पर्दाफाश करते हुए बुधवार को आरोपी साहिल निवासी उरलाना कला, विपिन निवासी कैथ, रोनक निवासी शाहपुर, निशान निवासी



अटावला, विक्की निवासी उरलाना कला व यश निवासी शाहपुर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी साहिल ने बताया था कि सुनील गांव में उसका पड़ोसी था। उसके साथ उसकी किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। आरोपी साहिल ने पकड़े गए अपने पांचों साथी आरोपियों के अतिरिक्तअमन व सोमबीर निवासी अटावला, सचिन निवासी उरलाना कला व एक नाबालिग साथी आरोपी के साथ मिलकर साजिश रच सुनील से रंजिश रखते हुए उसकी हत्या करवाने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को वीरवार को माननीय न्यायालय में पेश कर आरोपी सहिल को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था व विपिन, रोनक, निशान, विक्की व यश को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था।

सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने वारदात में शामिल फरार आरोपी अमन, सोमबीर, सचिन व एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 3 बाइक व 4 डंडे बरामद कर शुक्रवार को सभी आरोपियों को माननीय न्यायायल में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया व नाबालिग आरोपी को जुवेनाइन कोट में पेश कर बाल सुधार गृह मधुबन भेजा गया।

**यह है मामला**

सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि थाना मतलौडा में दीपक पुत्र कृष्ण निवासी उरलाना कला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गांव अटावला में स्थित सीएनजी बायो गैस प्लांट में हैल्पर का काम करता है। उसका भतीजा सुनील निवासी उरलाना कला भी प्लांट में काम करता है। दोनों की डयूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहती है। 4 जून को दोनों ड्यूटी पूरी कर बाइक से घर लोट रहे थे।

# परिवार परिवहन योजना गरीब व्यक्तियों के लिए होगी मंगलकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विकास एवं पंचायत** तथा सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा ने शुक्रवार को सामान्य बस स्टैंड पर आयोजित हैप्पी कार्ड वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूरी तरह से उपलब्धियां भर रहे हैं। इन 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने ऐसी बहुत सी महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरूआत की है जिनके बेहतरीन परिणाम हमारे समक्ष है। इस मौके पर उन्होंने लाभार्थी को हैप्पी कार्ड विपरीत किये व उनके सुगम सफर की मंगलकामना की। इस मौके पर लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का करनाल से संबोधन भी एलईडी के माध्यम से सुना व तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया। महिपाल




ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के कद को बढ़ाया है। आज विदेश में भी देश का मान बढ़ा है प्रधानमंत्री के ठोस निर्णय से लोकतंत्र मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से केंद्र व राज्य सरकार सपनों को साकार करने में लगी है। सालों की मेहनत का परिणाम यह निकाल कर आया है कि आज सरकार की योजनाओं से हर व्यक्ति खुशहाली व समृद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि आय के आधार पर बीपीएल की योजना से गरीब लोगों का जीवन समर्थ हुआ है। उनके जीवन में काफी बदलाव व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। पंचायत तथा सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना का लाभ लेकर जरूरतमंद 5 लाख तक का मुफ्त इलाज विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में करवा रहे हैं। 10 साल में केंद्र व राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का जोरदार प्रयास किया है व काफी हद तक सफलता भी मिली है। उन्होंने कहा हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत 1 लाख तक की आय वाले 23 लाख 89 हजार परिवारों के 84 लाख व्यक्तियों को लाभ मिलने जा रहा है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वो इस योजना का लाभ लेकर अपनी यात्रा को मंगलमय करें। जीएम रोडवेज कुलदीप जांगडा ने विभाग की ओर से सभी का स्वागत करते हुए योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को हर वर्ष हरियाणा परिवहन की बसों में 1 हजार किलोमीटर तक निशुल्क यात्रा का प्रावधान किया गया है। इस योजना का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई टिकटिंग प्रणाली को सार्वजनिक परिवहन में लागू करने वाला हरियाणा बड़ी राज्यों में शामिल है। यह योजना देश में अपनी तरह की एक अनूठी योजना है। विगत 7 मार्च 2024 को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पंचकूला से इस योजना का शुभारंभ किया गया था।

उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होने से पूर्व 59 हजार 708 कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। लाभार्थी लगभग 37.8 लाख किलोमीटर की निशुल्क यात्रा का लाभ उठा चुके हैं।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड करनाल के छात्रों ने नीट 2024 में रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल। परीक्षण** तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने करनाल में अपने 20 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में 650 व उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। साथ ही प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल की है. प्रभावशाली अंक हासिल करने वाले छात्रों में मयंक गुप्ता ने 703 अंक और एआईआर 1345, रिषित गोयल ने 700 अंक और एआईआर 1735, माधव ने 695 अंक और एआईआर 2895, प्रत्यूष ने 695



अंक एआईआर 3206 और मानस कौर ने 690 अंक हासिल किए। वहीं करनाल के कुल 20 स्टूडेंट्स ने 650 व उससे अथिक अंक हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम घोषित किए हैं। स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है. आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक परमेश्वर झा ने कहा, सभी स्टूडेंट्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई।

. "हमें अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है. उनका प्रभावशाली स्कोर हमारे छात्रों की क्षमता और हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता के चमकदार उदाहरण हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 10 जून को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**राजन पुरी**

**ऊना:** विद्युत उपमंडल टाहलीवाल के तहत आने वाले क्षेत्रों में १० जून को विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता दिनेश चौध्ंारी ने बताया ने दी। उन्होंने बताया कि उपमंडल टाहलीवाल के अंतर्गत आते वाले क्षेत्र में गुरपलाह, बाथू, बाथड़ी, औद्योगिक क्षेत्र बाथू व बाथड़ी में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में सुबह ८ से शाम ५ बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### खड़ोल में १० दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण शिविर शुरू

**राजन पुरी**

**ऊना:** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना के माध्यम से ग्राम पंचायत खड़ोल खंड बंगाणा में फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम १० दिवसीय शुक्रवार को शुरू हुआ। शिविर में ३० से ज्यादा महिलाओं ने प्रशिक्षण लेना शुरू किया है। पहले दिन सभी की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर विकास खंड अधिकारी बंगाणा सुभाष अत्री भी मौजूद रहे।

पीएनबी आरसेटी के कार्यक्रम संचालक आकाश भारद्वाज ने बताया कि महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके साथ-साथ वर्दी, खाना पीना एवं अन्य प्रशिक्षण सामग्री भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। महिलाएं प्रशिक्षण में मोमोज, समोसे, स्प्रिंग रोल, कचौरी, न्यूडल्स, अलग-अलग सौस बनाना सीखेंगे तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रतिभागियों को सरकारी प्रमाण पत्र भी वितरित किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे चलकर वह प्रशिक्षक बनकर भी अपने आजीविका अर्जित कर सकते हैं। बीडीओ बंगाणा सुभाष अत्री ने कहा कि पीएनबी आर सेटी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अलग अलग प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की अहम भूमिका है। महिलाएं प्रशिक्षण लेकर अपनी आजीविका को बढ़ाकर अच्छी आय कमा रही है। इस अवसर पर एनआरएलएम से क्षेत्रीय समन्वयक सुखदेव भी साथ रहे।

### गुरुद्वारा तपोवन साहिब में गुरमत समागम प्रारंभ

**राजन पुरी**

**ऊना:** ऊना नगर के संस्थापक गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा साहिब सिंह बेदी के तप अस्थान गुरुद्वारा तपोवन साहिब में सालाना समागम शुक्रवार को प्रारंभ हो गए। जानकारी देते हुए गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला ने बताया कि बाबा सरबजोत सिंह बेदी व इलाका निवासी साध संगत द्वारा श्रद्धापूर्वक ९ जून तक मनाया जाएगा।

इस उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किए गए हैं और ९ जून को भोग के पश्चात गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुरमत समागम में संत बाबा बाल जी, संत मंगलानंद, बाबा जीत सिंह, बाबा प्रीतपाल सिंह, बाबा दलबीर सिंह बडभागी, बाबा अमनदीप सिंह, बाबा चरनजीत सिंह, ढाडी बीबी जसवीर कौर, भाई बलविंदर सिंह, गोपाल सिंह, हरदीप सिंह, भूपिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, गगनदीप सिंह व सतपाल सिंह धुगा सहित अन्य रागी जत्थे कथा कीर्तन द्वारा निहाल करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रतिदिन शाम ७ से ९ बजे तक कीर्तन दरबार का आयोजन किया जा रहें है। उन्होंने सभी संगत से समागम में हिस्सा लेने की अपील की है।

### दो हत्यारोपी गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना जैत पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। नफर अभियुक्त अर्जुन सिंह पुत्र स्व. राजवीर निवासी जैत थाना जैत मथुरा तथा शहजाद खांन पुत्र स्व. कलुआ निवासी जैत थाना जैत मथुरा को शुक्रवारी को जैत कट थाना जैत के पास से गिरफ्तार किया गया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना बरसाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को चोरी की मोटर साइकिल, अवैध तमंचा, कारतूस सहित मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। करहला रोड पर पदम फौजी के ग्राउण्ड से करीब से बम्बा की पुलिया के पास एक शातिर वाहन चोर अलीशेर पुत्र तैय्यव निवासी हाथिया थाना बरसाना जिला मथुरा को बाद पुलिस मुठभेड के बाद चोरी की मोटर साईकिल तथा एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूससहित गिरफ्तार किया गया।

# 600 करोड खर्च करने के बाद भी हांप रहे विद्युत उपकरण

**विद्युत व्यवस्था**

▶▶ छह सौ करोड़ की योजना हुई थी स्वीकृत, -1875 नए, 1671 ट्रांसफार्मरों की हुई क्षमता वृद्धि

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



600 करोड़ खर्च करने के बाद भी जनपद की विद्युत व्यवस्था स्मार्ट नहीं हो सकी। गर्मी में विद्युत उपकरण हांफ रहे हैं और जिम्मेदार बगलें झांक रहे हैं। जनपद की विद्युत व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए वर्ष 2022 में 600 करोड़ रुपये की योजना का बजट स्वीकृत हुआ था। इसके बाद भी भीषण गर्मी में बिजली काटौती सरकार के लिए भी मुद्दा बन गया है। विद्युत उपकरणों के लगातार जवाब दे रहे हैं। इस भारी भरकम धनराशि से आगामी दस वर्षों की जरूरत को ध्यान में रख कर इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया गया। दावा यह था कि अब जिले में बिजली की समस्या नहीं रहेगी। इसके लिए जिले भर में 1875 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने और 1671 पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की गई। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर लगाने का भी काम किया गया। दावा किया गया था कि काम पूरा होने के बाद शहर से लेकर गांव तक एक भी ट्रांसफार्मर ऐसा नहीं रहेगा, जिस पर लोड अधिक रहेगा। सभी ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की गई है। जरूरत पड़ने पर नए ट्रांसफार्मर लगाए गये। वर्तमान आबादी और विद्युत कनेक्शन की संख्या को ध्यान में रखते हुए ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की गई है। इतना ही नहीं बिजली चोरी रोकने के लिए दो बार जिले भर की विद्युत लाइनों को बदल डला गया।

पहले नंगे तारों को उतार कर कवर तार डाले गये जिससे कटिया नहीं डाली जा सके। इसके बाद इन्हें भी हटाया कर स्टील कवर वाली लाइन डाली जा रही हैं जिससे किसी भी स्थिति में लाइन से सीधे बिजली चोरी नहीं हो सके।

## नारा लेखन में पारुल ने झटका प्रदेश भर में द्वितीय स्थान



**राजन पुरी**

**ऊना:** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक की पारुल शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रदेश भर में द्वितीय स्थान हासिल किया है। शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित समारोह में आठवीं कक्षा की छात्रा पारुल को जूनियर स्तर प्रतियोगिता में २५०० रुपए की राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सनम व ईको क्लब के इंचार्ज प्रवक्ता भारत भूषण शर्मा सहित मैडम मनीषा ने पारुल को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रवक्ता अजय कुमार शर्मा, विपिन कुमार, सुनील कुमार, मनोज ठाकुर सहित विद्यालय का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## योगदान एक पहल संस्था ने जरूरतमंदों के लिए की मदद



**राजन पुरी**

**ऊना:** योगदान एक पहल संस्था द्वारा शुक्रवार को बाल स्कूल ऊना में एक जरूरतमंद छात्रा को आर्थिक मदद करने के साथ-साथ स्थानीय स्कूल के बच्चों को शूज वितरित किए गए। संस्था की प्रधान सुमन पुरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कौंडल भी मौजूद रहे। इस दौरान नाहन में एमबीबीएस तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही छात्रा मनीषी शर्मा को ४२ हजार रुपये की फीस के रूप दिया। इस छात्रा को जनवरी माह में भी गर्ल्स स्कूल में ४७ हजार की राशि देकर मदद करी। इसके साथ ही संस्था द्वारा बॉयज स्कूल के ४२ बच्चों को जूते भी दिए गए हैं। इस मौके पर सचिव रोहित चंदेल, उपाध्यक्ष मीना शर्मा, सहसचिव मनदीप सिंह, डा. मोनिका शर्मा, डा. नमिता सिंगल, मयंक शर्मा, जिनी चंदेल, आस्था पुरी, स्नेहा बंसल, प्रविता शर्मा, विकास रतन, अभिषेक, राजेश कुमार व परमिंदर कौर भी उपस्थित रहे।

## आज से बंटे का सरकारी राशन

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि खाद्यान्न का निःशुल्क एवं अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई, जून के सापेक्ष तीन किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से 54 रुपये में वितरण आठ जून से 25 जून तक किए जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद के समस्त कार्ड धारकों को सूचित किया जाता है कि इस अवधि में अन्त्योदय कार्ड पर 14 किलोग्राम गेहूं 21 किलो चावल एवं त्रैमास अप्रैल, मई, जून के सापेक्ष तीन किलो चीनी प्रतिकार्ड 18 रुपए प्रति किलो की दर से 54 रुपए में तथा पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति यूनिट दो किलो गेहूं तीन किलो का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

## कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**राजन पुरी**



**ऊना:** उतर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा अच्युतानंद आश्रम अमलैहड़ में ७ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। जिसमें वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथावाचक पंडित रवि शंकर पराशर ने अपने मुखारविंद से प्रवचनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को भक्ति के रस में डुबो दिया। इससे पहले १०१ महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा डेरा के राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे गांव की परिक्रमा करती हुई वापिस कथा स्थल तक पहुंची और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। सुबह भक्तों ने पहले अखंड धूने पर माथा टेका और श्री १००८ स्वामी सुग्रीवानंद के परम शिष्य स्वामी हेमानंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कथा व्यास ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करवाया। इस मौके पर अश्वनी अरोड़ा, राजेंद्र शर्मा उर्फ टीटू, शंकर साहनी, महिंदर सिंह जसवाल, रजनीश शर्मा, मंजू शर्मा व नरेश शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

## मथुरा : 28 विद्युत सब स्टेशन का किया जाएगा सोलराइजेशन

**बिजली उत्पादन**

▶▶- पांच तहसीलों के 28 विद्युत सब स्टेशन सोलराइजेशन हेतु हुए चिन्हित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



परियोजना अधिकारी यूपीनेडा एस.के.वर्मा ने अवगत कराया है कि जनपद की पांच तहसीलों के चिह्नित 28 विद्युत सब स्टेशन के पृथक पृथक फीडर का सोलराइजेशन करके 81.1 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है।

इनमे सबसे बड़ा रेस्को मोड सोलर पावर प्लान्ट तहसील छाता के शेरगढ़ में 7.3 मेगावाट तहसील महावन के बरौली में 6.2 मेगावाट, तहसील मॉट के नौहझील में 4.8 मेगावाट लगाया जाना प्रस्तावित है। चिन्हित सूची में उल्लिखित विद्युत सबस्टेशन तहसील छाता के लिए क्रमशः छह, तहसील महावन चार, तहसील मांट के लिए 10 तहसील सदर के लिए छह तथा तहसील गोवर्धन के लिए दो कुल 28 विद्युत सबस्टेशनों के सम्मुख प्रस्तावित सोलर पावर प्लान्ट क्षमता के सापेक्ष आवश्यक भूमि चार एकड़ प्रति मेगावाट के हिसाब से आवश्यकता होगी। वहीं यूपीनेडा मथुरा के परियोजना अधिकारी एसके वर्मा ने अवगत कराया कि जनपद के 28 कृषक फीडर्स के माध्यम से 81.1 मेगावाट बिजली के उत्पादन का लक्ष्य प्रस्तावित है। इनमें सबसे बड़ा रेस्को मोड सोलर पावर प्लान्ट तहसील छाता के शेरगढ़ में 7.3 मेगावाट तहसील महावन के बरौली में 6.2 मेगावाट, तहसील मॉट के नौहझील में 4.8 मेगावाट, के बड़े प्लान्ट लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके लिए प्रति मेगावाट सोलराईजेशन के लिए चार एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है। उन्होने दावा किया कि दो मेगावाट सोलर पावर प्लान्ट लगाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने वाले किसान को सामान्य फसल से दो गुना अधिक आय प्राप्त हो सकती है। इसके लिए चिन्हित विद्युत सबस्टेशनों के तीन से चार किमी परिधि में आने वाली भूमि का चिन्हांकन किसान योजना का लाभ ले सकते है।

## संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा कल, प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नौ जून को होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 के संबंध में एक आवश्यक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में परीक्षा के नोडल समन्वयक एवं उपनोडल अधिकारी, जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं प्रत्येक केन्द्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएड संयुक्त परीक्षा के जिला समन्वयक डॉ ललित मोहन शर्मा प्राचार्य ने कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 मथुरा में चार केंद्रों पर आयोजित हो रही है। परीक्षा केंद्र आर सी ए डिग्री कॉलेज, डी ए वी कॉलेज , प्रेम देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं बी एन पोद्दार इंटर कॉलेज में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 9 से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगी। प्रत्येक दशा में परीक्षा संबंधी सामग्री खोलते समय वीडियोग्राफी होगी। स्ट्रांग रूम में कोई अनधिकृत व्यक्ति किसी भी दशा में मौजूद नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को परीक्षा से संबंधित अपने अपने दायित्व को समझ लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने केंद्र अधीक्षकों को आदेशित किया की परीक्षा केंद्र पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था रखें। डीआईओएस मथुरा डॉ भास्कर मिश्रा ने कहा कि पर्यवेक्षक एवं केंद्राध्यक्ष दोनों को ध्यान रखना है, कि परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक के पास प्रवेश पत्र की एक प्रति फोटो लगाकर जमा करेगा। कोई भी परीक्षार्थी किसी भी प्रकार का कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल इत्यादि लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं कर पाएगा।

## ईद उल जुहा को लेकर दिये निर्देश

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने ईद उल जुहा त्यौहार की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारी तथा कमेटी के पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्यौहार ईद उल जुहा पर सभी संबंधित विभाग अपनी तैयारी समय से पूर्ण कर लें। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी सामंजस्य कायम करते हुए पूरी सतर्कता बरतते हुए त्योहार को पूर्ण शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम और निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जलापूर्ति के साथ ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें। खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों और टूटी सड़कों आदि को भी समय से दुरुस्त करें।

## भीषण गर्मी: हिंसक हो रहे श्वान, बंदर जैसे जानवर

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



भीषण गर्मी का असर पशु पक्षियों के व्यवहार पर भी पड रहा है। पशु पक्षी भी चिडचिडे हो रहे हैं। तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। ऐसे में कुत्ता बिल्ली और बंदर जैसे जानवर हिंसक हो रहे हैं और लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। जिला चिकित्सालय के सीएमएस डा. मुकुंद बंसल ने बताया कि जिला चिकित्सालय में पहुंच रहे कुत्ता काटे के मरीजों की संख्या पिछले दो महीने से काफी अधिक है। प्रतिदिन 100 से 125 इस तरह के मरीज जिला चिकित्सालय पहुंच रहे हैं। जहां इन्हें रेबीज के इंजेक्शन इनको लगाये जा रहे हैं। मई के मुकाबले जून के महीने में मरीजों की संख्या बढ़ गई है यह बढ़ोतरी करीब 25 प्रतिशत है। जिला चिकित्सालय में रेबीज के इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता है। इस मौसम में हर साल ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। इसे देखते हुए पहले से ही तैयारी रखी जाती है। राजकीय पशु चिकित्सालय जनरल गंज पर तैनात फार्मासिस्ट आरके सारस्वत ने बताया कि इस समय जानवरों में हीट स्ट्रेस की स्थित बनी हुई है। अधिक तापमान का कुत्ता, बिल्ली और बंदर जैसे जानवरों के व्यवहार पर असर पडता है। जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है और यह स्थिति लगातार बनी रहती है तो ये जानवर चिडचिडे हो जाते हैं और हमलावर भी। श्वान में यह अधिक देखने को मिलता है। ऐसे में कुत्ते हमलावर हो जाते हैं। तापमान में गिरावट के साथ ऐसे केस भी कम आने लगेंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस: कुआं में गई कुआं को बचाने की योजना

**पर्यावरण**

▶▶ -जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी तक उन मुद्दों पर मौन रहे जो पर्यावरण से सीधे जुड़े हैं

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की चिंता उन लोगों को भी हुई जिन्हें इसकी कोई चिंता नहीं। एक पौधा रोप कर पर्यावरण हितैषी बन गये। जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी तक उन मुद्दों पर मौन रहे जो पर्यावरण से सीधे जुड़े हैं। दो साल पहले गांवों में कुओं के संरक्षण के लिए बाकायदा पूरी योजना तैयारी की गई थी। इसका प्रचार प्रसार भी जोर शोर से हुआ। दो साल में एक भी कुआं का संरक्षण नहीं किया जा सका। तालाबों को लेकर भी स्थिति बहुत अलग नहीं है। अमृत सरोवर योजना के तहत काम का ढिंढोरा तो खूब पीटा गया लेकिन काम यहां भी लकीर पीटने तक ही सीमित रहा। 2022 में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने जलदूत एप जारी किया था। योजना यह थी कि इस एप पर गांवों में तैनात ग्राम रोजगार सेवक मानसून आने से पहले और मानसून की समाप्ति के बाद जलस्तर का मापन कराकर जलदूत एप पर अपलोड कराएंगे। ग्राम रोजगार सेवक बाकायदा इस निर्देश का पालन करेंगे। जिन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवक नहीं होंगे, वहां पंचायत सचिव इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। भीषण गर्मी में बिजली को लेकर हाय तौबा मची है।

बिजली कटौती के विरोध में कभी लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं तो कभी बिजली घर का घेराव। मानसून कुछ सप्ताह में दस्तक देने वाला है। तापमान में गिरावट होगी तो यह हाय तौबा भी कम होगी। मानसून से पहले जहां काम होना चाहिए वहां किसी का ध्यान नहीं है। यहां तक कि मानसून से पहले काम लगभग शून्य है और जिम्मेदार मौन हैं। भू गर्भीय जल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है। जो योजनाएं तैयार की गईं थीं उन्हें वही लोग भूल गये जिन्हें लागू करनी थीं। भू गर्भीय जल संकट पर काम और बातें दोनों ही बंद हो गई हैं। दो साल में जनपद भर में इस योजना के तहत एक कूंआ का भी संरक्षण नहीं हो सका है। इतना ही नहीं एप पर भूगर्भीय जल स्तर अपलोड करने की कहीं कोई प्रक्रिया चालू नहीं है। जबकि मानसून बस दस्तक देने वाले हैं। ग्राम पंचायतों में अधिकतर नष्ट कर दिये गये हैं। भारत सरकार की पहल ने कुंओं के अस्तित्व की सुरक्षा की आस जगी थी जो अब धूमिल हो चली है।

## जेपी ग्रीन फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया पौधारोपण



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जेपी ग्रीन फाउंडेशन ट्रस्ट के बैनर तेल प्रेमानंद जी महाराज, लाल दास महाराज, गंगा प्रसाद महाराज, डॉ. कृष्ण मुरारी, जेपी ग्रीन फाउंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगराम यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवराम कुंतल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री योगेंद्र चौधरी, जुगेंद्र, जगदेव यादव, शैलेश गुर्जर, जितेंद्र यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया। 11 पौधे लगा कर लोगों को हरियाली के महत्व के बारे में बताया। आमजन से वृक्षारोपण करने की अपील की। बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए वृक्षारोपण को बेहद ही अनिवार्य कार्य बताया।

**फोटो**-
जेपी ग्रीन फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यक्रम में मौजूद लोग।

# हैप्पी कार्ड के माध्यम से लाभार्थी वर्ष में कर सकेंगे 1 हजार किलोमीटर की निःशुल्क यात्राः सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः हरियाणा के** शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत 25 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस योजना के तहत लगभग 1 लाख लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित करते हुए अपना शुभ संदेश भी दिया। उन्होंने कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 2 लाभार्थियों से संवाद करते



हुए इस योजना के तहत जो लाभ मिला है, उस बारे भी जाना। इस मौके पर शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने लोगों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए कुरुक्षेत्र से कोटद्वार जाने वाली बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर जीएम रोडवेज शेर सिंह ने राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीपशिखा प्रज्वलित करके किया गया। इस मौके पर शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने उपस्थित लाभार्थियों के साथ-साथ अन्य को इस योजना की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत पूरे प्रदेश के अंदर लगभग 85 लाख हैप्पी कार्ड बनाने का काम किया जाएगा और इस योजना के तहत 1 लाख 11 हजार कार्ड बनाए जा चुके है, जिसके तहत लगभग 59708 लोग यात्रा भी कर चुके है। इस योजना के तहत पूरे वर्ष में 1 हजार किलोमीटर निःशुल्क यात्रा का लाभ लाभार्थी को उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लोगों द्वारा जो आशीर्वाद एवं सहयोग दिया गया है, इसके लिए उनका दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विजन है कि हर वर्ग का उत्थान हो, इसके लिए निरंतरता में कार्य किए जा रहे है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि आज पूरे प्रदेश में सभी जिलों के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर स्थित परिवहन विभाग के डिपुओं पर कार्यक्रमों का आयोजन करके लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा रहे है।

# छात्राओं को दी महिलाओं के हितों के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस** की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा बागबानी महाविद्यालय अंजनथली की छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि कालेज आते-जाते समय किस प्रकार की सावधानी बरतें और यदि कोई रास्ते में परेशान करे या पीछा करे तो उसे सबक सीखाने के लिए व जल्द से जल्द पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए क्या करें। उन्होंने छात्राओं को बताया कि सर्वप्रथम उन्हें कालेज में उनके हितों एवं सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन करना चाहिए। कालेज परिसर में यदि कोई उनके साथ रैगिंग करता है या उन्हें नशीला पदार्थ आफर करता है तो उसकी सूचना तुरंत कालेज प्रबंधन



को दें।

उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं स्मार्ट फोन का उपयोग करती हैं, इसलिए सभी अपने प्ले स्टोर से आज ही दुर्गा शक्ति ऐप डाउनलोड करें और मुश्किल घड़ी में आप इस ऐप के प्रयोग से अपने लिए जल्द से जल्द पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को दुर्गा शक्ति ऐप के प्रयोग का तरीका सिखाया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 पर काल करके भी आप पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं से कहा कि यदि कालेज आने जाने के समय कोई उनका पीछा करता है या रास्ते में परेशान करता है तो दुर्गा शक्ति ऐप का प्रयोग करके आप पुलिस के साथ अपनी लोकेशन सांझा कर सकती हैं, जिससे पुलिस तुरंत आपकी लोकेशन पर पहुंचकर आपकी सहायता करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में लोग एक हजार किलोमीटर फ्री यात्रा कर सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हरियाणा में लोग** रोडवेज की बसों में साल में एक हजार किलोमीटर फ्री यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी स्कीम) बनाई है। शुक्रवार को करनाल में सीएम नायब सैनी ने हैप्पी स्कीम के लाभार्थियों को कार्ड बांटे। इसके अलावा जिन लोगों को कार्ड पहले मिल चुके हैं, उनसे बात कर उनका एक्सपीरिएंस भी पूछा। इस दौरान सीएम नायब सैनी ने कहा कि राज्य के सभी 36 डिपो और सब डिपो में यह स्कीम शुरू हो चुकी है, जहां से लोग इसके कार्ड बनवा सकते हैं। इस स्कीम से राज्य के 23 लाख परिवारों के 84 लाख लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह स्कीम 1.80 लाख रुपए से कम की सालाना आमदनी वाले लोगों के लिए बनाई गई है। इस दौरान सीएम ने पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के कामकाज की सराहना की। सीएम सैनी ने कहा कि विपक्ष के राज में बुढ़ापा पेंशन के लिए बहुत परेशानी होती थी। बुजुर्गों को सेवा देनी पड़ती थी। अब ऐसा ऑनलाइन सिस्टम बना कि आदमी की उम्र 60 साल होते ही बुढ़ापा पेंशन शुरू हो जाती है। पेंशन की रकम सीधे लाभार्थी के बैंक अकाउंट में चली जाती है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा कि जल्द वे शपथ लेंगे और उसके बाद हरियाणा में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास करवाएगी। सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हैं। मगर उन विपक्षियों ने अपने टाइम में क्या किया था, वह सबके सामने है। बुढ़ापा पेंशन में सबसे ज्यादा सम्मान हरियाणा सरकार ने दिया है। दिव्यांगों के लिए भी सरकार ने सम्मान दिया है। विधुर लोगों को भी सरकार द्वारा पेंशन दी जा रही है।

### जिला परिषद को तीन माह से खाली पड़ी चेयरपर्सन की सीट

**पानीपत/कमाल हुसैन**

हरियाणा में पानीपत जिला परिषद को तीन माह से खाली पड़ी चेयरपर्सन की सीट अभी भी खाली रहेगी, पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने चेयरपर्सन का चुनाव आज 7 जून को हर हालत में करवाने के निर्देश दिए थे।नियमों के अनुसार यह चुनाव जिले के डीसी, और एडीसी करवा सकते हैं लेकिन एडीसी पहले छुट्टी पर चल रहे हैं। लेकिन सुबह वक्त पर अचानक डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया की तबीयत बिगड़ गई। वह कार्यालय नहीं पहुंचे समय के अनुसार 13 पार्षद डीसी कार्यालय पहुंच चुके थे। यहां पहुंचने पर उन्हें पता लगा की डीसी नहीं आएंगे,इसके बाद सीओ ने उन्हें डीसी के खराब सेहत की बात बताई। आर्य सुरेश मलिक उप प्रधान बोले यह राजनीतिक साजिश है, दूसरी बार चुनाव टालने के बाद सभी पार्षदों में रोश दिखाई दिया, डीसी कार्यालय पहुंचे। 13 पार्षद ने अपने-अपने शब्दों में इस पर रोश प्रकट किया। जिला परिषद के उप प्रधान कांग्रेस के आर्य सुरेश मलिक ने कहा कि राजनीतिक साजिश है,क्योंकि बीजेपी की चेयरपर्सन हटाने के बाद से इस चुनाव को किसी ने किसी तरह टाले जाने की कोशिश की जा रही है। 3 माह से खाली सीट पर पहले चुनाव होने लगे तो उसे वक्त प्रशासन ने समय ले लिया था।अब हाई कोर्ट के आदेशों पर चुनाव होने थे तो अचानक डीसी की तबीयत बिगड़ गई भाजपा किसी भी सूरत में इन चुनाव को विधानसभा से पहले लगने वाली आचार संहिता तक रोकना चाहती है। 6 मार्च को दिया था अविश्वास पत्र 6 मार्च को 17 में से 13 पार्षद ने भाजपा की ज्योति शर्मा को चेयरपर्सन पद से हटा दिया था। उसके बाद लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा की एक और हार से बचने के लिए चेयरपर्सन का चुनाव नहीं करवाया गया। चेयरपर्सन के पद से हटाने के लिए पार्षदों को हाई कोर्ट भी जाना पड़ा। हाई कोर्ट के आदेशों के बाद है विश्वास प्रस्ताव पर 6 मार्च को बैठक बुलाई गई। उसके बाद जब प्रशासन ने चेयरपर्सन चुनाव की तिथि तय नहीं की तो पार्षद एक बार फिर हाई कोर्ट चले गए हाई कोर्ट ने जवाब मांगा तो 7 जून की तिथि तय हुई। 27 दिसंबर 2022 को ज्योति शर्मा चेयर पर्सन बनी थी।

# लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघंन करने पर कटा चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना



दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 35 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 698 दिनों में 32,551 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े व सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 07 जून 2024 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 35 भारी वाहनों के चालान किए।

# एआई के मदद से पति की आवाज तैयार कर आडियो की इंटरनेट पर की प्रसारित : विधायक निर्मल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः गन्नौर विधायक** निर्मल चौधरी ने लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत देने के लिए जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे यह हम सभी के लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही आडियो पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि उनके पति ने कभी गन्नौर क्षेत्र में राजनीति में हस्तक्षेप नहीं किया। वह केवल गन्नौर में समाज सेवी कार्यों में शामिल होने के लिए आते हैं। उनके पति की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से उनके पति की आवाज तैयार कर आडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी गई। उन्होंने कहा कि वह इस तरह की हथकंडों से कमजोर नहीं होंगी बल्कि और मजबूती के साथ भाजपा के लिए कार्य करती रहेंगी। वहीं लोकसभा उम्मीदवार मोहनलाल बडोली द्वारा पार्टी के नेताओं पर भीतरीघात के आरोपों पर विधायक ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने कहा कि वह भी कई चुनाव हार चुकी हैं, लेकिन उन्होंने अपनी हार का ठीकरा कभी किसी पर नही फोड़ा। उन्होंने हमेशा पार्टी के लिए काम किया और आगे भी करती रहेंगी। लोकसभा चुनाव में मोहन लाल बड़ौली की तरफ से कभी किसी कार्यक्रम की सूचना उन्हें नहीं दी गई।

# अंत्योदय परिवार परिवहन योजना लोगों के लिए होगी वरदान साबित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा अंत्योदय** परिवार परिवहन योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत अब गरीब आदमी पैसे के अभाव में बाहर जाने से वंचित नहीं रहेंगे व इस योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं का भरपूर लाभ लेंगे। इस योजना का लाभ विशेष तौर पर उन लोगों को मिलेगा जो अंत्योदय परिवार का हिस्सा है। जीएम कुलदीप जांगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के सभी अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय एक लाख रुपए से कम है। प्रत्येक सदस्य को हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में प्रति वर्ष 1हजार किलोमीटर तक की निशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने हेतु या योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी हरियाणा राज्य परिवहन की सामान्य बसों में इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। लाभार्थी को इस योजना का लाभ एन सीएमसी हैप्पी कार्ड के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए सभी पात्र अपना आवेदन स्वयं या सीएससी सेंटर के माध्यम से हरियाणा राज्य परिवहन की वेबसाइट पर कर सकते हैं।

# आईसीपी शिक्षा कोचिंग संस्थान ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

आईसीपी शिक्षा कोचिंग संस्थान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संस्थान के निदेशक सीए हिमांशु ग्रोवर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए एक उत्साहवर्धक भाषण दिया। सीए हिमांशु ग्रोवर ने अपने भाषण में छात्रों को उनके द्वारा किए गए कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों को सीए फाउंडेशन की तैयारी में भी उसी लगन और मेहनत के साथ जुटने के लिए प्रेरित किया, जैसे उन्होंने कक्षा 12वीं की परीक्षा में किया था। उनके विचारों ने छात्रों में




एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस कार्यक्रम में ऐडवोकेट दीपांशु ग्रोवर, सीए इंदरजीत सिंह और सीएस आशु रानी भी उपस्थित रहे। इन सभी ने भी अपने विचार और अनुभव साझा किए, और छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और आईसीपी शिक्षा के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

छात्रों ने बताया कि किस प्रकार संस्थान ने उनकी शिक्षा और तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीए हिमांशु ग्रोवर ने अंत में सभी छात्रों को उनकी आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि मेहनत, समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने छात्रों को यह विश्वास दिलाया कि अगर वे इसी प्रकार मेहनत करते रहेंगे,

तो उन्हें जीवन में अवश्य सफलता मिलेगी। आईसीपी शिक्षा का यह आयोजन न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि इस आयोजन ने आगे की शिक्षा के लिए एक मजबूत आधार भी प्रदान किया। संस्थान की यह पहल छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीय संविधान देश की आत्मा हैः रविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा के भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों का पालन करते हुए पानीपत भाजपा ने एससी समुदाय घरों में जाकर पोल खोल अभियान का शुभारंभ कर दिया है इसी कड़ी में शुक्रवार को पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 19 के खटीक बस्ती, रविदास नगर, जगजीवन राम कॉलोनी और खटीक धर्मशाला के आसपास घर-घर दस्तक दी। अभियान में एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र तुषामड, जिला महामंत्री सुभाष कबीरपंथी, अनिल खत्री, रोहित बडगुजर आदि शामिल रहे।



मोर्चा पदाधिकारियों ने घर जाकर कांग्रेस के भ्रामक प्रचार का विरोध करते हुए लोगों को जागरूक कियो यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने दी । अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र तुषामड ने इस अवसर पर कहा कि अब हरियाणा विधानसभा के चुनाव अधिक दूर नहीं हैं।

इसलिए लोगों को कांग्रेस की भ्रामक प्रचार नीतियों के प्रति जागरूक करना होगा । उन्होंने कहा कि गत लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जनता को झूठे वायदों से बरगलाकर महिलाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने और गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये वार्षिक देने और पढ़े-लिखे युवाओं को उनकी योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी देने के झूठे वायदे किए थे। वहीँ यह भी दुष्प्रचार किया कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो संविधान और आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा जबकि भारतीय संविधान देश की आत्मा है, इसे कोई भी समाप्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने तो जहाँ 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन दिया वहीँ 50 करोड़ नागरिकों को बैंकों के माध्यम से 34 लाख करोड़ की राशि बैंक खातों में भेजी गई है।

# विदेश भेजने के नाम पर एजेंट ने ठगे 18.25 लाख रुपए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** बयाना के एक व्यक्ति से विदेश भेजने के नाम पर 18.25 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित फिलहाल आर्मीनिया में काम कर रहा था और आर्मीनिया में काम कम होने के कारण दूसरे देश जाना चाहता था। आर्मेनिया में ही उसकी मुलाकात एक एजेंट से हुई। डील फाइनल हो गई, लेकिन आरोपी ने उसे हंगरी नहीं भेजा और पैसे भी हड़प लिए। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत करनाल पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। गांव बयाना निवासी पीडित सोहन पाल भारत से आर्मीनिया गया था। वहां ज्यादा काम नहीं था, इसलिए उसने दूसरे देश जाने का फैसला किया। दिसंबर-2023 में उसकी मुलाकात पंजाब के दीपक से हुई। उसने बताया कि वह विदेश भेजने का काम करता है और उसे आर्मीनिया से हंगरी भेज देगा। जहां काम भी है और पैसे भी अच्छे हैं। इसके लिए प्रति व्यक्ति 6 लाख रुपये देने होंगे। पीड़ित ने आरोपी को विश्वास दिलाया कि पेमेंट के एक महीने बाद हंगरी भेज दूंगा। पीड़ित ने बताया कि दीपक भारत का था, इसलिए उसने उस पर विश्वास कर लिया और अपने घर वालों को सारी बात बताई।

# पानीपत पुलिस की और से नशे के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

**पानुपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक अजीत** सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में पानीपत जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के सफल आयोजन के लिए उप पुलिस अधीक्षक समालखा श्री नरेंद्र कादियान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अभियान के तहत लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है, इसके साथ ही नशे की गर्त में फसे लोगों को चिन्हित कर सिविल अस्पताल के डी एडिक्सन सेंटर से उनका इलाज



करवाया जा रहा है। अभियान के तहत बीते 6 महीने के दौरान ऐसे 864 लोगों का सिविल अस्पताल के डी एडिक्सन सेंटर पर इलाज करवा मुख्यधारा में जोड़ने का काम जिला पुलिस द्वारा किया जा चुका है। अभियान के तहत गठीत की गई टीम द्वारा स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान, गांव, कॉलोनी, फैक्टरी इत्यादी स्थानों पर जाकर युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठन व मौजिज लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। किसी बुरी संगत का शिकार होकर नशे की लत में पड़ गए युवा अब जागरूकता मुहिम से प्रेरित होकर नशा छोड़ने के लिए स्वयं आगे आ रहे है। जिला पुलिस द्वारा नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि नशा व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक व शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है। यदि आने वाली पीढ़ी को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जाए, तो इसका सार्थक परिणाम आ सकता है। बच्चों को नशे से शारीरिक नुकसान, गलत संगति व दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हर बच्चे के परिवार का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चे को समय-समय पर काउंसलिंग करते रहें और बच्चों की बदलती आदतों का ध्यान रखें। जिला पुलिस द्वारा युवाओं को नशे की दलदल से दूर रखने और पढाई के साथ खेलों से जोड़ने के लिए लगातार खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करवाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा नशे पर रोकथाम के लिए सफल प्रयास किये जा रहे है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इसके लिए सबको मिलजुल कर प्रयास करना होगा, ताकि युवाओं को इससे बचाया जा सके।

# हमारी प्राचीन परंपरा है योगः नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हमारा मिशन** स्वस्थ भारत की ओर से कर्ण पार्क में नियमित योग कक्षा पिछले कई वर्षों से लगाई जा रही है। मिशन के संस्थापक नवीन संदूजा प्रतिदिन योग क्रियाओं, आसनों व प्राणायामों का अभ्यास साधकों को करवाकर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं। योग कक्षा में आने वाले साधकों की संख्या में पहले की अपेक्षा इजाफा हुआ है। गुरुवार को नवीन संदूजा ने सूक्ष्म व्यायामों के साथ योग सत्र की शुरूआत की। इसके बाद क्रमवार योगासनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने साधकों को बताया कि किस अवस्था में किस प्रकार और किस गति से योग



क्रियाओं का अभ्यास करना है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की चकाचौंध में हम शरीर को बीमार करने का काम कर रहे हैं। हमारी प्राचीन परंपरा योग है, जिससे शरीर को तंदरूस्त रखा जा सकता है।

नवीन संदूजा ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कर्ण पार्क में योग कक्षा प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से सात बजे तक लगाई जाती है। इस अवसर पर शैलजा गुप्ता, मीनाक्षी, रीतू, कोमोदी, आशा, कमल चोपड़ा, सोनू, आहूजा, हरपाल, जितेंद्र, मुरारी बत्तरा, देवीदयाल अरोड़ा, कृष्ण चौधरी, विकास शर्मा, अशोक, आशा चौधरी, पुष्पा व भावना गांधी मौजूद रहे।

# नरेला: ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर बुझाई लोगों की प्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला स्थित मेन बाजार में युवा समाज सेवी अमित बंसल द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर खरीदारों, राहगीरों की प्यास बुझाई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोगों ने ठंडा मीठा पानी पीकर चिल्लाती गर्मी में राहत पाई। ज्येष्ठ माह में भीषण गर्मी व लू के प्रकोप से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। आसमान से उगलती आग ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। ऐसे में जो लोग मजबूरी में अपने घरों से बाहर आते हैं, उनको गर्मी से निजात नहीं मिल पाती, ऐसी भीषण गर्मी में अगर कहीं ठंडा मीठा पानी मिल जाए तो जो राहत मिलती है, उसे मन तृप्त हो जाता है। ऐसे में कई समाज सेवी लोग व संस्थाएं ठंडे पानी की छबील लगाकर चिलचिलाती गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने में लग जाते हैं। इसी क्रम में नरेला के मेन बाजार में युवा समाजसेवी व स्थानीय दुकानदार अमित बंसल द्वारा हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी पूरे ज्येष्ठ माह में रोजाना ठंडे मीठे पानी, शरबत, जलजीरा आदि की छबील लगाकर बाजार में आने वाले खरीदारों, राहगीरों की प्यास बुझाकर भीषण गर्मी में राहत देने का पुण्य कार्य कर रहे हैं। चिलचिलाती गर्मी में राहगीर ठंडे मीठे पानी की छबील पर पानी पीकर गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं और युवा समाज सेवी अमित बंसल के पुण्य कार्य की सराहना भी कर रहे हैं।






आचार्य ललित मोहन पाठक ने बताया कि इस माह में प्यासो को पानी पिलाने का विशेष फल मिलता है। ज्येष्ठ माह में जो लोग छबील लगाकर प्यासो की प्यास बुझाते हैं। भगवान उन पर हमेशा कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। इस मौके पर अमित बंसल, अंकित बंसल, दीपक बंसल, राहुल, गौरव, भारत सहित कई सेवादार मौजूद रहे।

# स्वाति के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार की दूसरी जमानत याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी है। स्पेशल जज एकता गौबा मान ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलों दिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। कोर्ट ने कहा कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं एवं वो अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं। कोर्ट ने कहा कि इस बात की भी आशंका है कि अगर बिभव कुमार को जमानत दी जाती है तो वो गवाहों को प्रभावित कर सकता है। तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की पहली जमानत याचिका 27 मई को खारिज की थी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। इस मामले में स्वाति मालीवाल ने 17 मई को कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। घटना 13 मई की है। दिल्ली पुलिस ने 16 मई को स्वाति मालीवाल का बयान दर्ज कर एफआईआर दर्ज की थी। बिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में भी याचिका दायर की है। हाई कोर्ट में बिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए मुआवजे की मांग की है। बिभव कुमार ने कहा है कि उनकी गिरफ्तारी करते समय अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए का पालन नहीं किया गया है।



गया लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद जीतन राम मांझी से मिलकर जीत की बधाई देते हुए जिला केशवपुरम भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अनुज सिंह, जिला महामंत्री भाजपा रोशन सिंह व अन्य।

# भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने किया क्षेत्र का दौरा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 भलस्वा के निगम पार्षद अजीत यादव ने क्षेत्र का दौरा किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जहांगीरपुरी के ब्लॉक की मार्केट के नालों की और बीसी ब्लॉक मार्केट के नालों की सफाई करवाई और वार्ड में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने आगे बताया कि आते हुए मानसून व मौसम को देखते हुए नालों व नालियों की सफाई करवाई गई है। उन्होंने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को साफ-सुथरा माहौल मिल सके। श्री यादव ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में डाले।

# श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम में श्री शनिदेव के जन्मोत्सव पर हुई श्री शनिधाम मन्दिर में भस्माआरती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली स्थित श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम में बड़ी ही श्रद्धा से हुई महाआरती श्री श्री 1008 श्री शनिधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस स्वामी निजस्वरूपानंदपुरी जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। 3 दिवसीय महानुष्ठान शनि जयंती की पूर्व संध्या पर बहुत से कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें भजन संध्या, सामाजिक समरसता पर विशाल संत सम्मेलन जिसमें हजारों की संख्या में संत और भक्त मौजूद रहे। संत सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए आनंद पीठाधीश्वर पुज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानन्द जी महाराज ने कहा कि शनि देव न्याय के देवता है जो मनुष्य इनकी पूजा पाठ करेंगा उस पर शनिदेव की कृपाद्दष्टि बनी रहती है। कलयुग के देवता भी कहा जाता है इनको सब के कष्ट हरते है और विशेष कर इस मंदिर की महिमा बहुत ज्यादा है कि यहां पर जो भी भक्त पूजा पाठ तेलाभिषेक करता है उसकी अवश्य मनोकामना पूरी होती है और ऐसी मान्यता भी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी जितेन्द्रा नंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि जैसा मैंने सुना था इस स्थान के बारे में उससे कई गुना यहा देखने को मिला यहां आकर एक विशेष शांति का अनुभव होता है और स्थान में बहुत शक्ति है यहां आने वाले हर भक्त को शांति का अनुभव जरूर होंगा। इस अवसर पर इंडियन आइडल के फेम कलाकार सवाई भट्ट ने अपने सुंदर



भजनों से समा ही बांध दिया। विषय कर शनिधाम वाले बाबा सुनलो मेरा फसाना पर तो भक्तो को जुमने पर मजबूर कर दिया, वही राजस्थान के गजेंद्र राव और भाई हेमराज गोयल ने एक से बढ़कर एक शनिदेव की महिमा के भजन प्रस्तुत किये। इसके बाद ठीक बारह बजे महाआरती शुरू हुई। महाआरती पूज्य दाती जी महाराज ने की और साथ



महामण्डलेश्वर, महंत, श्रीमहंत, सैकड़ो की संख्या में नागा सन्यासी तन पर भभूत लगाये शनिदेव के नारा के साथ चल रहें थे दाती जी महाराज ने दूध, दही, शहद, घी, शकरा और जल से महाभिषेक किया गया और 11 हजार लिटर सरसों के तेल से तेलाभिषेक किया गया। साथ ही भस्म से भास्माभिषेक कर आरती की गई और भारत में सुख समृद्धि के प्रार्थना की गई। अध्यक्षता आनंदपीठाधीश्वर,आचार्य महामण्डलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी श्री बालकानंद गिरि जी महाराज, (श्री तपोनिधि आनंद अखाड़ा पंचायती पूज्य आचार्य जी) मुख्य अतिथि स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज (महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति) संत सान्निध्य अनंत श्री विभूषित श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी शिवप्रेमानंद जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वरस्वामी शिवस्वरूपानंद जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर मौनी बाबा जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर दिव्यानंद सत्यार्थी जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महा मंडलेश्वर चित्प्रकाशानंद गिरी जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर भैयादास जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नवलगिरी जी महाराज, अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर भैया जी महाराज मौजूद रहे।

# दयानंद वत्स ने किया कुपोषण से जंग लडने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नेशनल चाइल्ड** एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर भारत के लोगों से कुपोषण से जंग लडने का आह्वान किया है। इस साल की थीम है खाद्य सुरक्षा, अप्रत्याशित के लिए तैयारी करें। भारत में खाद्यान्नों की प्रचुरता के बावजूद लाखों लोग भुखमरी और कुपोषण का शिकार बन रहे हैं। इससे भी भयावह सत्य यह है कि करोड़ों लोगों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता का अभाव होने से वे खाद्य जनित बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

# अशोक विहार: भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कार्यक्रम कर कार्यकर्ताओं का किया अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: लोकसभा** चुनाव 2024 के नतीजों की घोषणा के साथ ही इस बार भी देश में एनडीए की तीसरी बार भी सरकार बन गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले है। इसी के साथ ही पिछली बार की भांति इस बार भी दिल्ली लोकसभा की सातों सीटों पर कब्जा भाजपा प्रत्याशियों ने जमाए रखा हैं। इसी कड़ी में चांदनी चौक लोकसभा सीट से प्रवीण खंडेलवाल को जिताने के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सतीश गर्ग भाजपा दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान चाँदनी







चौक जिला के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का अभिनंदन कर आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रवीण खंडेलवाल सहित जिला चांदनी चौक से जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, केशव पुरम जिला से जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, चांदनी चौक जिला महामंत्री राजा खारी, लता सोढ़ी महामंत्री, कुलदीप चौधरी उपाध्यक्ष, बब्बी सभ्भरवाल उपाध्यक्ष, प्रवीन जैन महामंत्री, राजेश भाटिया चांदनी चौक लोकसभा प्रभारी सहित पार्टी के सैंकडों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संबोधन करते हुए नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि सबसे पहले मैं अपने लोकसभा क्षेत्र चांदनी चौक के लोगों व अपने उन सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं जिनकी वजह से मैने यह चुनाव जीता है, जिन्होंने न दिन देखा न रात देखी, न देखी भूख-प्यास और पचास डिग्री की आग लगाने वाली गर्मी में भी मेरे साथ खडे रहें और निरंतर रूप से जनसंपर्क कर लोगों को अवगत करवाते रहे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह जीत मेरे अकेले की नहीं है यह जीत मेरे सभी उन कार्यकर्ताओं की है जो कि मुझे टिकट मिलने से लेकर चुनाव परिणाम तक मेरे साथ खड़े रहे।

# जहांगीरपुरी: आप नेता सुरेश शर्मा ने किया क्षेत्र का दौरा, सुनीं लोगों की समस्याएं









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बादली विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी वार्ड में आप नेता सुरेश शर्मा ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जहां एक ओर जायजा लिया, वहीं क्षेत्र के लोगों से मिलें और उनकी समस्याओं को भी सुना। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा के साथ रमेश शर्मा, अनुज सिंह व एमसीडी कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। आप नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जहांगीर पुरी आई 100 वाली गली से आई 400 वाली गली तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। वेक्टरा मशीन द्वारा राजीव नगर रूहानी सत्संग वालें रोड़ के नालो की सफाई करवाई गई। उन्होंने आगे बताया कि साथ ही वेक्टरा मशीन द्वारा शनि बाजार पशु हॉस्पिटल के नालो की सफाई करवाई गई। जहांगीर पुरी जे ब्लॉक 2000 के पास स्थित पम्प हाउस और नाले की सफाई सुपर सकर मशीन द्वारा करवाई और स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी मंगल बाजार और स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी चुने वाली गली के पास पड़े नाली का कूड़ा उठवाया गया।

# सुरजेवाला की गद्दारी के कारण लोकसभा का चुनाव हारे सुशील गुप्ता: अनुराग ढांडा

**पत्रकार वार्ता**

**जहां कांग्रेस के कद्दावर नेता और विधायक वहीं पर गठबंधन का हारना इत्तेफाक नहीं**



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा है कि कांग्रेस के विधायकों और नेताओं के भीतर घाट के कारण कुरुक्षेत्र के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता को हर का सामना करना पड़ा। कैथल में सुरजेवाला की गद्दारी के कारण सुशील गुप्ता 17 हजार वोटों से हारे। वे शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।कैथल में रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस के इतने बड़े और राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं और कहते हैं कि कैथल में उनका सिक्का चलता है। ये समझ आता है कि पिछले विधानसभा चुनाव में वो मुश्किल परिस्थितियों में 500, 700 वोटों से रह गए थे। लेकिन ये समझ नहीं आता कि बीजेपी के खिलाफ विरोधी लहर होने के बावजूद, कैथल के कैंपेन का प्रतिनिधित्व करने वाले रणदीप सुरजेवाला के क्षेत्र में गठबंधन 17 हजार वोट पीछे कैसे रह गया। सुरजेवाला अपना बूथ भी नहीं बचा पाए। दूसरी तरफ थानेसर में अशोक अरोड़ा पिछ्ले विधानसभा चुनाव में 500 वोट से हारे थे। यदि उनके क्षेत्र में गठबंधन 18 हजार वोट से हार जाए तो ये सब इत्तेफाक नहीं हो सकता।

रादौर में और लाडवा में कांग्रेस के विधायक हैं। गजब इत्तेफाक है कि जहां जहां कांग्रेस के विधायक और कदावर नेता थे उन्हीं विधानसभा में गठबंधन हार जाता है। जहां गुहला चीका, कलायत, पेहवा और शाहबाद में कांग्रेस के नेता नहीं थे। वहां आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने चुनाव लड़ा और जीता। उन्होंने कहा कि जो साजिशें कुरुक्षेत्र सीट पर की गई। हम प्रदेश के कार्यकताओं को बुलाकर समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि इसको समझने के दो तरीके हो सकते हैं।

या तो ये मान लिया जाए कि रणदीप सुरजेवाला और अशोक अरोड़ा का कोई राजनीतिक अस्तित्व नहीं रहा और लोगों ने इनको पूरी तरह से नकार दिया है।

यदि इनके नाम पर वोट पड़ता है तो फिर 17000 वोटों से कैसे हार गए इसका जवाब तलाशना पड़ेगा। हमारे कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के साथ मिलकर सभी सीटों पर जमकर मेहनत की, जिसकी वजह से कांग्रेस 5 सीटों पर जीती। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी इस बात से निराशा है कि ये जो भीतरघात जिस तरीके से हुआ है उसका खामियाजा कहीं न कहीं भुगतना पड़ा है।

# यमुनानगर:ससुरालियों से तंग युवक ने जहर निगल की आत्महत्या

**आत्महत्या**

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

ससुराल पक्ष से तंग आकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। युवक ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो भी बनाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुँची और शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। पुलिस ने मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।



शहर थाना क्षेत्र की रविदास कालोनी निवासी रंजना लांबा ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसके बेटे शिवम की एक माह पहले कृतिका से कोर्ट मैरिज हुई थी।

29 मई को कृतिका अपने मायके वालो से मिलने के लिए गई थी। जिसके बाद वह वापस नहीं आई। जब उनके बेटे शिवम ने उसे लाने का प्रयास किया तो उनके बेटे के खिलाफ सिटी थाने में शिकायत दे दी। जिसके बाद उनके बेटे शिवम को महिला थाना में बुलाया गया।

रंजना का आरोप है कि महिला थाने में शिवम के ससुराल वालों ने उसके बेटे शिवम, बेटी भूमि व उसके साथ गाली-गलौच की थी। इसके साथ ही आरोपितों ने शिवम को धमकाया था कि कृतिका उसके साथ नहीं जाएगी।

रंजना के अनुसार आरोपितों ने दुष्कर्म का झूठा मुकदमा लगवाने की भी धमकी दी थी। इसके साथ ही उसे कहा था कि वह उसके लिए मर चुका है। आरोपी लगातार शिवम पर तलाक देने के लिए दबाव भी बनाते थे। गुरुवार शाम को शिवम घर आया और उसने मरने से पहले वीडियो बनाकर वायरल किया।

## संक्षिप्त खबरें

### यमुनानगर :कुलविंदर कौर को सम्मानित करेगा किसान संगठन

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

किसान की बेटी ने हिमाचल की मंडी लोकसभा से नव निर्वाचित सांसद कंगना रानौत को थप्पड़ मार कर बदला ले लिया है। यह किसानों की बड़ी जीत है। अब किसानों के साथ-साथ जनता भी भाजपा के खिलाफ उठ खड़ी हुई है। यह कहना था जिला यमुनानगर के भाकियू (टिकैत) गुट के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर का जो शुक्रवार को जिला लघु सचिवालय पर इस मौके पर लड्डू बांटकर और डोल की थाप पर नाचकर किसानों के संग खुशी मना रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसान की बेटी कुलविंदर कौर ने इस अहंकारी सांसद का घमंड तोड़ा है। इस बहन की मां दिल्ली धरने पर हम किसानों के साथ बैठी थी। तब नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत ने हमारी मां, बहनों के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि 100 रुपए की दिहाड़ी पर महिलाएं धरना देने आती है।

उन्होंने कहा कि गुरुवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपनी ड्यूटी की परवाह ना करते हुए सीआईएसएफ की जवान बेटी कुलविंदर कौर ने सांसद कंगना रनौत को दिल्ली में शपथ लेने से पहले ही अपने थप्पड़ से शपथ दे दी है और यह जिंदगी भर उसे याद रखेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारी बहन कुलविंदर कौर को नाजायज तंग किया गया तो देश का किसान बर्दास्त नही करेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही बहन कुलविंदर कौर को प्रदेश संगठन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

### फरीदाबाद पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

पुलिस चौकी दयालबाग की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अकबर है जो साउथ दिल्ली का निवासी है और पिछले करीब 20 दिन से फरीदाबाद के लकड़पुर में रह रहा था। पुलिस चौकी की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध नशे सहित लक्कड़पुर एरिया से काबू किया था।

आरोपी के कब्जे से 2.300 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ सूरजकुंड थाने में एनडीपीएस एक्ट के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी लाजपत नगर की झुग्गियों से यह गांजा खरीदकर लाया था जिसकी कीमत लगभग 18000 रुपए है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

### फतेहाबाद: चालक व परिचालक लाइसेंस के लिए अब ई-दिशा केंद्र में मिलेगी मेडिकल सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिले में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले नागरिकों को अब संबंधित उपमंडल के अटल सेवा केंद्र/ई-दिशा सेंटर में ही मेडिकल सुविधा मिलेगी, जिसके लिए उन्हें दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। मेडिकल सुविधा के लिए फतेहाबाद व टोहाना के लिए प्रत्येक सप्ताह के वीरवार व रतिया के लिए शुक्रवार दिन निर्धारित किया गया है।

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल ने शुक्रवार को बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस व कंडक्टर लाइसेंस बनवाने वाले नागरिकों के लिए फतेहाबाद के लघु सचिवालय के द्वितीय फेज में स्थित अटल सेवा केंद्र/ई-दिशा केन्द्र, टोहाना के लघु सचिवालय के ई-दिशा केन्द्र व रतिया के लघु सचिवालय के ई-दिशा केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मेडिकल सुविधा शुरू की गई है। उपायुक्त ने बताया कि अब तक नागरिकों को मेडिकल के लिए सरकारी अस्पताल जाना पड़ता था। प्रथम चरण में यह सुविधा सप्ताह के एक दिन ही रहेगी, जिसके लिए फतेहाबाद व टोहाना में प्रत्येक वीरवार तथा रतिया में शुक्रवार को मेडिकल किए जाएंगे।

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि नागरिकों के लिए यह सुविधा शुरू हो जाने से अब उन्हें सरकारी अस्पताल में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें ई-दिशा केन्द्र पर ही सप्ताह में एक दिन सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। उपायुक्त ने नागरिकों से अनुरोध किया कि जो ड्राइविंग व कंडक्टर लाइसेंस के लिए मेडिकल करवाना चाहते हैं वे ई-दिशा केन्द्र फतेहाबाद व टोहाना में वीरवार को तथा रतिया में शुक्रवार को मेडिकल करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य के लिए रेडक्रॉस कर्मचारियों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

## ऑयल मिल के टैंक में सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

पूंडरी शहर में एक निजी ऑयल मिल में टैंक की सफाई करने के लिए उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। दोनों मजदूरों को बेहोश होने के बाद ऑयल टैंक से बाहर निकल गया लेकिन तब तक दोनों मर चुके थे। घटना शुक्रवार दोपहर की है। घटना के बाद तेल मिल के बाहर लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान 30 वर्षीय माल उर्फ जसवंत निवासी बरसाना और 47 वर्षीय विक्की पूंडरी के के रूप में की गई है।

# फतेहाबाद: एचडीएफसी सिक्योरिटीज का जाली एप बनाकर लाखों की ठगी

**ठगी**

**साइबर ठगों द्वारा जिले के एक व्यक्ति से लाखों रुपये की ठगी करने का एक मामला सामने आया है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज का नकली एप बनाकर साइबर ठगों द्वारा जिले के एक व्यक्ति से लाखों रुपये की ठगी करने का एक मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि ठगों ने ट्रेडिंग के स्कैम में फंसाकर उसके साथ धोखाधड़ी की है। इस बारे में पीड़ित युवक ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई।




इसके बाद शुक्रवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी व गबन के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खाबड़ा कलां निवासी रमेश कुमार ने कहा कि वह अध्यापक है। मार्च महीने में उसने फेसबुक पर एचडीएफसी बैंक के व्हाट्सअप ग्रुप एचडीएफसी सिक्योरिटीज 13-ए के नाम से एक लिंक देखा। उस लिंक के माध्यम से वह ग्रुप में जुड़ गया।

इसमें एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों के नाम व फोटो से कई सदस्य जुड़े थे, जो अन्य सदस्यों को चैट के माध्यम से ट्रेडिंग करवाने के नाम पर रुपयों की इन्वेस्टमेंट करवाते थे। एक महीने तक उसने ग्रुप सदस्यों की एक्टिविटी देखी जिससे उसे विश्वास हो गया कि यह ग्रुप एचडीएफसी अधिकारियों द्वारा ही चलाया जा रहा है।

इस पर उसने इन्वेस्टमेंट के लिए एडमिन नीलम भाटिया को मैसेज करके बातचीत की। नीलम ने उसे फार्म भेजा। उसने फार्म भरकर वापस भेज दिया। इसके बाद नीलम ने उसे एक नए ग्रुप एचडीएफसी वीआईपी 121 में जोड़ दिया। इसके बाद नीलम ने उसे लिंक भेजा। उसने लिंक से एप्प इंस्टाल कर लिया। यह एप्प एचडीएफसी बैंक के ऑरिजनक एप्प जैसी थी। इसके बाद उसने इन्वेस्टमेंट शुरू कर दिया। उक्त लोगों ने उसे आईपीओ में इन्वेस्टमेंट करने का लालच दिया और कहा कि इसमें दोगुना प्रॉफिट है। इस पर उसने लाखों रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद एप में उसके खाते में कुल 17 लाख 11 हजार 358 रुपये प्राफिट दिखने लगे। जब उसने 10 लाख रुपये निकालने चाहे तो नहीं निकले।

इस पर नीलम भाटिया से बात कही तो उसने कहा कि पहले वह प्राफिट का 20 प्रतिशत उसके खाते में डाले, तभी वह पैसे निकाल सकता है। इस पर उसे कुछ शक हुआ। इसके बाद उक्त लोगों ने उसे ग्रुप से निकाल दिया और एप्प पर उसके अकाऊंट को ब्लाक कर दिया।

# फतेहाबाद में सेल्समैन को धमकाकर हजारों की नकदी लूटी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिले के गांव हिम्मतपुरा में बदमाशों द्वारा शराब ठेके में घुसकर सेल्समैन को गोली मारने की धमकी देकर वहां से हजारों की नकदी लूटने का मामला सामने आया है। इस मामले में शहर टोहाना पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी मुंशीराम ने कहा है कि वह गांव हिम्मतपुरा स्थित शराब ठेके पर बतौर सैल्स मैन काम करता है। गत दिवस दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर ठेके पर आए। एक युवक मोटरसाइकिल से उतरा और ठेके का मेन गेट खोलकर अंदर आ गया। उक्त युवक ने उसे गोली मारने की धमकी दी जबकि दूसरे युवक ने बाईक से उतरकर उसे डरा-धमका कर गल्ले में रखी 20-25 हजार रुपये की नकदी जबरदस्ती छीन ली और मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। उसने इस बारे में पुलिस को सूचना दी।




## टोहाना : स्टेडियम में युवक ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव नांगला के स्टेडियम में एक बीए प्रथम वर्ष के छात्र का शव फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने आशंका जताई है कि युवक ने फांसी के फंटे पर लटक कर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव नांगला निवासी 20 वर्षीय अभिषेक टोहाना के कॉलेज में बीए प्रथम कक्षा में पढ़ता था। परिजनों के अनुसार वह कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था।

गुरुवार रात को वह घर से चला गया था। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव के स्टेडियम में फंदे से लटका हुआ मिला।

# महासागर दिवस: संत राजिन्दर सिंह जी महाराज



**दुनियाभर** में हर वर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस (हङ्ग१’ि डीेल्ल उं८) मनाया जाता है। अगर हम महासागर को देखें तो वो बहुत विशाल और गहरा है। युगों-युगों से इन महासागरों से धरती पर पानी आने का सिलसिला चलता आ रहा है, जिसके द्वारा पशु और इंसानों को पीने का ताजा पानी मिलता है और पेड़-पौधे फलते-फूलते हैं।

साईंस हमें सिखाती है कि सूर्य की किरणों की गर्मी से महासागर के जल से भाप बनती है। भाप बादल का रूप धारण कर धरती से काफी ऊपर जाती है। जब बादलों को ठंडी हवा लगती है तो ये पानी की छोटी-छोटी बूंदों में तब्दील हो जाते हैं और फिर ये बूंदे वर्षा या बर्फ के रूप में धरती पर गिरती हैं, जो यहाँ इस धरती पर रहने वाले सभी जीवों का पोषण करती हैं।

अक्सर गर्मियों की छुट्टियों में लोग महासागर के किनारे (ॉ्र) पर जाना पर पसंद करते हैं ताकि वे तनाव रहित व खुशी के माहौल में जी सकें लेकिन जब हम उस माहौल से वापिस अपने घर आते हैं तो हम अपनी ज़िंदगी की उलझनों और तनावों में फिर से घिर जाते हैं। संत-महापुरुष हमें समझाते हैं कि हमारे भीतर भी प्रभु के प्रेम का महासागर है, जिसमें बहता प्रभु के प्रेम का जल हमारी आत्मा को शांत करता है। जब हमारी आत्मा शांत होती है तो हमारा मन और शरीर भी स्वाभाविक रूप से शांत हो जाता हैं जिससे कि हम सदा-सदा रहने वाली परमानंद की अवस्था में पहुँच जाते हैं।

यह प्रभु के प्रेम का महासागर हमारे भीतर विद्यमान है तो हम इसमें क्यों न तैरें? दुर्भाग्यवश हम अपने मन के साथ तैर रहे हैं। मन के साथ तैरना ऐसा है जैसे शार्क मछलियों के साथ तैरना। हमारा मन हमेशा हमें इस दुनिया के बाहरी आकर्षणों में फंसाए रखता है ताकि हमारी सांसों की पूंजी नष्ट हो जाए। मन के साथ तैरने के बजाय हमें प्रभु-प्रेम के महासागर में तैरना चाहिए। जिसका अर्थ यह है कि ध्यान-अभ्यास के द्वारा हम अपने ध्यान को बाहरी दुनिया से हटाकर अंतर्मुख करें और अपने अंतर प्रभु की ज्योति और श्रुति के साथ जुड़ें और जब हम ऐसा करते हैं तो हम अंदर से संतुष्ट हो जाते हैं और हम प्रभु के प्रेम का अनुभव करने लगते हैं जिससे कि हम और शांत, और शांत होना शुरू हो जाते हैं। जैसे बारिश की एक बूंद महासागर में मिलकर उससे एकमेक हो जाती है और उसी का रूप बन जाती है। ठीक ऐसे ही जब हमारी आत्मा अपने अंतर में प्रभु-प्रेम के महासागर में डूबकी लगाती है तो वह प्रभु से एकमेक होकर उनका ही रूप बन जाती है।

तो आईये! यदि हम भी प्रभु-प्रेम के आनंद के इस महासागर में डूबकी लगाना चाहते है तो हमें चाहिये कि वक्त के किसी पूर्ण संत से हम ध्यान-अभ्यास की यह विधि सीखें और उसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

# फरीदाबाद में पटरी से उतरे मालगाड़ी के दो डिब्बे, रेस्क्यू जारी

**हादसा**

**एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

आगरा-मथुरा से दिल्ली जा रही एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से शुक्रवार को सुबह पांच बजे के करीब ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी और इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंची और डिब्बों को पटरी पर लाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस घटना से सवारी ट्रेनों के आवागमन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।



राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एसएचओ राजपाल ने बताया कि सुबह लगभग 5 बजे लूप लाइन से होकर एक मालगाड़ी मथुरा से दिल्ली की ओर जा रही थी। मालगाड़ी ओल्ड फरीदाबाद के अंडरपास के ऊपर पहुंची तभी अचानक से उसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए।

इसकी सूचना मिलने पर आरपीएफ- जीआरपी और रेलवे विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ट्रेन को दोबारा पटरी पर लाने के प्रयास में जुट गए। एसएचओ राजपाल ने बताया कि मालगाड़ी में कोयला भरा हुआ था। कोई सवारी गाड़ी होती तो शायद बड़ा नुकसान हो सकता था।

मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से क्यों उतरे, इसके कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। रेलवे की टीमें डिब्बों को पटरी पर लाने का प्रयास कर रही हैं। इस हादसे की वजह से किसी भी पैसेंजर या एक्सप्रेस गाड़ी पर कोई असर नहीं पड़ा है।

# शारदा हॉस्पिटल और शारदा केयर-द हेल्थसिटी मेंलाइव सिमुलेशन ब्रॉन्कोस्कोपी वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा** - शारदा हॉस्पिटल और शारदा केयर - द हेल्थसिटी ने प्राइमा विस्टा-रिचर्ड वुल्फ अकादमी, जर्मनी के सहयोग से एक बेहतरीन लाइव सिमुलेशन ब्रॉन्कोस्कोपी वर्कशॉप का आयोजन किया। यह वर्कशॉपशारदा हॉस्पिटल के अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य सेवापेशेवरों को अपने एक्यूट केयर ब्रोंकोस्कोपी कौशल को बढ़ाने के लिए प्रभावी मंच प्रदान किया गया।



इस वर्कशॉप में प्रतिभागियों को लाइव सिमुलेशन और ट्रेनिंग सेशन के माध्यम से गंभीर बीमारियों में ब्रॉन्कोस्कोपीप्रक्रियाओं को करने का बहुत अच्छा अनुभव मिला। इससे उन्हें इंटेंसिव केयर यानी गंभीर देखभाल चिकित्सा में कुशल होने के लिए जरूरी जानकारी भी हासिल हुई। इस वर्कशॉप की सफलता दशार्ती है कि शारदा हॉस्पिटल और शारदा केयर - द हेल्थसिटीउच्च मेडिकल शिक्षा और ट्रेनिंग देने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।

इस विशेष वर्कशॉप में मुख्य अतिथि जिनमें प्रो. डॉ. तुशिरा वीरवरना,डायरेक्टर लंग सेंटर, रिचर्ड वुल्फ अकादमी, फॉर्जिहैम, जर्मनी और वोल्कर माउटे, वाईस प्रेसिडेंट, सेल्स एवं मार्केटिंग, रिचर्ड वुल्फ अकादमी, जर्मनी से इस कार्यक्रम में शामिल थे। इनके अलावा श्री सुनील सत्य कपूर,सीईओ शारदा केयर - द हेल्थसिटी और शारदा हॉस्पिटल,डॉ. राम मूर्ति शर्मा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, शारदा हॉस्पिटल और शारदा हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के हेड और सीनियर कंसल्टेंट, इंटरवेंशनल इंटेंसिविस्ट डॉ. मनीष भारती,और शारदा केयर - द हेल्थसिटी और शारदा हॉस्पिटल के ब्रांड कम्युनिकेशन और डिजिटल मार्केटिंग के असिस्टेंट जनरल मैनेजर श्री रोहित भाटिया भी इस अवसर पर मौजूद रहें।

वर्कशॉप के सफल होने पर श्री ऋषभ गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, शारदा हॉस्पिटल और शारदा केयर - द हेल्थसिटी ने कहा"यह वर्कशॉप हमारी बेहतरीन मेडिकल शिक्षा और ट्रेनिंग देने की लगातार कोशिशों में एक बड़ी उपलब्धि है। इंटेंसिविस्ट के लिए एक्यूट केयर ब्रॉन्कोस्कोपी के कौशल विकसित करने में यहां दिया गया वास्तविक अनुभव और बेहतर मेडिकल ट्रेनिंग बहुत जरूरी है। हमें प्राइमा विस्टा-रिचर्ड वुल्फ अकादमी के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है, और हम आगे भी ऐसे ही और अधिक उपयोगी साझेदारियोंकी आशा करते हैं।"

प्रो. डॉ. तुशिरा वीरवरना,डायरेक्टर लंग सेंटर, रिचर्ड वुल्फ अकादमी, फॉर्जिहैम, जर्मनीने भी इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "शारदा हॉस्पिटल में इस वर्कशॉप का हिस्सा बनना सम्मान की बात थी। यहां मेडिकल शिक्षा के प्रति समर्पण और लगन बहुत प्रशंसनीय है। हमने प्रोफेशनल, अनुभव-आधारित प्रशिक्षण पर जोर दिया ताकि इंटेंसिविस्ट को एक्यूट केयर में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए जरूरीकौशल मिल सकें। "यह सहयोग हमारे उस दृष्टिकोण को दिखाता है जिसमें हम पूरी दुनिया में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को और बेहतर बनाना चाहते हैं।"

डॉ. मनीष भारती, शारदा हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के हेड और सीनियर कंसल्टेंट, इंटरवेंशनल इंटेंसिविस्टने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा,"इस वर्कशॉप ने इंटेंसिविस्ट के लिए ब्रॉन्कोस्कोपी कौशल बढ़ाने के लिए शानदार मंच प्रदान किया।ऐसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओंको सीखना इंटेंसिविस्ट डॉक्टरों के लिए जरूरी है, और इस कार्यक्रम से उनकी प्रोफेशनल ट्रेनिंग में बहुत मदद मिली है। हमें प्राइमा विस्टा-रिचर्ड वुल्फ अकादमी के सहयोग से इस वर्कशॉप का सफल आयोजन करने पर खुशी है।"

शारदा हॉस्पिटल के बारे में

२००६ में स्थापित, शारदा हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा, एनसीआर में स्थित एक अत्याधुनिक मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है। ९ एकड़ में फैले शारदा हॉस्पिटल में १२०० से अधिक बेड और वैश्विक मानकों के अनुरूप व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सभी आधुनिक उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध है।

एनएबीएच से मान्यता प्राप्त शारदा हॉस्पिटल व्यापक तौर परसुपर-स्पेशियलिटी, सामान्य विशेषता, उन्नत नैदानिक और रेडियोलॉजी सेवाओं से लेकर इमरजेंसी देखभाल, चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है।

शारदा हॉस्पिटल के डॉक्टर, फैकल्टी अत्यधिक योग्य और अनुभवी हैं, जो विविध पृष्ठभूमि के रोगियों को सर्वोत्तम संभव नैदानिक परिणाम प्रदान करने में सक्षम हैं। साथ ही मेडिकल कॉलेज नवीनतम चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को बनाए रखने के लिए चिकित्सा छात्रों को अनुसंधान और प्रशिक्षण देने पर ध्यान केंद्रित करता है।

